ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 08 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 125 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रसिका दुगल ने शुरू की नई वेब सीरीज ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड की प्रीति लकड़ा ने ट्रिपल जंप में जीता कांस्य पदक



**रांची।** मध्य प्रदेश के भोपाल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में चल रहे 66वां नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स के ट्रिपल जंप स्पर्धा में झारखंड की प्रीति लकड़ा ने कांस्य पदक जीता है। प्रीति ने 11.59 मीटर जंप लगाकर यह सफलता हासिल की। प्रीति ने आवासीय बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग से प्रशिक्षण लेती हैं, जिसका संचालन खेल विभाग द्वारा किया जाता है। उसने जूनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप 2023 में रजत पदक जीता था। प्रीति और उनके कोच प्रभात रंजन तिवारी को खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा और खेल विभाग के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### पूर्व विधायक पुतकर हेम्ब्रम का निधन



**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा के पूर्व विधायक पुतकर हेम्ब्रम का निधन मंगलवार रात जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में इलाज के दौरान हो गया। सात जून को उनका पार्थिव शरीर चाईबासा लाया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले रात्रि में बाथरूम में पैर फिसल जाने के कारण उनके सिर में अंदरूनी चोट आई थी। इसके बाद उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया था। हेम्ब्रम राजनीति में आने से पहले टाटा कॉलेज के हो भाषा के प्रोफेसर और आकाशवाणी चाईबासा के प्रारंभिक उद्घोषक भी रह चुके हैं।

### गुमला में हाथियों ने 3 को कुचला, दो की मौत

**गुमला।** झारखंड में हाथियों का आतंक थम नहीं रहा। बुधवार को गुमला जिले में हाथियों ने एक साथ तीन लोगों को कुचल डाला। इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव की है। बताया गया कि गांव के कुछ लोग अहले सुबह पांच बजे बगीचे में आम चुनने गए थे। इसी दौरान हाथियों का एक झुंड वहां पहुंच गया। भागते लोगों में तीन हाथियों की चपेट में आ गए। मारे गए लोगों में मोतरो सिंह और जूही देवी शामिल हैं। एक अन्य व्यक्ति बोधना स्वांसी बुरी तरह जख्मी है, जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### यात्री बस पलटी, 22 लोग गंभीर

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में घोड़दाग मोड़ के पास आज तड़के एक यात्री बस पलट गई। हादसे में 22 लोगों को गंभीर चोट आई है। सबसे पहले आसपास के गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश की। इस बस में करीब 50 लोग थे। इसके बाद पहुंची गढ़वा पुलिस ने हादसे में घायल यात्रियों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।

### बोकारो में राजधानी एक्सप्रेस के आगे आया ट्रैक्टर, टला हादसा

**रांची।** झारखंड के बोकारो में नई दिल्ली- भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस रेलवे क्रॉसिंग पर आ गए एक ट्रैक्टर से टकरा गई। गनीमत यह रही कि ट्रेन के चालक ने समय रहते ट्रैक्टर को देख लिया और ब्रेक लगाकर गति धीमी कर दी, अन्यथा यह बड़ा हादसा हो सकता था। इस मामले में रेलवे क्रॉसिंग के गेटमैन की लापरवाही सामने आई है।

## गुमला में भीड़ पर चढ़ गई बेकाबू कार
# चार लोगों की मौत, 6 जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला में तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर भीड़ को रौंद दिया। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घायलों में से कई लोगों की हालत काफी नाजुक है और मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। हादसा गुमला जिले के कामडारा प्रखंड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के शाखा के पास हुआ जहां तेज रफ्तार इनोवा ने बैंक के बाहर खड़े लोगों को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर किया गया है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के बाहर गुमटी में लोगों की भीड़ खड़ी थी तभी वहां से तेज रफ्तार इनोवा कार गुजरी। अचानक एक बाइक को टक्कर से बचाने के चक्कर में कार ने गुमटी के बाहर खड़े लोगों को रौंद दिया कार लोगों को रौंदती हुई आगे जाकर पलट गई। गुमटी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इनोवा कार का बोनट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस ने लोगों को अस्पताल पहुंचाया। मामूली रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई वहीं गंभीर रूप से जख्मी लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना में जान गंवाने वालों में 30 वर्षीय बेरतिला बरला, 55 वर्षीय कृपा सुरीन, ज्योति देवी और बसंत नाग शामिल हैं। वहीं गंभीर रूप से जख्मी होने वालों में जीरामनी केरकेट्टा, एलानी सुरीन, अजय टोपनो, जोडन नाग और लुमिया टोपनो शामिल हैं। इन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि रफ्तार ने गुमटी में भी जोरदार टक्कर मारी जिसमें गुमटी चलाने वाली ज्योति देवी की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि ज्योति परिवार में इकलौती कमाने वाली सदस्य थीं। उसकी मौत से परिवार के सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया है। ज्योति के परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है।



# सुरक्षाबलों ने किया 20 किलो के पाइप बम समेत 5 आईईडी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा बिछाये गये 20 किलो के पाइप बम समेत पांच आईईडी बरामद किया है। बुधवार को सुरक्षाबलों ने जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंजदबेड़ा-पटातारोब के आसपास पहाड़ी क्षेत्र से इन्हें बरामद किया है। इनमें चार आईईडी और एक 20 किलो का पाइप बम शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि बीते 27 जून से टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका व अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए चार आईईडी और एक पाइप बम बरामद किया गया। बरामद बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।



## झारखंड विधानसभा की नवगठित समितियों के सभापतियों के साथ बैठक
# समितियों की अनदेखी करते हैं अधिकारी : रविंद्रनाथ महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने बुधवार को विधानसभा की नवगठित समितियों के सभापतियों के साथ बैठक की। इसमें चर्चा हुई कि सरकारी अधिकारी समितियों को इग्नोर करते हैं। बैठकों में नहीं आते हैं या फिर ऐसे अधिकारी को भेज देते हैं। जो उस विषय के जानकार नहीं होते। ये सब समिति के काम में बाधा उत्पन्न करते हैं। समितियों के गठन के बाद यह पहली बैठक थी। स्पीकर ने 23 मई को विधानसभा की 24 कमेटियों का गठन किया था।

बैठक के बाद स्पीकर ने कहा कि समितियां विधानसभा में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं और यह एक मिनी कैबिनेट की तरह है। इस विधानसभा में कई वरिष्ठ विधायक हैं, जो एकीकृत बिहार में भी समितियों के सभापति और सदस्य रह चुके हैं। बैठक में सभी सभापतियों ने समितियों के सफल संचालन की बात कही। इस बात पर भी चर्चा हुई कि विभागीय बैठक में सचिव स्तर के पदाधिकारी को आना चाहिए। अगर व्यस्तता के कारण वे नहीं आ पाते तो कम से कम संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी आएं और विषय वस्तु का अध्ययन कर के आएं।

बैठक में प्राक्कलन समिति के सभापति निरल पूर्ति, सामान्य प्रयोजन समिति के भूषण तिर्की, सरकारी उपक्रम समिति के सरयू राय, सरकारी आश्वासन समिति के दीपक बिरूवा, प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के डॉ सरफराज अहमद, प्रत्यायुक्त समिति के विनोद कुमार सिंह, पंचायती राज समिति के रामदास सोरेन, केंद्रीय सहायता समिति के इरफान अंसारी, निवेदन समिति के उमाशंकर अकेला, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण समिति के लोबिन हेंब्रम, सदाचार समिति के रामचंद्र सिंह, पुस्तकालय विकास समिति की अपर्णा सेनगुप्ता, महिला एवं बाल विकास की सीता मूर्मू, विधायक निधि अनुश्रवण समिति के सीपी सिंह, गैर सरकारी संकल्प समिति के केदार हाजरा, अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के रामचंद्र चंद्रवंशी और आवास समिति के ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन उपस्थित थे।



# नक्सलियों के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पलामू में नक्सलियों के ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी कर रही है। एनआईए की 12 सदस्यीय टीम नक्सली अभिजीत यादव और प्रसाद यादव के घर में दस्तावेजों को खंगाल रही है। बिहार के औरंगाबाद में हुए नक्सल हमले को लेकर यह एनआईए ने इन दोनों नक्सलियों के घरों पर छापेमारी ही है। टॉप माओवादी नक्सली अभिजीत यादव का घर पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के बंधुडीह गांव में है। प्रसाद यादव का घर छतरपुर थाना क्षेत्र के बगैया गांव में है। दोनों के घर छापेमारी के लिए सुबह ही एनआईए की टीम ने पहुंच गई थी। बिहार के औरंगाबाद के मदनपुर इलाके में 2015-16 में बड़ा नक्सली हमला हुआ था। इस हमले में कई जवानों का बलिदान हुआ था। बिहार एनआईए की टीम इसी मामले की जांच कर रही है। अभिजीत यादव पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम नाम रखा गया है जबकि प्रसाद यादव पर पांच लाख रुपये का इनाम है। चार महीने पहले बिहार के गया से एसटीएफ ने अभिजीत यादव को गिरफ्तार किया था। पांच महीने पहले पलामू पुलिस ने प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। अभिजीत यादव के खिलाफ यूएपीए की धाराओं में ईडी ने भी पहले कार्रवाई की है और उसके करोड़ों की संपत्ति को जब्त किया है।

# मछली कारोबारी से 55 हजार की लूट, दो स्कूटी पर सवार थे अपराधी

**नवीन मेल संवादाता। रांची**

राजधानी रांची में अपराधियों ने फिर से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। इस बार अपराधियों ने डोरंडा थाना क्षेत्र के डीपीएस स्कूल के पास मछली कारोबारी से 55 हजार लूट कर फरार हो गए। पांच की संख्या में आए अपराधियों ने मछली कारोबारी से बुधवार की दोपहर उस समय लूट की घटना को अंजाम दिया, जब कारोबारी मछली खरीदने के लिए पुराना विधानसभा के पास जा रहे थे। मछली कारोबारी संजय साहनी बरियातू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनका दुकान नगड़ी इलाके में है। बताया जा रहा है कि संजय डीपीएस स्कूल के समीप लघुशंका के लिए रूका था। इसी दौरान दो स्कूटी में सवार पांच अपराधी उसके पास पहुंचे। हथियार दिखाकर कहा कि जितना पैसा है दे दो, नहीं तो जान मार देंगे। अपराधियों की धमकी के बाद संजय सहम गया और मछली खरीदने के पैसे अपराधियों के हवाले कर दिया। पैसा लेने के बाद पांच अपराधी स्कूटी से फरार हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**घटना** की जानकारी मिलने के बाद पहुंची डोरंडा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना का फुटेज निकाल रही है। मामले में पुलिस को स्कूटी सवार अपराधियों का फुटेज मिला है। हालांकि अब तक पुलिस अपराधियों की पहचान नहीं कर सकी है।

# एएसआई घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद महिला थाना के एएसआई सत्येंद्र पासवान को एसीबी की टीम ने 7 जून बुधवार को 4 हजार रुपए धूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। एएसआई सत्येंद्र पासवान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बिराजपुर मधुगोड़ा निवासी सुधीर साव से केस मैनेज करने के एवज में सदर अस्पताल परिसर में पैसे ले रहा था, तभी पहले से जाल बिछाए एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसीबी, धनबाद के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि बिराजपुर मधुगोडा निवासी सुधीर साव ने एएसआई सत्येंद्र पासवान द्वारा घूस मांगे जाने की शिकायत एसीबी में दर्ज कराई थी। डीएसपी ने बताया कि एसीबी की जांच में शिकायत सही पाई गई। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया और एएसआई को घूस की रकम लेते पकड़ लिया।

# पीड़ित मॉडल पहुंची रांची, मेडिकल जांच





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने मुंबई की मॉडल पीड़िता से दुष्कर्म और उसे प्रताड़ित के मामले की जांच तेज कर दी है। पीड़िता ने यश मॉडल के संचालक तनवीर अख्तर खान पर दुष्कर्म करने का आरोप लगायी है। मामले में बुधवार को मॉडल पीड़िता मुंबई से रांची पुलिस के पास पहुंची। महिला पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में मॉडल पीड़िता का सदर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने उसका मेडिकल जांच किया। बताया जा रहा है कि पुलिस गुरुवार को कोर्ट में पीड़िता का बयान दर्ज कराएगी। पुलिस के अनुसार इस मामले में मॉडल के द्वारा पहले से उपलब्ध साक्ष्य के अतिरिक्त कई अन्य सबूत पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। बता दें रांची के गोंदा थाने में मामला दर्ज करने के बाद यहां से स्पेशल टीम मुंबई गयी थी। जहां मॉडल पीड़िता का पुलिस ने बयान लिया। जिसके बाद पुलिस ने मॉडल को रांची आने को कहा था। मॉडल ने तीन से चार दिनों में रांची आने की बात कही थी। इधर, आरोपी यश उर्फ तनवीर अभी भी फरार है।

### सीआईडी ने महाराष्ट्र से बरामद लड़की को उसके परिजनों को सौंपने का दिया निर्देश, परिजन रवाना

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने महाराष्ट्र से बरामद लड़की को उसके परिजनों को सौंपने का निर्देश दिया है। बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने सीआईडी से अनुरोध किया था कि दोनों लड़कियों को उसके परिजनों को सौंपा जाए। इसे लेकर सीआईडी के एसपी ने धनबाद और सरायकेला एसपी को पत्र लिखा है। दोनों जिलों के एसपी को लिखे पत्र में सीआईडी की ओर से कहा गया है कि धनबाद के कतरास की और सरायकेला के खरसावां की रहने वाली लड़की को महाराष्ट्र से बरामद कर गवर्नमेंट स्टेट वूमेन होम महाराष्ट्र में रखा गया है। दोनों लड़कियों के माता-पिता का पता कर उनको सूचित करते हुए, दोनों बच्चियों को उन्हें सुपुर्द किया जाए। इस संबंध में बुधवार को बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने बताया कि दोनों लड़कियों के परिजन से उनका संपर्क हो चुका है। परिजन उन्हें लाने के लिए रवाना भी हो चुके हैं।

## महज 9 वर्ष की उम्र में 19 रिकॉर्डस हासिल कर बनाया अनूठा कीर्तिमान
# विराट-विराज ने पूरी दुनिया में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उम्र महज 9 साल पर 19 रिकॉर्डस अपने नाम कर पूरे देश और विदेश में अपना परचम लहराया है रांची के जुड़वा भाई विराट और विराज माकन ने जिन्हें कैलकुलेटर बॉयज ऑफ झारखंड और अब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली द्वारा मैथमेटिक्स जीनियसेस ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है। कुछ दिनों पहले विराट और विराज माकन, देश की शिक्षा की नींव एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा कैंपस बुलाकर जटिल साक्षात्कार एवं जीवंत सत्र में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने के बाद मैथमेटिक्स जीनीयसेस ऑफ इंडिया की ख्याति प्राप्त की है।

धनबाद में जन्मे विराट और विराज माकन किसी परिचय के मोहताज नहीं है क्योंकि पूरे देश में सबसे अनोखी और सबसे कठिन पद्धति से सैकड़ों तक का सीधा ही नहीं बल्कि उल्टा पहाड़ा भी चंद मिनटों में सुना कर मात्र 7 वर्षों में ही राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और विश्व रिकॉर्ड बना डाला था। 2020 लॉकडाउन में अपने पिता एवं गणित शिक्षक गगन माकन के अदभुत तकनीकों से अलजेब्रा, वेब कैलकुलेशन, हैंड कैलकुलेटर और माइंड कैलकुलेशन सीखते हुए और गणित के एक-एक पायदान चढ़ते हुए ना ही सिर्फ पहाड़ों का पहाड़ चढ़ गए , पर अब एक ऐसा अनूठा कीर्तिमान बना डाला कि लगभग 55 मिनट में 1 से 500 तक का पहाड़ा आंख बंद करके सुना डाला। जी हां, आपने सही पढ़ा 1 से 10,20, 30 या 50 नहीं परंतु 500 तक के पहाड़ों का पहाड़ अपने वश में कर लिया है।

इस गर्मी छुट्टी में बच्चों ने दिनभर मस्ती करते हुए ना ही सिर्फ गणित के पहाड़ों को धराशाई कर दिया बल्कि 500 तक का फास्टेस्ट स्क्वायर, 500 तक का फास्टेस्ट क्यूब, फास्टेस्ट टू डिजिट नंबर मल्टीप्लिकेशन एवं फास्टेस्ट और यंगेस्ट अलजेब्रिक आईडेंटिटी एक्सप्रेशन एक्सपर्ट अन्य 2,4,5 या 10 नहीं बल्कि 19 रिकॉर्डस अपने नाम किये हैं। वह भी दो-तीन संस्थाओं के साथ नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक अलग-अलग रिकॉर्ड संस्थाओं के साथ जिसमें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है, भी शामिल है।

एक्नॉलेजमेंट, वेरिफिकेशन और सर्टिफिकेशन के माध्यम से यह दर्जनों रिकॉर्ड का असंभव सा सफर इस छोटी सी उम्र में कर दिखाया है। भारत का सबसे प्रसिद्ध और विश्वसनीय शेष पृष्ठ 11 पर

### मैथमेटिक्स जीनियस ऑफ इंडिया की उपाधि से नवाजे गये

**दोनों** भाई इस कठिन जीवंत साक्षात्कार में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए और उन्हें मैथमेटिक्स जीनियस ऑफ इंडिया की उपाधि से नवाजा गया। 19 वर्ल्ड रिकॉर्डों को अपने नाम कर ना ही सिर्फ जन्मस्थान धनबाद, कर्मस्थान रांची या झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया। आगे यह बच्चे ऐसे ही गणित विषय में मजबूत पकड़ बनाते हुए अपने पिता से ना सिर्फ मैथ्स फाउंडेशन, बेसिक, स्टैंडर्ड और कंप्रिहेंसिव मैथ का सफर तय करते हुए नंबर सिस्टम पर रिसर्च करने की इच्छा रखते हैं परंतु देश के सर्वोच्च स्थान प्राप्त आईआईटी के ही स्तर एवं मान्यता प्राप्त भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) में जा रिसर्च की पढ़ाई पढ़ने का सपना जल्द ही पूरा करेंगे। बता दें गत वर्ष ही आईएसआई हेड क्वार्टर कोलकाता ने दोनों भाइयों को 3 दिन के प्रोग्राम में स्पेशल गेस्ट और ऑफिशियल स्पीकर के रुप में बुलाकर सम्मानित किया जहां इन दोनों जुड़वा भाइयों ने 500 से अधिक बच्चों से गणित के विषय में विस्तृत चर्चा की।

## मेदांता अस्पताल में है ब्रेन ट्यूमर का बेहतर इलाज उपलब्ध

# समय पर इलाज होने से ही बच सकती है जानें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ब्रेन ट्यूमर में मस्तिष्क की कोशिकाओं और ऊतकों में धीरे-धीरे गांठ बनने लगती है। जिसे ट्यूमर कहा जाता है। जब यह मस्तिष्क के भीतर बनता है, तो उसे ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है। यदि समय पर इसका इलाज न हो तो यह जानलेवा हो सकता है। ये बातें वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे की पूर्व संध्या पर मेदांता अस्पताल रांची के न्यूरोसर्जन डॉ. आनंद कुमार झा ने कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में ब्रेन ट्यूमर का कारगर और बेहतर इलाज उपलब्ध है लेकिन इसके लिए समय पर इलाज शुरू करना जरूरी है। मेदांता रांची के डॉ आनंद कुमार झा ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के लक्षण अगर दिखें तो



डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच तुरंत करवानी चाहिए। इसके लक्षणों में सिर में लगातार दर्द रहना, बार-बार मिर्गी के झटके आना, हाथ-पैर में कमजोरी महसूस करना, तनाव में आना, याददाशत कमजोर होना, चिड़चिड़ापन होना, कम सुनाई देना, बोलने में दिक्कत होना, आंखों की रोशनी जाना, बार-बार बेहोश हो

### इसके लक्षणों में सिर में लगातार दर्द रहना, बार-बार मिर्गी के झटके आना, हाथ-पैर में कमजोरी महसूस करना आदि शामि हैं

जाना आदि शामिल हैं। वे बताते हैं कि ब्रेन के जिस हिस्से में ट्यूमर होता है उससे जुड़े शरीर के अंगों पर इसके लक्षण नजर आते हैं। इसके लक्षणों को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के दो प्रकार होते हैं। इसमें पहला ब्रेन के ही टिश्यू से बनता है वहीं दूसरा कहीं और ट्यूमर होने के बाद ब्रेन में फैल जाता है। शरीर में कहीं और भी कैंसर हो तो वह ब्रेन ट्यूमर का कारण बन सकता है। इस बीमारी का उपचार परीक्षण और लक्षणों की जांच के बाद पता चलता है। ब्रेन ट्यूमर का पता सिटी स्कैन, एमआरआई आदि जांच से लगाया जा सकता है। इन दिनों ब्रेन ट्यूमर का प्रारंभिक अवस्था में पता चलने पर संपूर्ण इलाज संभव हो गया है। हॉस्पिटल डॉयरेक्टर विश्वजीत कुमार कहते हैं कि मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रांची में ब्रेन ट्यूमर की जांच से लेकर इलाज तक की बेहतर व्यवस्था है। यहां सिटी स्कैन से लेकर एमआरआई जांच तक एक ही छत के नीचे मौजूद है। यहां इसका इलाज अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीक से किया जाता है।

## दो जिलों के डीसी समेत कई सीनियर अफसर ईडी की रडार पर : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कम से कम दो जिलों के डीसी व कुछ सीनियर अफसरों के केंद्रीय एजेंसी की रडार पर होने का दावा किया है। बाबूलाल मरांडी ने कुछ जिलों के डीसी स्तर के अधिकारियों को लेकर कहा है कि वह अपने को जिले का राजा समझ रहे है। भाजपा कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार करना, जनहित से जुड़े किसी प्रार्थना पत्र को लटकाए रखनाए दलालों के माध्यम से आ रहे कामों को तत्परता से करनाए स्वयं झामुमो पार्टी के पदाधिकारी की तरह काम करनाए भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों यहां तक की विधायकों.सांसदों को अपमानित करनाए सरकार के काले कारनामे उजागर करने वालों पर झूठा केस-मुकदमा कर परेशान करनाए यही उनका काम है। बाबूलाल ने कहा है कि कम से कम दो और ज़िलों के डीसी की कारस्तानी और उसका परिणाम जल्दी सबके सामने आएगा। कुछ ऐसे सीनियर अफसर भी केन्द्रीय जॉच एजेंसियों के रडार पर हैंए जिन्होंने झारखंड को लूटने में कोई कसर उठा नहीं रखा है। अधिकारियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि हेमंत सोरेन सदा सर्वदा के लिए सत्ता में नहीं हैं। समय बदलता है और सबके किये का हिसाब बराबर कर लेता है। देखते जाईये ,अगला कौन।

## इलेक्ट्रिक दुकान में चोरी करते दो आरोपी पकड़ाए

**रांची।** पंडरा ओपी की पुलिस ने इलेक्ट्रीक दुकान में चोरी करते हुए दो लोगों को पकड़ कर बुधवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपियों में गौरव कुमार उर्फ कल्लू और सुजीत कुमार उर्फ टींडा शामिल है। दोनों आरोपी पंडरा रवि स्टील के समीप का रहने वाला है। बताया जा रहा है इंद्रभूषण नामक व्यक्ति की रवि स्टील चौक के समीप इलेक्ट्रीक का प्रतिष्ठान है। बुधवार भोर तीन बजे चोर घूसने की सूचना स्थानीय लोगों को मिली। स्थानीय लोगों की सूचना पर पंडरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को प्रतिष्ठान से ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।


**कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना स. 04/23-24

विभाग का नाम – नगर पंचायत ,बुंडू
विज्ञापनदाता का पदनाम – कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत ,बुंडू, (रांची)
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – नगर पंचायत कार्यालय, बुंडू
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि – दिनांक 13.06.2023 को (कार्यालय अवधि में)
निविदा प्राप्ति / खोलने का स्थान – कार्यालय नगर पंचायत, बुंडू
निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.06.2023 को 2:00 अपराह्न तक
निविदा खोलने की तिथि – दिनांक 15.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न

कार्य का विवरण

| क्रम | योजना का नाम | वार्ड | प्राक्कलित राशि (रु०) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेश की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Colouring Work of Office Buidling (Enternal surface and Ground Floor internal surface) at Nagar Panchayat Bundu | 01 | 9,55,400.00 | 19500.00 | 5000.00 | 30 दिन |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट/विभागीय Website www.udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 299380 Urban Development(23-24)D


### पीसीसी पथ तोड़कर पाइप बिछाने के बाद ढका जा रहा मिट्टी से, ग्रामीणों में रोष

सिल्ली। मुरी गोला पथ सिंहपुर चौक से मुरी रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली पीसीसी पथ को तोड़कर संवेदक द्वारा पानी की पाइप बिछाया जा रहा है। वहीं पाइप बिछाने के बाद उसे मिट्टी से ही भर दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वहीं लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुकेश रोबी व अन्य ग्रामीणों ने तोड़े गये पीसीसी पथ पर ढलाई करने की मांग की है। ज्ञात हो कि सिल्ली मुरी एवम आसपास के इलाकों में नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने एवम स्वर्णरेखा नदी के किनारे पंप हाउस निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। मुरी शहरी पेयजलपुर्ति योजना का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण पर है। सिर्फ मुरी शहरी जलापूर्ति योजना पर करीब 21 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है।

## राज्यपाल ने आम महोत्सव का किया उद्घाटन

# किसानों के लिए बेहतर आय का स्रोत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कृषि प्रणाली का पहाड़ी और पठारी अनुसंधान केन्द्र, प्लांडु में आम महोत्सव-सह-किसान मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल ने आम की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रगतिशील किसानों और नर्सरी के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि एक ही स्थान पर इतने प्रजाति के इतने आम कम ही देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि यह आम महोत्सव केवल आम के विभिन्न प्रजातियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे किसानों के अथक प्रयासों और परिश्रम का भी प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सुखी और अन्नदाता किसानों की समृद्धि से ही समृद्ध राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर को राज्य में आम की विभिन्न किस्मों को विकसित करने के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान




स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के विकास के लिए कई पहल किए गए हैं। प्रधानमंत्री की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को उनके खाते में सीधे राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों के जरिये किसानों के हित में निरंतर कई अनुसंधान किये जा रहे हैं, किसानों को उन अनुसंधानों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा उनका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने आशा प्रकट करते हुए कहा कि यह आम उत्सव सह-किसान मेला आम की नई किस्मों, अत्याधुनिक तकनीकों और नवीन उत्पादों को लोकप्रिय बनाने में सहायक होगा।

### मोबाइल चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोपी संजीव अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को नरकोपी थाना क्षेत्र से पकड़ी है। आरोपी ने 26 अप्रैल 2022 को चुटिया इलाके से एक युवक के घर से मोबाइल की चोरी कर फरार हो गया था। मामले में चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को दबोच लिया।

### सिरमटोली में मोबाइल छिनतई का आरोपी तीन माह बाद पकड़ाया

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने मोबाइल छिनतई के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मो सहाबुद्दीन कुरैशी है और वह आजाद बस्ती गुमला का रहने वाला है। आरोपी के पास से पुलिस ने छिनतई का मोबाइल भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने मार्च 2024 को एक युवती से सिरमटोली चौक के पास से मोबाइल की छिनतई कर फरार हो गया था।


**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY (Ranchi Region)**

5th Floor JIADA Central Office, Namkum Industrial Area
Lowadih Ranchi-834010
Phone : 0651-2460408, Telfax:2460125,
Website-www.jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com

Letter No.- 660 Dated- 06.06.2023

**Notice**

The process for allotment of vacant plots at Patratu Industrial Area Phase-II Katiya, Hesla bearing plots no.-26, 27, 28, 29, 30, 31 and S.C. Shed No.- 1 at Kokar Industrial Area as published through advertisement PR No.-294924 dated-11.04.2023 is hereby cancelled due to unavoidable reasons. The processing fees submitted by the applicant in this regard would be refunded.

Sd/-
Regional Director, JIADA, Ranchi Region

PR.NO.299398
RIADA(23-24):D


## बेड़ो डीएसपी मुख्यालय में अपराध पर गोष्ठी आयोजित

# चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो डीएसपी मुख्यालय में डीएसपी रजत मणि बाखला ने अपने अधीनस्थ चार थाना क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। उन्होंने अपराध गोष्ठी के दौरान लापुंग, बेड़ो, इटकी और नरकोपी थाना क्षेत्र में लंबित कांडों की समीक्षा किया और लंबित कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीएसपी ने बैठक में मौजूद थानेदारों को हाल में घटित घटनाओं का त्वरित गति से जांच करते हुए मामले का उद्भेदन करने तथा घटनाओं में संलिप्त अपराध कर्मियों या उग्रवादियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। डीएसपी रजत मणि बाखला ने कहा कि सभी थाना प्रभारी खुद या थाना में मौजूद अन्य



पदाधिकारियों के माध्यम से क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाएं और सघन गश्ती अभियान शुरू करें। उन्होंने कहा कि उग्रवादी और अपराधियों को पकड़ने में किसी तरह की कोताही बरतने की जरूरत नहीं है। उन्होंने थानों में चलने वाली सभी गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर बेड़ो के सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने भी पुलिसकर्मियों को आवश्यक सुझाव दिए । उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी और पुलिसकर्मी एक टीम की तरह समन्वय बनाकर काम करें। अपराध गोष्ठी के दौरान बेड़ो के सब इंस्पेक्टर रामचंद्र यादव, लापुंग के थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम, नरकोपी के थाना प्रभारी अभिजीत कुमार, इटकी के थाना प्रभारी अमित प्रशांत सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### हाई कोर्ट के नये भवन में 445 चेंबर अधिवक्ताओं को आवंटित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के तिरिल, धुर्वा स्थित नये भवन में 445 चेंबर वरीय अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ताओं को आवंटित किया गया है। इस संबंध में हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर की ओर से आदेश जारी किया गया है। झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन में अधिवक्ताओं को चेंबर आवंटित करने को लेकर चीफ जस्टिस द्वारा एक कमेटी बनायी गयी थी। कमेटी में हाई कोर्ट के तीन जजों के अलावा एडवोकेट एसोसिएशन के दो पदाधिकारी शामिल थे। अधिवक्ताओं को चेंबर देने को लेकर एक नियमावली भी बनायी गयी है। इसके आधार पर वरीय अधिवक्ता एवं अधिवक्ताओं को नये हाई कोर्ट भवन में चेंबर आवंटित किया गया है। चेंबर आवंटन को लेकर अधिवक्ताओं को 10 साल तक हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करना जरूरी रखा गया है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**मोटरगाडी का रद्द टायर तथा पुराने स्पेयर पार्टस की निमामी की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस केन्द्र हजारीबाग स्थित परिवहन शाखा के विभिन्न वाहनों के रद्दीकृत/असेवायुक्त टायर एंव पुरानें मोटर पार्टस की निलामी 16.06.2023 को 11:00 पूर्वाहन बजें पूर्वा पुलिस केन्द्र हजारीबाग में निर्धारित की गई है।

निलामी की आवश्यक शर्तें:–

01 निलामी के पूर्व 10,000–00 (दस हजार) रूपया प्रतिभुति राशि (अर्नेस्ट मनी) के रूप मे जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निलामी में भाग लेना संभव नही होगा। डाक में सफल होने पर यह राशि टायर/पार्टस के मूल्य में समायोजित कर ली जाएगी। असफल उम्मीदवारों की प्रतिभूति राशि उसी दिन निलामी के पश्चात वापय कर दिया जाएगा।
02 अर्नेस्ट मनी कैश/चेक या बैंक ड्राफट के माध्यम से जमा कर सकते है। चेक या ड्राफट पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के नाम से देय होगा।
03 अर्नेस्ट मनी कैश/चेक या बैंक ड्राफट लेखा शाखा पुलिस अधीक्षक,हजारीबाग में दिनांक 14.06.2023 के अपराहन 05:00 बजे तक जमा कराना सुनिश्चित करेगें।
04 निलामी कि तिथि में किसी प्रकार का परिवर्तन करने का अधीकार समिति के अध्यक्ष को होगा।
05 उच्चम् डाककर्ता द्वारा एक सप्ताह के अंदर निलामी राशि पूर्ण रूप से यदि जमा नही कि जाती है तो प्रतिभूति राशि के रूप में जमा की गई राशि जप्त कर लि जाएगी।
06 निलामी का आधार **जो जहॉ है जैसे है** होगा। भौतिक रूप से उपलब्ध टायर एंव पार्टस जिस स्थिती में देय होगा। इसके विरूध किसी प्रकार का दावा नही किया जा सकेगा।
07 सभी प्रकार के टायर एंव पार्टस पुलिस केन्द्र हजारीबाग परिसर में भौतिक रूप से उपलब्ध है।
08 असेवायुक्त टायर ट्यूब एंव मोटरपार्टस की निलामी एक मुस्त किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 299465 Police(23-24)#D


**प्रोत्साहन** पढ़ाई के साथ-साथ रिसर्च में छात्र बेहतर काम करें

# 'शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की भूमिका अहम'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिक्षण संस्थानों में सभी शिक्षकों का नैतिक मूल्य का स्तर ऊंची होनी चाहिए। तभी छात्रों में नैतिक मूल्य का विकास होगा और छात्रों में रचनात्मकता की कला विकसित होगी। छात्रों एवं पाठ्यक्रमों की अधिक संख्या की अपेक्षा छात्रों में हैप्पीनेस का होना जरुरी है। बेहतर शिक्षण कार्य में दिल, दिमाग और ईमानदारी के साथ-साथ शिक्षा में गुणवत्ता होनी चाहिए। उक्त बातें राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर प्रो डॉ ई बालागुरुसामी ने बुधवार को बीएयू के वरीय पदाधिकारियों को सबोधित करते हुए कही। वे राज्यपाल के ओएसडी (जुडीशियल) मुकलेश चन्द्र नारायण के साथ बीएयू के दौरे पर पहुचें थे। डॉ बालागुरुसामी ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास में कृषि का क्षेत्र बैकबोन है। जबकि किसानों एवं राज्य के विकास में राज्य कृषि विश्वविद्यालय भी बैकबोन की तरह है। कृषि शोध में विकास की वजह



से ही देश खाद्यान मामले में आत्मनिर्भर है और देश के 140 करोड़ लोगों को भोजन नसीब हो रहा है। लेकिन आधुनिक कृषि क्षेत्र के बदलते परिवेश में कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं शोध कार्यक्रमों में नयी रचनात्मकता होनी चाहिए। हर नये शोध कार्यक्रमों में नयापन, नया ज्ञान एवं अभिनव तकनीकी से रचनात्मकता होना जरुरी है। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय के लिए किसानों के महत्त्व को सर्वोपरि बताया। वैज्ञानिकों को अद्यतन कृषि तकनीकी को लागु करने में किसान हितों एवं प्रबंधन को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर एवं ओएसडी (जुडीशियल) को पौध भेंट कर तथा शाल ओढा कर अभिनंदन किया। कुलपति ने बताया कि विगत तीन वर्षो में विश्वविद्यालय के शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों में काफी गुणात्मक प्रगति हुई है। आईसीएआर रैंकिंग बढ़ा है, 5 वर्षों के लिए आईसीएआर से मान्यता मिली, जेपीएससी माध्यम से राज्य कृषि सेवा में करीब 100 तथा राज्य पशुपालन सेवा में 42 छात्रों को नियोजन हुआ।

### कृषि शोध में विकास की वजह से ही देश खाद्यान मामले में आत्मनिर्भर है और देश के 140 करोड़ लोगों को भोजन नसीब हो रहा है

दो हर्बल उत्पाद को पेटेंट मिला। पहलीबार आयोजित रोजगार मेला एवं उद्योग मीट से छात्रों का उत्साहवर्धन हुआ है। कृषि, वानिकी एवं पशुपालन शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने की हर संभव कोशिश हो रही है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कमी से आशातीत सफलता नहीं मिली है। समारोह के दौरान डीन फॉरेस्ट्री डॉ एमएस मल्लिक ने बीएयू की कृषि, वानिकी एवं पशुपालन से सबंधित शिक्षण, शोध एवं प्रसार से जुड़ी उपलब्धियों से अवगत कराया। समारोह का संचालन एवं स्वागत भाषण डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल तथा धन्यवाद डीन पीजीएस डॉ एमके गुप्ता ने दी।

### 103 वर्षीय सेवानिवृत्त हिंडाल्को कर्मी का निधन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंर्तगत गोड़ाडीह गांव निवासी सेवानिवृत्त हिंडाल्को कर्मी व समाज सेवी 103 वर्षीय कालीचरण महतो का बुधवार को इलाज के क्रम में रांची में निधन हो गया। उनके निधन से लोगों में काफी मायूसी देखी जा रही है। वह हमेशा लोगों के काम आते थे। इसलिए लोग उनसे काफी खुश रहते थे। वे पिछले कई दिनों बीमार चल रहे थे। स्व कालीचरण महतो हिंडाल्को में कमर्शियल अकाउंटेंट पद पर वर्ष 1960 से 1986 तक कार्यरत थे। वो काफी मिलनसार थे। बुधवार देर शाम गांव के समीप छोटा तालाब तट पर उनके बड़े पुत्र कमल महतो ने मुखाग्नि कर अंत्येष्टि की। उनके निधन पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, वंशीधर महतो, मुरलीधर महतो, कमल महतो महतो, बिमल महतो, संतोष महतो, सुभाष महतो, निर्मल महतो, कलेश्वर महतो, हेमंत महतो आदि ने शोक व्यक्त किया है।


**झारखण्ड सरकार अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा**
गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
e.mail- simdega.jail@gmail.com,

**ई0–निविदा सूचना**
(अल्पकालीन निविदा)

1. कारा का नाम :– मंडल कारा, सिमडेगा।
2. विशय :– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यानों, हरी सब्जी, आलू, फल, दूध एवं अन्य विभिन्न खाद्य सामग्रियों (सामान्य शाखा) के निमित्त ई0निविदा का आमंत्रण:– तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.07.2023 से 30.09.2023 तक के लिए
3. निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से त्रैमासिक अवधि हेतु बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक मंडल कारा, सिमडेगा के पदनाम से देय होगा जो निम्न प्रकार है।
   I. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   II. 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   III. 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 10.06.2023 को 10 बजे पुर्वाहन से 23.06.2023 के अपराह् 04.00 बजे तक।
5- Online निविदा डालने (जमा करने) की तिथि– 10.06.2023 को 10 बजे पुर्वाहन से 23.06.2023 के अपराह् 04.00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 24.06.2023 पूर्वाह .10.00 बजे से 25.06.2023 को अपराह 04.00बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 26.06.2023 को अपराहन 01.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में प्राप्त original copy एवं नमूना (Sample) को खोला जाएगा तत्पश्चात आपूरकों के अपराधिक इतिहास का सत्यापन विशेश शाखा से प्राप्त होते ही Financial Bid खोला जाएगा।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website- www.jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
अधीक्षक,मंडल कारा, सिमडेगा।

PR 299493 Prison(23-24)D

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश को लेकर होगी जांच

# उपायुक्त ने प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का दिया आदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की आशंका को लेकर सतत निगरानी एवं जांच/सत्यापन किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक (स्था0) विशेष शाखा, रांची के पत्र के आलोक में उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने जिला में बांग्लादेशी घुसपैठियों से संबंधित जांच/सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के आदेश दिये हैं। उन्होंने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत बांग्लादेशी घुसपैठियों से संबंधित जांच/सत्यापन प्रतिवेदन अपने अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के आदेश दिये हैं। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं बुण्डू को अपने क्षेत्र अंतर्गत अपने पर्यवेक्षण में जांच/सत्यापन कराने एवं प्रत्येक माह में समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक (स्था0) विशेष शाखा, झारखंड द्वारा राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त/सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को इस संदर्भ में पत्र लिखा गया है। जिसमें संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश, उनके सरकारी दस्तावेज तैयार कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, साजिशन उन्हें बसाने की बात कही गयी है। राज्य की आंतरिक व्यवस्था के खतरे को देखते हुए संताल परगना क्षेत्र के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों में भी इसकी सतत निगरानी एवं जांच/सत्यापन करने को कहा गया है।

## अवैध बालू के खिलाफ कार्रवाई

**खूंटी/ बुंडू ।** खूंटी में चोरी छुपे बालू की तस्करी अब भी जारी है जिस पर अंकुश लगाने के लिए अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खूंटी जिले के जरियागड़ क्षेत्र में छापेमारी कर बालू लदे तीन हाइवा जो जब्त किया है जबकि रांची जिले के तमाड़ पुलिस ने अवैध बालु लदे तीन हाईवा को जब्त किया। दशम फॉल के कांची नदी से बालू लेके बुंडू कब रास्ते होते हुए टाटा जा रहा था हाइवा। तमाड़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पुलिस ने पीछा करते हुए पकड़ा बालू लदे तीनो हाइवा को जब्त कर तमाड़ थाना ले जाया गया। इधर खूंटी जिले में भी अवैध बालू के खिलाफ पुलिस प्रशासन की सख्ती दिखी। तोरपा भाया जरियागड़ के रास्ते होते हुए कर्रा की तरफ जा रहा तीन हाइवा को पकड़ा गया। सभी गाड़ियों पर 700-700 सीएफटी बालू लोड था। जबकि रांची के तमाड़ से पकड़ा गया।

# बिट्टू की हत्या के मामले में चार के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के एदलहातू टोंटे चौक के समीप अपराधी बिट्टू खान की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। हालांकि पुलिस को अब तक अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बिट्टू खान की हत्या के मामले में नजमा खातून ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। नजमा खातून की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी में रोहित मुंडा उर्फ बीड़ीए रोहन श्रीवास्तवए अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा को आरोपी बनाया गया है। आरोप लगायी है कि उनके पुत्र बिट्टू की हत्या नामजद आरोपियों ने बदले की भावना में की है। बता दें कि बीते मंगलवार की शाम दो बाइक से चार की संख्या में टोंटे चौक के समीप अखड़ा के पास खड़े बिट्टू खान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी पिस्टल लहराते हुए फरार हो गए थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल से पुलिस ने मैगजीन व खोखा बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित एसआईटी पूरे मामले की जांच में जुट गई है। एसआईटी ने घटना के बाद दो दर्जन से अधिक छोटे.बड़े अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### हत्या से दस दिन पहले मिली थी बिट्टू को धमकी

नजमा की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह एदलहातू नीचे टोला सरकारी कुंआ के समीप रहती हैं। उनका पुत्र बिट्टू जमीन का कारोबार करता था। कुख्यात कालू लामा की हत्या के मामले में उनका पुत्र जेल भी गया था। अक्तूबर 2022 को उनका पुत्र जेल से छूट कर बाहर निकला था। कुछ दिन पहले उनके पुत्र ने उन्हें बताया था कि उसे आरोपी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी ने जान से मारने की धमकी दी है। मंगलवार की शाम छह बजे उनका पुत्र बिट्टू घर से निकल गया था। कुछ देर बाद हल्ला.गुल्ला की आवाज सुनकर वह बाहर गयी तो देखा कि उनका पुत्र टोंटे चौक अखड़ा के पास जख्मी हालत में पड़ा हुआ था। पता चला कि अज्ञात अपराधियों ने उनके पुत्र को गोली मार दी है। परिवार के सहयोग से उनके पुत्र को अस्पताल ले जाया गयाए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने आवेदन में दावा किया है कि उनके पुत्र बिट्टू की हत्या बदले की भावना से नामजद आरोपियों ने ही की है।

## पर्यावरण-धरती की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास जरूरी : डॉ.ज्योति

**रांची।** निर्मला कॉलेज में पर्यावरण सप्ताह के समापन पर बुधवार को छात्राओं ने 'सुनो-सुनो, धरती कहे पुकार' का मंचन कर नुक्कड़ नाटक किया। इसका लेखन-निर्देशन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ रेणु सिन्हा ने किया। मौके पर विभिन्न गतिविधियों के प्रतिभागियों व विजेताओं को प्राचार्य डॉ सिस्टर ज्योति ने पुरस्कृत किया। प्राचार्य ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हर किसी का दायित्व है। पृथ्वी के रहने पर ही जीवन बचेगा। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का अंत हो सकता है, लेकिन यह पर्यावरण और धरती के संरक्षण-सुरक्षा के लिए आजीवन और निरंतर प्रयासों की यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने सभी को गंभीरता और ईमानदारी से पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सुपीरियर सिस्टर सुषमा बेक, वाइस प्रिंसिपल डॉ सिस्टर शोभा समेत शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थे।

## विधायक ने राज्यपाल से मिलकर क्षेत्र की ज्वलंत विषयों पर की चर्चा

# नामांकन पर रोक हटाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत विषयों और राज्य हित से जुड़े गंभीर मुद्दे पर चर्चा की और उनसे इन सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने राजभवन जाकर राज्यपाल से गोमिया में बनकर तैयार डिग्री महाविद्यालय का अविलंब उद्घाटन करने और शैक्षणिक सत्र चालू सत्र से प्रारंभ करने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों जिनमें इंटर कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में नामांकन लेने पर रोक लगाई है तथा जिसके कारण लाखों छात्र छात्राएं इंटर की पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे, उक्त आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि गोमिया प्रखंड के गोमिया एवं गुरुडीह पलीहारी पंचायत के सभी गांव को कोनार नदी से नए सिरे से इंटेक वेल, डब्ल्यूटीपी एवं पाइपलाइन बिछाते हुए नई ग्रामीण जलापूर्ति योजना स्वीकृति का प्रस्ताव एक अप्रैल 22 को डीएमएफटी बोकारो जिला के शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अतिशीघ्र डीएमएफटी मद या जल जीवन मिशन योजना के तहत कराने का आग्रह किया। उन्होंने गोमिया प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र चतरो चट्टी थाना अंतर्गत गझंडी से हुरलुंग वाया चतरो चट्टी पथ का निर्माण एवं रजरप्पा से लेकर ललपनिया भाया बड़की पुन्नू पथ निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति अविलंब कराने का पहल करने और राजकीय मध्य विद्यालय हुरलुंग उत्क्रमित मध्य विद्यालय में तब्दील करने हेतु आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल को राज्य के खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका एवं लातेहार जिला में जिला स्तरीय नौकरी में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को शून्य कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए उनसे राज्य सरकार के इस आदेश को निरस्त करते हुए उन जिलों में पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को सुनिश्चित करने और 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार के मंत्री परिषद द्वारा कुड़मी, तेली एवं घटवार को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने करने के निर्णय को जमीन पर उतारने साथ ही 11 नवंबर 2022 को विधानसभा द्वारा पारित पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने एवं सरकार की वर्तमान 60-40 की नीति को रद्द करते हुए 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति से संबंधित विधेयक को राज्य में अविलंब लागू करने का मांग किया।

## फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने के मामले में एफआईआर

**रांची।** राज्य के उत्पाद आयुक्त के नाम का एक फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उत्पाद आयुक्त की ओर से बताया गया है कि सोशल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के माध्यम से पता लगा है कि उनके नाम से फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने का मामला प्रकाश में आया है। कुछ शराब विक्रेता कंपनियां इनमें शामिल हैं। इसके जरिये वे अपने पक्ष में गलत सूचना जनित करते हुए इसके स्क्रीन शॉट को वायरल कर रहे हैं। वायरल की हुई गलत सूचना के आधार पर शराब व्यवसायियों को गुमराह कर अवैध राशि प्राप्त करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी सामने आने के बाद विभाग के स्तर से एफआईआर दर्ज कराते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद आयुक्त के स्तर से ऐसे वायरल मैसेज और जालसाजी से बचने की अपील सभी से की गयी है।

## बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ धर्मेंद्र जेटीयू के कुलपति नियुक्त



रांची। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेटीयू) के कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह को बनाया गया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नीतीन मदन कुलकर्णी ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया। डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह वर्तमान में बीआईटी, सिंदरी में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। पदभार ग्रहण करने की तिथि से कुलपति के रूप में उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। दरअसल, जेटीयू की कुलपति के पैनल की सिफारिश करने के लिए समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा प्रस्तुत पैनल पर विचार करने के बाद राज्यपाल-सह-कुलपति ने डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह को कुलपति के पद के लिए नियुक्त किया।

# रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनेंगे 10 हजार घर : विनय चौबे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की। जुपमी भवन में हुई समीक्षा बैठक में नगर विकास विभाग, जुडको, सूडा के अलावा सभी नगर निकायों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने योजना की धीमी प्रगति से नाराजगी जाहिर की। साथ ही नगरीय प्रशासन निदेशालय के पदाधिकारियों को अपनी कार्यपद्धति बदलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य से 50 फीसदी कम आवास बनाने वालों को तेजी लाए। सचिव ने टीम बनाकर लाभुकों से आवेदन लेने और बैठक कर उनसे को-ऑर्डिनेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रांची में आवासों की कमी नहीं होने दी जाएगी। लगभग 10 हजार लोगों के लिए आवास बनाया जायेगा। सचिव ने निकायों को निर्देश दिया कि बरसात शुरू होने से पहले अभियान चलाकर 10 दिन में नालों की सफाई हर हाल में करवाएं। किसी भी हाल में नालों का कचरा सड़क पर नहीं फैलना चाहिए। सचिव ने 15वें वित्त आयोग के तहत शहरों में बनने वाले तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमृत योजना के तहत जिन निकायों का टेंडर निष्पादित हो गया है, वहां कायार्देश दे दिया जाए लेकिन काम मानसून के बाद ही शुरू कराया जाए। जलापूर्ति योजनाओं और कांटाटोली फ्लाईओवर का भी काम उन्होंने जल्द पूरा करने को कहा। सूडा के निदेशक अमित कुमार ने राज्य में चल रही नगर विकास की योजनाओं का काम गुणवत्तापूर्वक कराने का निर्देश दिया।

## मिशन 2024: बड़े नेताओं के बीच दूरी पाटने में लगे हैं भाजपा प्रभारी

# संगठन में सुधार व पार्टी में एकजुटता की हो रही कवायद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में मिशन 2024 की तैयारी में लगी भाजपा सांगठनिक स्तर पर खुद को मजबूत करने में लगी है। पार्टी के बड़े नेताओं के बीच की दूरियों को पाटने से लेकर ऊपरी स्तर पर सांगठनिक स्थिति में सुधार की कवायदें शुरू होने की बात भाजपा के राज्य प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने की है। झारखंड दौरे पर आए लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लोहरदगा, गुमला में पार्टी के कार्यक्रमों में शरीक होने के बाद रामगढ़ व हजारीबाग में चुनावी मिशन की तैयारियों में जुटे कार्यकताओं से मिले। मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया है कि राज्य में भाजपा सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में फोकस किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निर्विवाद चेहरा हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक समान्य लोगों का यकीन नरेंद्र मोदी पर है। कमिटेड लोगों के अलावा समान्य लोग मानते हैं कि भारत मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित हाथों में है। उनके नाम व उनके काम पर जीतेंगे। वाजपेयी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में वह गुजरात व कर्नाटक में भी गए थे। राज्यों में चुनाव को लेकर अलग माहौल होता है। लेकिन लोकसभा चुनाव में जीत तय है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि 2019 में जिन लोकसभा सीटों पर पार्टी की पिछड़ी थी। उन सीट व बूथों की पूरी समीक्षा की गई है। इससे जुड़ी रणनीति बनायी जा चुकी है। ऐसे में तय है कि जनता व भाजपा कार्यकर्ता झारखंड के सभी 14 सीटों पर जीत दिलाएंगे। भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने बीते दिनों रांची में प्रदर्शन के दौरान राज्य में लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव कराने के प्रयास की बात कही थी। भाजपा प्रभारी ने कहा कि राज्य में निर्वाचित सरकार है। किसी भी निर्वाचित सरकार को अपदस्थ करना भाजपा की पॉलिटिक्ल प्रैक्टिस नहीं है। झारखंड की सरकार अपनी कर्मों से ही हटेगी। भाजपा राज्य प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री के चेहरे पर अभी विचार नहीं किया गया है। राज्य में ऊपरी स्तर पर संगठनात्मक स्थिति में सुधार की जरूरत है। सुधार की प्रक्रिया भी चल रही है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि राज्य में अगर पार्टी में बड़े नेताओं के बीच एकता नहीं होने का संदेश है तो यह जल्द ही समाप्त होगा। पार्टी में नेताओं के बीच एकजुटता है। सभी एक साथ मिलकर लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

## चिंता | धर्म बदल कर भोली-भाली लड़कियों से की जा रही शादी

# लव जिहाद का केन्द्र बन रहा झारखंड




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आदिवासी बहुल राज्य झारखंड लव जिहाद का केंद्र बनता जा रहा है। हाल के कुछ महीनों से कई जिलों में लव जिहाद के मामलों ने रोंगटे खड़ा कर दिया है। इन घटनाओं ने राज्य ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर विमर्श का केन्द्र बिन्दु बना। झारखंड में 2022 से लेकर अबतक कई लव जिहाद का मामले सामने आए। कई ऐसे मामलों में तो लड़कियों को जान भी गंवानी पड़ी है। कइयों को गर्भपात तक की पीड़ा सहनी पड़ी। कई घटनाओं ने पूरे सूबे को रुला लिया। बिहार के भागलपुर की रहने वाली मॉडल मानवी राज का आरोप है कि मॉडल कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर ने धर्म और नाम छिपा कर उसका यौन शोषण किया और शादी करने का दबाव बनाया। मॉडल की आपत्तिजनक वीडियो बना कर उसे ब्लैकमेल करने के नाम पर कई बार संबंध बनाया और धर्म बदलने का मॉडल पर दबाव बनाया। धर्म नहीं बदलने पर उसको जान से मारने की धमकी देने का भी मॉडल मानवी राज ने आरोप लगाए हैं। इस मामले में रांची पुलिस ने मॉडल का बयान दर्ज कर साइबर सेल की मदद से तनवीर की खोजबीन की जा रही है। आरोपी फिलहाल नेपाल फरार हो गया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर लोको कॉलोनी निवासी रेल कर्मचारी अख्तर खान के पुत्र अदनान खान दो साल पहले एक नाबालिग हिन्दू लड़की के साथ अमित कुमार बता कर उससे दोस्ती की। इस बीच लड़की ने लड़के से बार-बार उसके धर्म के बारे में पूछा लेकिन युवक ने लड़की को अमित कुमार बताया और खुद को बिहारी कहता रहा। लड़के ने शिव मंदिर में शादी कर ली। इसी बीच नाबालिग दो बार गर्भवती हुई। लड़की को दवा देकर गर्भपात करवा दिया। अब वह तीसरी बार गर्भवती है। जब मामला आगे बढ़ा तो लड़का मुस्लिम समुदाय का निकला और अपना नाम तथा धर्म छिपा कर हिन्दू लड़की से शादी किया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रांची के खलारी में उड़िया धौड़ा गांव में एक मुस्लिम युवक ने अपना धर्म छुपाकर हिंदू लड़की से शादी की। बाद में लड़की पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया, जिसके बाद लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोनू राम ने बताया है कि गोलू अंसारी ने अपना धर्म छिपाकर दो वर्ष पूर्व उसकी बेटी पूजा से शादी की थी।

### इस तरह के मामले को लेकर सरकार को सख्त कदम उठानी पड़ेगी तभी इस पर अंकुश लगाया जा सकता है

इसके बाद पूजा पर मतांतरण के लिए दबाव बना रहा था। बताया कि 31 मई की रात नौ बजे गोलू अंसारी उनके घर आया और पूजा से बातचीत करने लगा। इसी दौरान पूजा ने बताया कि यही लड़का है जिससे उसने दो वर्ष पूर्व उससे रांची के पहाड़ी मंदिर में शादी की थी। बोकारो के हरला थाना क्षेत्र से 8 दिसम्बर, 2022 में एक मामला सामने आया था, जहां नाबालिग हिंदू लड़की से धर्म बदल कर मुस्लिम युवक ने शादी का प्रयास किया लेकिन शादी से पहले ही उसके मुस्लिम होने की बात सामने आ गई थी। इसके बाद युवक मौके से ही फरार हो गया था।

## झारखंड पेरेंट्स एसो. ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**रांची।** लोहरदगा का नदिया हिंदू उच्च विद्यालय अब नदिया हिंदू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा अन्य कुछ विद्यालयों के नामों में भी आंशिक संशोधन किया गया है। विद्यालयों के नामों पर संशोधन किए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साधुवाद देते हुए आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने राज्य के 80 विद्यालयों के नाम को बदलने का फैसला किया था। इन विद्यालयों का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रखा गया। लोहरदगा के नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम सहित झारखंड के अन्य जगहों में भी विद्यालयों के नामों में परिवर्तन किए जाने पर लोगों में जना आक्रोश था। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार द्वारा विद्यालयों के नाम बदलने के फैसले पर घोर निंदा करते हुए इसे बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने लोहरदगा में नदिया हिंदू हाई विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले पर रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन प्रेषित कर नाम को संशोधित करने की मांग की थी।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर राजद-वाम का 28 जून को महाधरना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरकार के घटक दल में शामिल राजद वामदल आगामी 28 जून को राजभवन के समीप राज्य के विस्थापन एवं विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर महा धरने का आयोजन करने जा रही है । इस बात की जानकारी राजधानी रांची स्थित सीपीआई कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई । कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए हजारीबाग पूर्व सांसद ने बताया कि राज्य में विस्थापन का मुद्दा काफी तेजी से बढ़ता है दिख रहा है । राज्य सरकार का यह चुनावी वादा रहा है कि सत्ता में आने के बाद विस्थापन को लेकर एक पोस्ट पहल की जाएगी पर ऐसा अब तक के शासनकाल में नहीं हो पाया साथ ही झारखंडी जनता लगातार अन्य मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित होता दिख रहा है । इन्हीं सब विषयों पर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराने के लिए इस महा धरने का आयोजन किया जा रहा है। वहीं संयुक्त प्रेस वार्ता में राजद नेता ने कहा कि राज्य गठन के बाद अब तक विस्थापन का मुद्दा लगातार बढ़ता दिख रहा है और हम सब घटक दल के साथ साथ विस्थापन को लेकर जो भी पार्टी आंदोलित रही है सभी सम्मिलित रूप से इस महा धरने में शामिल होंगे।

## रामगढ़ में भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का जोरदार स्वागत, बोले

# झारखंड का विकास किए बिना देश के विकास की बात करना बेमानी






**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के दौरे के तहत रामगढ़ पहुंचे झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह रैना एवं लोकसभा कलस्टर प्रभारी सह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह का 7 जून को जोरदार स्वागत जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,प्रकाश मिश्रा,अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,छोटन सिंह,दीनदयाल साहू,अभियान टोली के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी आदि ने रामगढ़ स्थित पटेल चौक के समक्ष माल्यार्पण कर किया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता लक्ष्मीकांत बाजपेई समेत सभी वरिष्ठ नेताओं की अगुआई करते हुए उन्हें नेशनल हाइवे स्थित कार्यक्रम स्थल तक ले गए। जहां भाजपा के सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा एवं मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर आगंतुक मेहमानों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत बाजपेई, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह रैना एवं मनोज सिंह सहित सभी मंचस्थ नेताओं ने महापुरुषों की तष्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया एवं कार्यक्रम का विषय प्रवेश रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने किया। मंच संचालन जिला महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने एवं धन्यवाद ज्ञापन हजारीबाग जिलाध्यक्ष अशोक मेहता ने दिया। मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत बाजपेई ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की मुझे जब से झारखंड का प्रभारी बनाया गया तब से मैं भी यहां खूब आना चाहता हूं। साथ हीं उन्होंने बताया की झारखंड का विकास किए बिना देश के विकास की बात करना बेमानी होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित में शुरू की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया की प्रधानमंत्री ने भी झारखंडी जनता की समस्याओं को करीब से समझा है तभी तो आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत झारखंड प्रदेश से किया। जिसके तहत आर्थिक रूप से प्रत्येक गरीब परिवार का 5 लाख तक का इलाज बिल्कुल मुफ्त होता है। राष्ट्रीय मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह रैना ने बताया की मैं खुद जम्मू कश्मीर से आता हूं। जहां धारा 370 हटाने के बाद आई शांति ये बताता है की आतंकवाद को खत्म करने के लिए कोई कानून की नहीं बल्कि सशस्त्र बल को खुली छूट देने की जरूरत थी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कहा की आज वैश्विक स्तर पर भारत एक मजबूत इच्छाशक्ति वाला आत्मनिर्भर देश बनकर उभरा है जिसको आज अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी सम्मान देते हैं। इसके बाद वहां उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से पदाधिकारियों एवं सांसद ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में पूरे देश में विकास की गंगा बह रही है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भी मेडिकल कॉलेज, एनटीपीसी जैसे बड़े संयंत्र और अक्षयपत्रा रसोईघर जैसे निर्माण आने वाले भविष्य में झारखंड को और सशक्त करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा, टोकेश सिंह, मनोज गिरी, नीरज झा, धीरज साहू, मणिशंकर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी सदस्य मौजूद थे।

## जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, प्रीमैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में उपायुक्त ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने योजना संबंधित लाभ के वितरण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंचलवार लंबित दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने भूमि, जाति, आय, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे वहीं उन्होंने पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। दिव्यांगजनों को आसानी से दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को विभिन्न स्तरों पर शिविर आयोजित करने एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ समन्वय कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बरही : पारिवारिक तनाव में युवक ने फांसी लगाई, मौत

**बरही।** आत्महत्या का मामला दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है । आए दिन बरही में विषपान, फांसी जैसे आत्महत्या के मामले देखने को मिल रहे है। थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, जो चिंता का विषय है। बुधवार की अहले सुबह गया रोड बरही का 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम आयुष विश्वकर्मा है जो स्व दशरथ विश्वकर्मा का पुत्र है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार फांसी का मुख्य कारण पारिवारिक तनाव है। जो सुबह 3 बजे अपने कमरे में फांसी लगाया। सुबह करीब साढ़े छह बजे उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर शव को बरही पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया।

# बीएसएनएल : मुफ्त टेलीफोन सेवा के साथ सस्ता इंटरनेट, मॉडम व इंस्टालेशन फ्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** यह वक्त का पहिया ही है कि संचार की दुनिया में एकछत्र राज्य करने वाला बीएसएनएल को कनेक्टिविटी के लिए डोर टू डोर भ्रमण करना पड़ रहा है । बुधवार को एसडीओ हरीश कुमार, मोबाईल एसडीओ आशुतोष कुमार सिन्हा, मोबाईल जेटीओ सुजीत कुमार, महेश प्रसाद और मोहन राम की टीम ने कोनरा पंचायत भवन सहित विभिन्न स्थलों पर भ्रमण कर बीएसएनएल के इंटरनेट सेवा की जानकारी दिया । सीएससी ऑपरेटर और मुखिया को बीएसएनएल सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 329 प्रति माह 200 एमबीपीएस, 449/माह 30 एमबीपीएस, 499/माह 40 एमबीपीएस, 599/माह 60 एमबीपीएस और 799/माह 100 एमबीपीएस की स्पीड से इंटरनेट की अनलिमिटेड सेवा उपलब्ध कराए जा रहे हैं । वर्तमान में इन सभी सेवाओं की कनेक्टिविटी लेने पर विभाग की ओर से मॉडल और इंस्टॉलेशन मुक्त किया जा रहा है। इसके साथ ही टेलीफोन सेवा की कनेक्टिविटी भी मुफ्त में दिए जा रहे हैं। जिसकी मदद से उपभोक्ता प्रति माह पूरे भारत में असीमित कॉल कर सकते हैं। इस संबंध में उन्होंने पंचायत के मुखिया से भी ग्राम पंचायत में इंटरनेट की कनेक्टिविटी लेने की बात कही ।



# बस स्टैंड में खड़ी तीन बसों में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के नया बस स्टैंड में खड़ी तीन बसों में आग लग गयी। यह घटना बीती रात करीब 12:30 बजे की बतायी जा रही है। इस अगलगी में तीनों बस जलकर राख हो गये। जिन बसों में आग लगी है, उनमें से दो रवि और एक सानू सुधांशु बस है। अभी आग लगने का कारण का पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में बड़ा बाजार थाना प्रभारी घनश्याम सिंह ने बताया कि उनको रात में सूचना मिली कि बस स्टैंड में खड़ी तीन बसों में आग लग गयी। जिसके बाद मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि हजारीबाग बस स्टैंड में खड़ी बस में पहली बार आग नहीं लगी है। इससे पहले भी कई बार गाड़ियों में अचानक आग लगी थी। इन गाड़ियों में आग कैसे लगी, इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया। हालांकि लोगों का कहना था कि इंश्योरेंस के कारण गाड़ी मालिकों ने खुद ही गाड़ी में आग लगा दी थी। बहरहाल एक बार फिर 3 गाड़ियों में आग लग गयी है।

## अवैध तेंदू पत्ता तुड़ाई के खिलाफ चला अभियान चार हजार तेंदू पत्ता जब्त

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के चौपारण में अवैध तेंदू पत्ता तोड़ने को लेकर वन विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा। इसी के तहत 4 हजार तेंदू पत्ता को जब्त किया गया है। मामले को लेकर वनपाल अयूब अंसारी ने बताया कि वन विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए. उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पथलगड्डा वन में अवैध रूप से तेंदू पत्ता को तोड़कर सुखाकर बोरा में रखा गया था। घटना स्थल से 4000 तेंदू पत्ता को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है। साथ ही इस अवैध काम में संलिप्त तस्कर और ठेकेदार के विरूद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वनपाल अयूब अंसारी ने कहा आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए कई झारखंड प्रभारी

# '2024 के चुनाव में सभी विपक्ष का होगा पत्ता साफ'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** आगामी लोकसभा की तैयारियो को लेकर कार्यकर्ताओं को जागरूक और उत्साहित करने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओ का जवाहर घाट स्थित वन विश्रामगार परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमे बतौर मुख्यातिथि भाजपा झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी शामिल हुए। बैठक में स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ प्रो रैना, मांडू विधायक जे पी पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, जिप उपाध्यक्ष किसुन, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, स्थानीय सांसद प्रतिनिधि संजीव कटरियार, गणेश यादव, डोमन पांडेय, भाजपा नेता अंबिका सिंह, शैलेंद्र यादव, सुनील सह आदि सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए । कार्यक्रम जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन भाजपा नेता राजेश सहाय ने किया । उपस्थित वक्ताओं ने पीएम मोदी के नौ वर्षो के कार्य को आम जनता तक पहुंचाने की अपील करते हुए 2024 के चुनाव के लिए अभी से ही पार्टी के लिए जागरूक होने की बात कही । सांसद जयंत सिन्हा ने भी प्रधानमंत्री के कार्यों को आम जनों तक पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने हेतु कार्यकर्ताओ से अपील किया । राष्ट्रीय महामंत्री ने भी पीएम मोदी को दुनिया का सशक्त नेता बताते हुए उनके नेतृत्व में देश को सबल और सुरक्षित बताया । मुख्य अतिथि श्री बाजपेई ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को देश में पीएम मोदी की लहर बताते हुए बरही विधानसभा के लोगो को भी भाजपा के पक्ष में लाने की बात कही । कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि भाजपा की आंधी में सभी पार्टियां साफ हो जायेंगे । भाजपा ही देश को सुरक्षित और संरक्षित कर सकता है । कार्यक्रम का समापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया ।

**जागरूकता** | जी 20 के अंतर्गत भारत मिशन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# हर बच्चे की पढ़ाई पर होगा फोकस : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जी 20 अंतर्गत 15 मई 2023 से 15 जून 2023 तक की अवधि को फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी थीम के रूप में चयनित किया गया है। इस दौरान फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी थीम के तहत देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन में फाऊंडेशनल लिटरेसी एन्ड न्यूमैरेसी थीम के तहत निपुण भारत मिशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विभिन्न जानकारियां देने के क्रम में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं इसी में एक है निपुण भारत मिशन (नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमैरेसी) जिसके तहत कक्षा 3 अथवा 9 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए एक ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाना है जिसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त किया जा सके। उपायुक्त ने निपुण भारत मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों को कार्यशाला के दौरान बताई जाने वाली बातों को ध्यान पूर्वक सुनने एवं किसी भी प्रकार की दुविधा को कार्यशाला में ही दूर करते हुए जमीनी स्तर पर बच्चों के विकास की दिशा में कार्य करने की अपील की। जिला स्तरीय कार्यशाला के दौरान निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करने के क्रम में उपायुक्त ने निपुण भारत मिशन को रामगढ़ जिले में सफल बनाने के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया वही उपायुक्त ने शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा स्टाल पर लगाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए सभी को निपुण भारत मिशन के तहत आगे कार्य कर रामगढ़ जिले में कक्षा 3 तक के बच्चों अथवा 9 वर्ष तक के बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को पर्याप्त रूप से सशक्त करने में अपना योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दी।

# झुमरी तिलैया : युवा नेता पंकज की पहल पर सुधरी बिजली की स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** जिले के विभिन्न इलाकों में मंगलवार की शाम तेज हवाओं के साथ हुई बारिश में चंदवारा प्रखंड के बिरसोडीह पंचायत के परसा टोला के समीप जयनगर फीडर मेनलाइन 11 हजार वोल्ट बिजली के कई पोल गिर गए और तार क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी वजह से इस लाइन से जुड़े पूरा क्षेत्र अंधकार में डूब गया। बुधवार की सुबह लोगों की समस्या पर पहल करते हुए क्षेत्र के युवा नेता पंकज कुमार यादव ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार से बात कर इस समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। जिस पर कार्यपालक अभियंता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग की टीम को भेजकर क्षतिग्रस्त बिजली के पोल को हटाकर नए पोल को लगाया और टूटे हुए तार को भी दुरुस्त किया गया। विद्युत विभाग के त्वरित पहल से क्षेत्रवासियों को इस भीषण गर्मी में बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है।



# नागरिक सुरक्षा समिति की बैठक में हेल्पलाइन नंबर जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति कोडरमा की एक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार देर शाम झुमरी तिलैया पुराना बस स्टैंड स्थित रामसन प्लाजा होटल में संपन्न हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण जी यादव ने की, जबकि संचालन सुरक्षा समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने किया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आमजन की समस्याओं के निदान एवं निष्पादन हेतु नागरिक सुरक्षा समिति को ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए समाजसेवी संजय शर्मा एवं अभिजीत दीप अधिकृत किए गए। समाजसेवी पंकज वर्णवाल एवं अरशद खान ने हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही जबकि समाज सेवी मनीष सूद एवं पिंटू मजमुदार ने शहर में दो जगह शिकायत पेटी लगाने का विचार दिया ताकि आमजन आपनी समस्या रख सकें। निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोविंद मोदी एवं समाजसेवी अवनिंद्र सिंह ने गरीबों के राशन कार्ड ,विधवा पेंशन ,वृद्धा पेंशन निर्माण में समिति द्वारा सहयोग की बात कही। महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि ट्रस्ट निर्माण के बाद जिला एवं नगर के प्रबुद्ध जनों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना है। आमजन के किसी भी समस्या पर हमें जिला प्रशासन हो या माफिया तंत्र हो, उसके विरोध में खड़ा होने के लिए तत्पर रहना है। नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति की आज की बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी सुरेंद्र कुमार खोखन युवा नेता राजेश सिन्हा, सूर्य देव कुमार, शशिकांत सिन्हा ,अजय कुमार, प्रकाश सिंह, चंद्र मोहन सिंह, वीरेंद्र कुमार महेश वर्मा विनोद कुमार सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए। बैठक के अंत में उड़ीसा के बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया।

# जिला स्तरीय खरीफ एवं मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** संयुक्त कृषि भवन कोडरमा में जिला स्तरीय खरीफ एवं मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन किया गया। अपने सम्बोधन में कृषि में श्री विधि, मिश्रित खेती, सुक्ष्म सिंचाई से खेती करने का सुझाव दिया एवं इससे होने वाले लाभ के बारे मे विस्तार से बताया। किसानों से फलदार पेड़ लगाने को कहा गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव द्वारा बीज और खाद समय से किसानो को मिले उसके बारे में कहा गया। वहीं समय से पैक्स में बीज वितरण हो रहा है इसके लिए बधाई दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के डाक्टर सुधांशु शेखर द्वारा मोटे अनाज के महत्व और कीट प्रबन्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



## अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा में बुधवार को अलग-अलग घटनाओं में 2 लोगों की मौत हो गई पहली घटना बांसजोर ओपी क्षेत्र की है जहां पर जामटोली गांव में 27 वर्षीय विजय डाँग नामक युवक आम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में बांसजोर हॉस्पिटल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिवार वालों ने बताया कि वह आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था इसी दौरान पैर फिसलने से गिरा और शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गहरी चोट लगी इसकी वजह से उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के साथ परिजनों को सौंप दिया गया वहीं दूसरी घटना बानो के महबुवांग ओपी अंतर्गत कौवाजोर गांव निवासी 19 वर्षीय दीपक सोरेन ने घर के पास ही आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार युवक दीपक सुरीन बाहर रहकर कार्य करता था और फिलहाल ही वह अपने गांव लौटा था इसी बीच गांव की एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम प्रसंग भाग गया था। बाद में ग्रामीणों ने खोज कर लाया उसके बाद दोनों को अलग-अलग रहने की बात कही जिसके बाद वह शराब के नशे में रहकर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही पुलिस मामले की छानबीन कर रही।

## शादी के मंडप में बैठने से पहले दूल्हा हुआ बेहोश परिवार में अफरा-तफरी का माहौल

**बानो।** प्रखंड के सिम्हातु बारात लेकर शादी करने पहुंचा दूल्हा अचानक बेहोश होकर गिर गया। घटना मंगलवार के दोपहर की है। घटना के बाद शादी का जश्न गम में डूब गया और शादी घर में अफरा तफरी का माहौल बन गया।आनन फानन बेहोशी की हालत में दूल्हा को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के देखरेख में इलाज चल रहा है। घटना के बाद सीएचसी में बारातियों एवं लड़की पक्ष वालों की भीड़ जमा हो गई। सभी दूल्हे की सेहत को लेकर चिंतित दिखे। मंगलवार को कोलेबिरा के सोकोरला से जयराम बड़ाईक बारात लेकर बानो के सिम्हातु पहुंचे थे। खाली पेट रहने एवं धूप अधिक होने के कारण मंडप में बैठने से पहले ही दुल्हा जयराम बेहोश होकर गिर गए। चिकित्सकों ने कहा कि धूप अधिक होने की वजह से जयराम की तबियत खराब हुई है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। इधर दोनों पक्ष वाले दूल्हे के अस्पताल से छुट्टी होने का इंतजार कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक दूल्हे को अस्पताल से छुट्टी नही मिली थी। परिजनों के अनुसार अस्पताल से छुटटी मिलने के बाद ही शादी की रस्म अदा की जाएगी।

## स्कूटी से गिरकर युवती हुई घायल

**बानो।** थाना क्षेत्र के कोनसोदे प्रीतम चौक के समीप चालक ने खोया नियंत्रण और दुर्घटना का हुआ शिकार दुर्घटना में स्कूटी में सवार चांदनी कुमारी नामक युवती घायल, उक्त युवती की पहचान सीमहातू निवासी महेश लोहरा के पुत्री के रूप में हुई,वहीं एक स्कूटी में चांदनी कुमारी एवम मनीष टोपनो सवार थे,घटना के संबंध में जानकारी मिली की चांदनी कुमारी अपने किसी रिश्तेदार के साथ जलडेगा से वापस अपने घर सिम्हातु आ रही थी इसी दौरान कोनसोदे प्रीतम चौक के समीप चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे युवती घायल हो गई, इस घटना की जानकारी बानो थाना को दे दिया गया है घायल युवती फिलहाल बानो सीएससी में इलाजरत है।

## बाइक दुर्घटना में युवक की घटनास्थल पर मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरईपानी जंगल के पास बुधवार की सुबह 7:30 बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में 24 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई मृतक युवक की पहचान नानेसेरा मंगर गुड़ा गांव निवासी नवीन तिर्की के रूप में हुई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा एंबुलेंस को दी गई जिसके बाद एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को सदर अस्पताल लाया इधर मामले की जानकारी परिवार वालों को भी दी ग जिसके बाद परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल था ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक कोलेबिरा की ओर से सिमडेगा आ रहा था इसी क्रम में अचानक अपना नियंत्रण खो बैठा और गिर पड़ा। उसके साथ बैठे हुए साथी भी गिरा लेकिन हेलमेट होने की वजह से उसे चोट नहीं लगी जबकि नवीन के माथे में गहरी चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

## मनरेगा के तहत कुआं निर्माण में हुआ घोटाला

# बिना काम किये हो गया भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** लोगों को गांव में ही रोजगार मुहैया कराने लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं। मनरेगा इन्हीं में से एक है, लेकिन इसमें भी भ्रष्टाचार हावी है। धरातल पर काम नजर आये या नहीं, पैसे की निकासी पहले कर ली जा रही है। ताजा मामला जलडेगा प्रखंड के जलडेगा पंचायत अंतर्गत सावनाजारा गांव के लाभुक बुधनाथ लोहरा का है। मनरेगा के तहत इनके यहां सिंचाई कूप का निर्माण होना था, जिसका योजना संख्या 284/20-21 और वर्क कोड क्र7080901973690 है। जमीन के अंदर पत्थर निकलते के कारण कूप निर्माण तो पूर्ण नहीं हो सका लेकिन सप्लायर को सामग्री मद से कूप निर्माण के लिए 87630 रूपया का भुगतान कर दिया गया। मामले पर संबंधित जेई से बात करने पर बताया कि उन्होंने स्वयं पंचायत सचिव, और एई के साथ कार्यस्थल पर जाकर योजना को बंद कराने को कहा है। इसके बाद भी सामग्री मद से भुगतान होना जांच का विषय है ।कार्यस्थल में ना तो ईंट है, ना बालू और न ही सीमेंट फिर भी मनरेगा के जिम्मेदार कर्मियों ने अपनी दया दृष्टि दिखाकर इन सभी सामग्रियों का भुगतान कर दिया। जबकि ये सामग्री का कहीं भी उपयोग नहीं हुआ है ।राष्ट्रीय नवीन मेल में मामला आते ही अधिकारी हरकत में आ गए, और सबसे पहले तो एक दूसरे पर दोषारोपण करने लगे बाद में बचाव के लिए रिकवरी की तैयारी में जुट गए।अब सवाल उठता है कि निर्माण कार्य फेल होने के बाद भी उस कुंआ को पत्थर से क्यूं पाटा गया और जान बूझ कर मैटेरियल का पेमेंट किसने किया।





# मायुमं ने कोडरमा स्टेशन पर वाटर कूलर का किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया ईकाई के तत्वाधान में कोडरमा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 04 पर आरपीएफ पोस्ट के समीप अमृतधारा पर प्रक्कलप के तहत वाटर कुलर का शुभारंभ रांची निवासी भगवती प्रसाद काबरा, ज्योति काबरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना पंडित विजय उपाध्याय ने किया। इस दौरान नारियल पधारकर लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया गया। साथ ही आम लोगों के लिए यह अमृत धारा योजना के तहत वाटर कूलर शुरू हो गया। मौके पर ज्योति काबरा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच राष्ट्र सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। इसमें झुमरी तिलैया शाखा भी बेहतर कार्य कर रही है। वहीं मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने आगन्तुक लोगों का स्वागत किया और कहा कि सेवा कार्य मंच का प्रथम उद्धेश्य है। राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा तहत यह 5वॉ वाटर कूलर शुरू किया गया और 24 घंटा इसमें राहगीर एवं यात्री ठंडा पेय ग्रहण कर रहे है। कोडरमा स्टेशन पर 150 लीटर की कूलर मशीन लगायी गई है जो प्रतिदिन अनेक लोगों को पीने का पानी मिलेगा। वहीं मंच के सचिव आशीष जोशी ने कहा कि मानव सेवा ही नहीं जीव जंतु को बचाने में मयूम अपना धर्म समझता है और इस गर्मी में मनुष्यों के साथ-साथ मवेशी एवं पशु पक्षी के लिए जगह-ह्यजगह अस्थायी पियाउ लगाया गया हैं । मंच चार उद्धेश्यों पर कार्य कर रही है इसमें एम्बूलेंशन सेवा, अमृत धारा योजना के तहत पेय जल , विकलांगों को कृत्रिम पैर निःशुल्क मुहैया कराना , रक्त संग्रह करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने जैसे कार्यो को बुखुबी निभा रही है। वहीं स्टेशन प्रबंधक रविन्द्र प्रसाद ने कहा मारवाडी युवा मंच अच्छा औ पूण्य का काम किया जा रहा है। यह वाटर कूलर यात्रियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और रेलवे की ओर से जो भी व्यवस्था दी जा सकती है उसे उपलब्ध कराया जा सकता है। इस अवसर पर सीटीआई अरविन्द कुमार सिंह, टीआई अरविन्द कुमार सुमन, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल, स्टेशन मास्टर संतोष कुमार, कोडरमा प्रमुख प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, ईएलसी सोनु कुमार मारवाडी युवा के पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड, आशीष शर्मा ,संजय शर्मा, मंच के संयोजक अरविन्द कुमार चौधरी , संजय अग्रवाल, संजय जैन छाबडा शिवेश पचीसिया, शैलेश दारूका, अजय शर्मा, महावीर खेतान, चंद्रशेखर जोशी आदि उपस्थित थे।

# कोलेबिरा में चलाया सदस्यता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** झारखंड पार्टी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में पूरी तरह से जुड़ चुकी है और इसी को लेकर बुधवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के राम जोड़ी गांव में झारखंड पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम लोगों की समस्याओं को सुना गया जिसमें बिजली पानी सड़क सहित कई प्रकार की समस्या शामिल रहे जिन्हें जल्द से जल्द दूर करवाने की आश्वासन दिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। झारखंड पार्टी में भेदभाव ऊंच-नीच और संप्रदाय विशेष को लेकर कार्य नहीं करती है आप सभी लोग झारखंड पार्टी का दामन थाम कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें और 2024 के चुनाव में इस क्षेत्र में एक बार फिर से झारखंड पार्टी को सेवा करने का मौका दे इधर झारखंड पार्टी की नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने भाजपा एवं कांग्रेस छोड़ झापा का दामन थामा। झारखंड पार्टी में शामिल होने वाले नारायण प्रधान, जगरनाथ प्रधान ,सुरेंद्र प्रधान, धर्मेंद्र गंझु शंकर गंझु, दशरथ गंझु, मंगू प्रधान, राम सिंह गंझु आदि शामिल रहे।

## मुरम रोड का विधायक ने किया उद्घाटन

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत सारूबहार में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने बुधवार को अपने मद से निर्मित मुरम रोड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक महीने पहले यहां पर आया था और ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि इस सड़क को जल्द बनाऊंगा ।महीने के अंदर ही इस सड़क को अपने मद से मिट्टी मुरम डलवा कर बनवाया उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा दिया गया आश्वासन हमेशा पूर्ण होती है साथ ही सड़क बनवाने के लिए यहां के लोगों ने जमीन दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा में पिरामल स्वास्थ्य सेवा के द्वारा जागरूकता अभियान रैली निकाला गया। इस विशेष सप्ताह को जन सहभागिता के रूप में मनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। विश्व पर्यावरण दिवस में इस वर्ष की थीम सॉल्यूशन टो प्लास्टिक पॉल्यूशन है। पिरामल स्वास्थ्य सेवा की मंजूषा यादव ने कहा की पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। हालांकि आज के औद्योगिक करण के दौर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चिंता का विषय बन गया है। इसके चलते दुनिया भर के इकोसिस्टम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से ही हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम पर्यावरण दिवस हर साल एक नए टीम के साथ मनाया जाता है। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम सॉल्यूशन टो प्लास्टिक पॉल्यूशन यह थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

# बच्चों को दो यह शिक्षा, पर्यावरण की करें सुरक्षा : श्रेया केडिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रेरणा शाखा की तत्वाधान में विश्व पर्यावरण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रेरणा शाखा के द्वारा 15 जुलाई तक घर-घर और सार्वजनिक स्थलों पर 500 पौधा लगाने का कार्य प्रारंभ किया है ताकि अभ्रकांचल की धरती भी हरी भरी नजर आये। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने बताया कि मंच की सभी पदाधिकारी व सदस्यगण अपने-अपने निवास स्थलों के अलावा सगे संबंधियों को प्रेरित कर रही है कि वे घरों की छतों पर पौधा लगाये ताकि उसकी देखभाल भी हो सके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी पौधा लगाने का कार्य किया जायेगा। उन्होनें कहा कि घरों की छतों पर लगाने वाले पौधे में बच्चों को भी प्रेरित किया जा रहा है और परिवार के लोगों यह भी शिक्षा दी जा रही बच्चों को दो यह शिक्षा पर्यावरण की करें सुरक्षा। उन्होनें कहा कि प्रेरणा शाखा के द्वारा बढते तापमान और मानवता के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है कि प्रत्येक लोग अपनी शादी के सालगिराह, जन्मदिन पर पौधा रोपण जरूर करें ताकि आने वाले भावी पीठी को भी इसका लाभ मिल सके। कहा कि पौधे लगाने से वर्षा होती है । पेड पौधे लगने से गर्मी में छाया भी मिलती है तथा इससे हमें फल और फुल भी मिलते है। वहीं सचिव सारिक लडढा ने कहा कि कुदरत का आंचल प्यार है उसे संभालना फर्ज हमारा हैह्लह्व पर्यावरण है अनमोल नहीं है इसका कोई मोल के तर्ज पर कार्य कर रही है। उन्होनें यह भी कहा किक आगे उन्हें थोडा खााद व जल देते हे। वृक्ष जो हमें जीवन भर फल देता है उन्होनें यह भी कहा कि इस माह शाखा के द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। इधर पौधारोपण अभियान में स्वीटी खेतान, मीनी हिसारिया, नेहा हिसारिया, प्रियंका कुमारी, शीतल पोददार सहित कई सदस्यों ने अमरूद आम फल फुल के पौधे लगाये।

**मांगें पूरी हों** | सीटू के राज्य स्तरीय प्रदर्शन में जिला से दर्जनों कार्यकर्ता हुए शामिल, बोले संजय पासवान

# झारखंड श्रम विभाग भ्रष्टाचार का बन गया अड्डा




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा ।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति एवं झारखंड के अफसरों की कारपोरेट परस्त रवैये के खिलाफ 14 सूत्री मांगों को लेकर रांची में झारखंड श्रम भवन के समक्ष सोमवार को विशाल प्रदर्शन किया गया. जिसमें जिला से दर्जनों कार्यकर्ता सहित राज्य भर से 3000 से अधिक मजदूर कर्मचारी शामिल हुए. श्रम भवन पर आयोजित प्रदर्शन व सभा को संबोधित करते हुए जिला के मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आज जनता के साथ-साथ हमारे देश की स्थिति चिंताजनक एवं गंभीर है और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां जिम्मेदार है, जो न केवल मजदूर विरोधी किसान विरोधी और जनविरोधी हैं, बल्कि राष्ट्रविरोधी भी हैं, ये नीतियां न केवल हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि, हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। केंद्र सरकार की नीतियों के चलते आज देश की मेहनतकश जनता बेरोजगारी एवं मंहगाई से जुझ रही है. झारखंड में कारपोरेट पक्षीय नौकरशाहों के मजदूर विरोधी रवैये के कारण, ट्रेड यूनियनों का पंजीकरण एवं पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया विभाग की लालफीताशाही का शिकार हो गया है. ठेका मजदूर, अनुबन्धित कर्मचारी, प्रवासी मजदूर आदि कामगारों की बढ़ती संख्या तथा कामकाजी मजदूरों की बिगड़ती परिस्थितियों के बावजूद सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की व्यवस्था नगण्य है. प्रशासनिक पहल की भारी कमी एवं स्थाई प्रकृति का काम ठेका श्रमिकों के माध्यम से कराया जाना चिंताजनक है. कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मजदूरों को नहीं मिल रहा है. श्रम कानूनों का सरेआम उल्लंघन के साथ-साथ पीड़ित मजदूरों को न्याय पाने की प्रक्रिया जटिल बना दिया गया है. राज्य श्रम विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है. मांगों में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण, सभी श्रेणियों के कामगारों को अनुसूची में सूचीबद्ध करने, कल्याण बोर्डों का पारदर्शी संचालन, श्रम विभाग के अंतर्गत विभिन्न समितियों में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व तय करने के पारदर्शी मानदंड और अधिसूचनाओं का सख़्त कार्यान्वयन तथा दोषी नियोक्ताओं के लिए अभियोजन और दंड सुनिश्चित करना, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के दायरे में नहीं आने वाले सभी कामगारों के लिए कल्याण बोर्ड गठित करने, मनरेगा के लिये अधिक बजट सुनिश्चित करने, शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने, श्रम विभाग में रिक्त पदों में नियुक्ति तथा एन आई एक्ट के तहत मजदूर दिवस (मई दिवस) की छुट्टी का प्रावधान सुनिश्चित करने जैसी मांगें शामिल है. कार्यक्रम को जिला की ओर से आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने भी सम्बोधित किया. प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देव, अपर महासचिव आर पी सिहं, कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिहं, वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, कोषाध्यक्ष अनिर्वान बोस ने किया.

## मुखिया ने किया जलजीवन मिशन कार्य योजना का शुभारंभ

# डंडई पंचायत के 6000 लोगों के घरों में पहुंचेगा स्वच्छ पानी



**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** प्रखंड के डंडई पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से कार्यान्वित जलजीवन मिशन कार्य योजना का मुखिया धनवंती देवी ने बुधवार को नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान उनके द्वारा पंचायत अंतर्गत बैरिया दामर गांव के नहर चौक के पास उक्त कार्य योजना को लेकर कार्य का शुभारंभ करने का काम किया गया। उसके बाद बोरिंग मशीन के माध्यम बोरिंग कार्य शुरू हो गया।

मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत के लोगों के लिए यह कार्य योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। उक्त योजना से पंचायत के 6000 लोगों के घरों में पानी मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर 10 घर की आबादी पर एक एक जल मीनार का निर्माण कराया जाएगा। उसके बाद वहां से पाइप के माध्यम उनके घर तक पानी पहुंच पहुंचेगा। वहीं पाइप में लगे नल से पानी लेकर वे किसी भी तरह के गृहणी कार्यों के अलावा अन्य तरह के कार्य को आसानी से करना शुरू कर देंगे। साथ ही कहा कि गर्मी के दिनों में भी अब उन्हें पानी के लिए सोचना नहीं पड़ेगा। आए दिन पंचायत के लोगों को खासकर गर्मी के दिनों में पानी के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन जलजीवन मिशन योजना से अब उन्हें हर तरह की कठिनाइयों से निजात मिल जाएगी। मुखिया ने बताया कि पंचायत अंतर्गत कुल 103 जल मीनार लगाने को लेकर सर्वे का काम कराया गया था, लेकिन बीच में कई लोगों की आपत्ति के बाद उसकी संख्या में अब कमी आ गई जो घटकर 83 की संख्या पर पहुंच गई। मुखिया ने आपत्ति कर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि यह कार्य योजना बहुत ही आयामी है। पंचायत के लोगों को इसके हक में फैसला लेने की जरूरत है। जल ही जीवन है कहानी को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन कार्य योजना के लिए लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। साथ ही उसके लिए स्थल देने से पीछे नहीं हटें। मौके पर प्रमुख अंजली देवी, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम,नजरुदीन अंसारी, ओस्ताज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, सलाहुद्दीन अंसारी, बजरंगी यादव, प्रमोद कुमार, लालमुनि यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## मंत्री के निर्देश पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने लड़की की शादी में दिया आर्थिक सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड मुख्यालय के खूरी गांव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर गांव की एक गरीब लड़की की शादी में आर्थिक सहयोग किया है। बताते चलें कि खूरी गांव निवासी हरीहर लोहरा की पुत्री की शादी थी। यह परिवार बेहद ही गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करता है। इसकी सूचना स्थानीय विधायक स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को झामुमो चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव के द्वारा दी गई थी। वहीं सूचना मिलते ही मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश के बाद झामुमो के कई कार्यकर्ताओं ने गरीब परिवार के घर पहुंच कर शादी के लिए 3000 रुपये की नकद राशि, 1 जोड़ी शादी के कपड़े देकर सहयोग किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पति दयानंद राम झामुमो पंचायत अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह मुखिया पति उदयराम विकास सिंह, राजदेव यादव छोटू गुरुजी शेखर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



## रक्तदाता दिवस पर 5 यूनिट किया रक्तदान

**गढ़वा।** शहर के सोनपुर लाइन पार निजामिया कमिटी गढ़वा की तरफ से रक्तदाता दिवस के अवसर पर 5 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले जावेद खान, समीर खान, नईम अंसारी, सलमान खान आदि का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार निजामिया कमेटी गढ़वा के सदर जावेद खान ने बताया कि रक्तदाता दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचकर संस्था के पांच लोगों ने रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान होता है। इससे बड़ा कोई दान नहीं होता है। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की बीमारियां नहीं होती हैं। रक्तदान करने से शरीर हमेशा सदैव स्वस्थ रहता है। अगर एक यूनिट रक्त से किसी व्यक्ति का जान बच्चे तो उससे बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं होता है। उन्होंने लोगों से आगे बढ़कर रक्तदान करने की अपील की है।

# 'वन संरक्षण होगा तभी जल संरक्षण होगा जल संरक्षण से मानव का संरक्षण संभव

### युवा सम्मेलन के साथ विश्व पर्यावरण सप्ताह का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से विश्व पर्यावरण सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय में सफाई कार्यक्रम, पौधरोपण, जागरूकता कार्यक्रम, शपथ कार्यक्रम तथा गढ़वा शहर में जागरूकता कार्यक्रम एवं स्थानीय नीलाम्बर पीताम्बर पार्क में नुक्कड़ नाटक किया गया। इस क्रम के अंतिम दिन युवा सम्मेलन किया गया। युवा सम्मेलन में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया साथ में विभिन्न स्वयंसेवकों के द्वारा प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ धर्म चंद्र लाल अग्रवाल ने की तथा कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी भास्कर कुमार तथा डॉ पुष्पा कुमारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर धर्म चंद्र लाल अग्रवाल ने कहा कि वन संरक्षण होगा तभी जल संरक्षण होगा और जल संरक्षण होगा तभी मानव का संरक्षण संभव है। महाविद्यालय के अर्थ पाल डॉक्टर भव्य प्रकाश पांडे ने इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट की समस्याओं पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हर हाथ में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का इस्तेमाल होता है, परंतु उससे उत्पन्न कचरे का सही से निपटारा नहीं हो पाता है, जिसके कारण पर्यावरण में गंभीर रसायन फैल रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। कार्यक्रम को डॉक्टर एसबीपी गुप्ता तथा प्रो. मनोज पाठक ने भी संबोधित करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। युवा सम्मेलन में स्वंयसेवक लव ठाकुर, कमल कांत महतो ने भी विस्तार पूर्वक पर्यावरण में आ रहे विभिन्न बदलावों एवं समस्याओं पर प्रकाश डाला।

मंच संचालन ग्रुप लीडर अलका कुमारी ने किया कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉक्टर एसएन उपाध्याय, डॉक्टर उदय मेहता, डॉ रवि कांत, डॉ परमेश्वर प्रसाद साहू, डॉक्टर कुंदन कुमार तथा स्वयंसेवक पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, दीप्ति तिवारी जान्हवी तिवारी, रोबिन कश्यप, अनिकेत चौबे, अनु कुमारी, आकाश तिवारी, रितिक शुक्ला, राजन कुमार, प्रियंका कुमारी, रागिनी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# सड़क बनाने के नाम भर दी नाली, घरों में घुस रहा पानी

### भाकपा माले ने नाली निर्माण कराने व दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** भाकपा माले के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर पुतुर ग्राम में पानी निकासी के लिये बने नाली को सड़क निर्माण के ठेकेदार द्वारा भरने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत नाली निर्माण कराने व दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।


आवेदन में कहा गया है कि पुतुर ग्राम में पानी निकासी के लिये पक्की नाली बनी थी। बाद में सड़क बनाने के नाम पर ठेकेदार द्वारा नाली को भर दिया गया, जिसके कारण वर्षा का पानी लोगों के घरों में घुस जा रहा है। ग्रामीणों ने सगमा बीडीओ को आवेदन देकर नाली बनवाने का आग्रह किया था। बीडीओ द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने पर विगत 12 मई को एसडीओ को भी आवेदन देकर नाली निर्माण कराने का अनुरोध किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाकपा माले अनुमंडल इकाई ने पुनः एसडीओ को आवेदन देकर पानी निकासी के लिये अविलंब नाली निर्माण कराने तथा ठेकेदार पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। नेताओं ने कहा है कि यदि नाली निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो विवश होकर भाकपा माले अनुमंडल कार्यालय का घेराव करने को बाध्य होगी। मांग करने वालों में किशोर कुमार, जिला कमेटी सदस्य कामेश्वर विश्वकर्मा, सदानंद यादव व रामचंद्र उरांव के नाम शामिल है।

## बीडीओ ने डीसी को लिखा पत्र, नाला स्वीकृत करने का किया अनुरोध

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बुधवार को उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर केतार बजार वासियों की चिरपरिचित मांग नाला निर्माण को स्वीकृत कर निर्माण करवाने का अनुरोध किया है। उक्त पत्र में उल्लेख किया गया है कि केतार पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से योजना चयन कर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के तहत बनवाने का आग्रह किया है, जिसमें केतार कर्पूरी गेट से मध्य विद्यालय तक नाला निर्माण एवं बेलास विश्वकर्मा के घर से पंडा नदी तक नाला निर्माण ग्राम सभा में पारित करते हुए तकनीकी स्वीकृति भी की गई है, जिससे नाले का निर्माण किए जाने का रास्ता साफ दिखाई दे रहा है।

# धन के लालच में किसी के साथ विश्वासघात न करें : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा गांव में आयोजित यज्ञ स्थल पर मिलने आए लोगों को समझाते हुए कहा कि धन के लालच में किसी के साथ विश्वासघात नहीं करनी चाहिए। हो सकता है थोड़े से धन में काम चलाना पड़े या थोड़ी सी परेशानी उठानी पड़े यह सही है लेकिन सुख भोगने के लालच में अगर किसी मित्र, साथी के साथ या किसी भी व्यक्ति के साथ विश्वासघात किया जाए यह कदापि उचित नहीं है। इससे बहुत बड़ा दोष लगता है।



उन्होंने कहा कि भागवत कथा अनुष्ठान पूर्वक सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय सांसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती। उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या और विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की संपत्ति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते हैं। उन्होंने कहा कि मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिए परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है। अगर मुनष्य छह माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा। अपने स्वार्थ और गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए।

# पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा मांगपत्र



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** पंचायत समिति सदस्य संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में भवनाथपुर प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर जयपाल महतो को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा है। संघ द्वारा दिए गए मांग पत्र में प्रखंडकी सभी पंचायत सचिवालय में पंचायत समिति सदस्य को कार्यालय उपलब्ध कराने, पंचायतों में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं में पंचायत समिति सदस्य की अनुसंशा को प्रथमिकता देने, सभी पंचायतों में पीडीएस डीलर द्वारा राशन वितरण से पूर्व पंचायत समिति सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य करने, पंचायतों में क्रियान्वित योजनाओं की सूची पंचायत समिति सदस्य को प्रतिमाह उपलब्ध कराने, पंचायत समिति सदस्य संघ को कार्यालय हेतु प्रखंड परिसर में कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग शामिल हैं। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सकील अहमद, हसीना बेगम, रीता देवी, अनीता देवी, सरिता देवी मौजूद थे।

# ट्रेन हादसे में घायल पति से पत्नी को मिलवाया

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पहल कर ओडिशा ट्रेन हादसे में घायल चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत हुमाजांग निवासी को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राकेश सिंह के दिशा निर्देशन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई की पहल पर पत्नी से मिलाया गया। पीडीजे के पास 4 जून देर रात्रि राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा फोन से सूचना मिली की ग्राम हुमाजांग, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा का एक व्यक्ति ओडिशा रेल हादसे में घायल है और वहां के अस्पताल में इलाजरत है।



## सदस्यता को लेकर जेएमएम की बैठक

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल मनोकामना में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड के सैकड़ों जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित हुए। प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उराव ने कहा कि जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी को और भी मजबूत करना है। बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएंगे।

# पीसीसी पथ निर्माण का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)** मयूरहंड प्रखंड के कदगावांकला पंचायत अंतर्गत ग्राम देवसर से नरचाही श्मशान घाट तक डीएमएफटी योजना से विशेष कार्य प्रमंडल द्वारा पीसीसी पथ निर्माण में अनियमित्ता बरती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार पथ की कुल लंबाई 1142 फीट व प्राकलन 11 लाख अड़तालिस हजार रुपये है। प्राकलन के अनुसार पथ की चौड़ाई 12 फीट 4 इंच और मोटाई 9 इंच पीसीसी ढलाई करनी थी, लेकिन संवेदक गोपाल प्रसाद यादव द्वारा बेहद निम्न स्तरीय और घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



पथ के दोनों छोर को 9 इंच और पथ के बीच में कहीं ढाई तो कहीं तीन इंच ही ढलाई की जा रही है।

### संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण कार्य का दिया निर्देश

इसके अलावा ढलाई के नीचे अधिक मात्रा में बालू और नाममात्र के सीमेंट और छरी मिलाकर मोटा कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने घटिया और योजना के अनुरूप कार्य नहीं कराए जाने का विरोध किया और इसकी सूचना मुखिया अशोक कुमार भुइयां को दी। मुखिया द्वारा गोपाल प्रसाद यादव के साइड इंचार्ज दिलीप कुमार को मना करने के बावजूद कार्य में सुधार नहीं लाने पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा उक्त मामले से अवगत कराया। इसके बाद कार्य स्थल पर बीडीओ ने निरीक्षण कर संवेदक को फटकार लगाते हुए कहा कि वह अपनी उपस्थिति में जेई से मापी कराएंगे। यदि योजनाअनुरूप कार्य नहीं पाया गया तो विभागीय पदाधिकारियों और उपायुक्त को सूचित करूंगा। कार्य-स्थल पर न तो योजना-संबंधी बोर्ड लगा हुआ है और न ही बीडीओ द्वारा मांगने पर प्राक्कलन की प्रति उपलब्ध कराई गई।

# महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष बनीं इंदू भगत

**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के गुंजन सिंह के द्वारा के 29 मई को पत्र जारी कर पलामू कांग्रेस की महिला नेत्री इंदु भगत को पलामू जिला महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। पत्र के अनुसार 5 जून को यह घोषणा झारखंड प्रदेश के महिला कांग्रेस के सम्मेलन में की गयी। पलामू कांग्रेसी नेत्री इंदू भगत को कांग्रेस की महिला महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाए जाने पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने बैठक का आयोजन कर खुशी जाहिर की और इंदु भगत को सम्मानित किया। हर्ष जाहिर करते हुए बिट्टू पाठक ने कहा कि इंदू भगत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और महिला कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा तथा कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश ठाकुर तथा पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अपेक्षा और विश्वास पर खरा उतरेंगी। महिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष इंदु भगत ने कहा कि मैं अपनी जिम्मेवारी इमानदारी पूर्वक निभाऊंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही है जहां महिलाओं को पूरा मान और सम्मान मिलता है। अपनी भावी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि सबसे पहले जिला स्तरीय महिला कांग्रेस कमेटी का गठन करूंगी। इसके बाद जिला नेतृत्व के साथ मिलकर पंचायत स्तरीय महिला कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी सारी गतिविधियां लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखकर की जाएंगी। साथ ही पलामू जिला क ी सभी महिलाओं को एकजुट करके देश के प्रधानमंत्री के रूप में राहुल गांधी जी को स्थापित करने का काम किया जाएगा।

**अनियमितता**

## मसले पर हो चुकी है छापेमारी

# मरीजों के अस्पताल पहुंचते ही दलाल हो जाते हैं सक्रिय



**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर।** पलामू सदर अस्पताल में गरीब मरीज यहां फ्री में इलाज की बात सोचकर पहुंचते हैं। मगर होता सबकुछ उल्टा है। पलामू प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमएमसीएच दलालों का अड्डा बना हुआ है। रात तो रात दिन के उजाले में भी दलाल की फौज अस्पतालों में मंडराती नजर आती है।अस्पताल के कुछ डॉक्टर, कर्मी व दलाल मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचते हैं कि मरीज निजी अस्पताल में इलाज कराने को मजबूर हो जाता है। जहां उससे मोटी रकम वसूली जाती है।

एमएमसीएच पहुंचे लगातार और शुभम संदेश के संवाददाता को कुछ लोगों ने बताया कि यह अस्पताल दलालों का अड्डा है। मरीज के पहुंचते ही दलाल सक्रिय हो जाते हैं। मरीज और उसके परिजनों को बरगलाकर निजी अस्पताल भेज दिया जाता है। इसमें अस्पताल के डॉक्टर, कर्मी और बाहरी दलाल शामिल रहते हैं। हाल में ही इस अस्पताल के एक डॉक्टर ने अपने निजी क्लिनक का पोस्टर एमएमसीएच में लगवाया था, ताकि मरीज सीधे सरकारी अस्पताल छोड़ कर उनके क्लिनिक में पहुंच जाए।

### 2 जून की देर रात डीडीसी रवि आनंद व एएसपी ऋषभ ने की छापेमारी





अस्पताल में दलालों के सक्रिय होने की लगातार मिल रही सूचना पर बीते 2 जून की रात पलामू डीडीसी रवि आनंद और एएसपी ऋषभ गर्ग ने छापेमारी की थी। अस्पताल के कई अनुबंधकर्मी सहित 6 कथित दलालों को पकड़ा था। पूछताछ के बाद सभी को हिदायत देकर पीआर बॉड पर छोड़ दिया गया था। वहीं अस्पताल के अधीक्षक डीके सिंह ने कहा कि हमें भी पता चला है कि कुछ दलाल यहां सक्रिय है। छोटू त्रिपाठी और कोई राय करके आदमी मरीजों को बरगला कर मैया बाबू अस्पताल और एसएस अस्पताल में भेजने का काम करता हैं। हमलोग एक टीम बनाकर जांच कर डॉक्टर रोहित पांडे, त्रिपाठी और राय पर कार्रवाई करने के लिए पलामू डीसी और स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखेंगे। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि दलाल के चक्कर में ना पड़े। कोई बरगलाता है तो तुरंत सूचना दें, वैसे लोगों पर कार्रवाई करेंगे। इधर सामाजिक कार्यकर्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा कि पलामू के एमएमसीएच अस्पताल में दलालों द्वारा गरीब मरीजों से पैसा लूटा जा रहा है। वहीं जिला प्रशासन उन दलालों को जेल भेजने की बजाय हिदायत देकर बार-बार छोड़ दे रहा है। अगर एमएमसीएच में दलाली नहीं बंद हुई तो झारखंड क्रांति मंच उग्र आंदोलन करेगा।

ज्ञान की बात


**'भले ही झूठे व्यक्ति की ऊंची आवाज, सच्चे व्यक्ति को चुप करवा देती है लेकिन सच्चे व्यक्ति का मौन ही झूठे व्यक्ति की जड़ो को हिला देता है।'**
**- गौतम बुद्ध**

# एमपीसी की अहम बैठक

***कुछ*** कठिन वर्षों के बाद भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह हो रही अहम बैठक में स्वयं को थोड़ा सहज स्थिति में पाएगी। मुद्रास्फीति की दर में गिरावट आई है और आर्थिक वृद्धि अनुमान से बेहतर रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा गत सप्ताह जारी किए गए आंकड़े दिखाते हैं कि 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही जबकि आधिकारिक अनुमान 7 फीसदी की वृद्धि का था। एमपीसी के लिए राहत की एक और बात यह होगी कि अर्थशास्त्रियों के अनुसार अनुमान से ऊंची आर्थिक वृद्धि शायद मुद्रास्फीति की दर को नहीं बढ़ाए क्योंकि यह मोटे तौर पर निवेश से संचालित है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.7 फीसदी थी और आने वाले महीनों में भी उसके अपेक्षाकृत सहज स्तर पर बने रहने की आशा है। वैश्विक जिंस कीमतों में कमी आई है और कच्चे माल की लागत का दबाव कम हुआ है। उदाहरण के लिए ब्लूमबर्ग जिंस सूचकांक में बीते वर्ष करीब 15 फीसदी की कमी आई। मूल मुद्रास्फीति में भी कमी के संकेत हैं। ऐसे में यह देखना होगा कि एमपीसी अपनी आगामी बैठक में मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को कम करती है या कुछ और समय तक प्रतीक्षा करती है। इस वर्ष मुद्रास्फीति से संबंधित नतीजों से जुड़ा एक बड़ा जोखिम अल नीनो प्रभाव तथा मॉनसून पर उसका असर होगा। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि मॉनसून सामान्य रहेगा लेकिन अगर इसमें कमी आई या इसका वितरण असमान हुआ तो खाद्यान्न कीमतों पर असर पड़ सकता है। इस बीच सऊदी अरब ने रविवार को तय किया कि वह कच्चे तेल के उत्पादन में आगामी जुलाई से रोजाना 10 लाख बैरल की कमी करेगा जबकि ओपेक तथा अन्य देशों के सदस्यों ने उत्पादक कटौती को 2024 के अंत तक के लिए बढ़ा दिया है। कम आपूर्ति से कीमत बढ़ेगी और मुद्रास्फीति पर भी असर होगा। समग्र वृहद आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए अनुमान यही है कि एमपीसी नीतिगत दरों को अपरिवर्तित छोड़ सकती है और यह देखने की कोशिश कर सकती है कि आने वाले सप्ताह और महीनों में कैसे हालात बनते हैं। बहरहाल केंद्रीय बैंक जो संवाद करेगा वह इस बार महत्त्वपूर्ण होगा। रिजर्व बैंक को वित्तीय बाजारों के समक्ष यह स्पष्ट करना होगा कि एक और बार दरों में इजाफा नहीं करने का यह अर्थ न लगाया जाए कि आने वाले महीनों में दरों में कटौती की जा सकती है। केंद्रीय बैंक को नीतिगत दरों को इसी स्तर पर रखना होगा और यह देखना होगा कि यह व्यवस्था में किस प्रकार काम करता है। इस संदर्भ में यह भी महत्त्वपूर्ण होगा कि रुख को बिना बदलाव के छोड़ दिया जाए। यह बात ध्यान देने वाली है कि मुद्रास्फीति की दर अभी भी 4 फीसदी के दायरे से ऊपर है और रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह टिकाऊ ढंग से तय लक्ष्य के करीब पहुंचे। 2022-23 में औसत मुद्रास्फीति दर 6.7 फीसदी थी। इसके अलावा वैश्विक हालात भी अनिश्चित बने हुए हैं। हालांकि अमेरिका में कुल मुद्रास्फीति में कमी आई है लेकिन मूल मुद्रास्फीति में नहीं। ऐसे में वित्तीय बाजार फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में इजाफे की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर वृहद आर्थिक हालात अपेक्षाकृत बेहतर नजर आ रहे हैं, अपेक्षाकृत असहयोगात्मक वैश्विक माहौल में वृद्धि को टिकाऊ बनाये रखना मुश्किल होगा। इसके अलावा खपत की मांग कमजोर बनी हुई है जो मध्यम अवधि की संभावनाओं पर असर डाल सकती है। बहरहाल रिजर्व बैंक इस संदर्भ में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है। इसे दिल्ली से हल करना होगा।

**अपेक्षाकृत असहयोगात्मक वैश्विक माहौल में आर्थिक वृद्धि को टिकाऊ बनाए रखना मुश्किल होगा। खपत की मांग कमजोर बनी हुई है जो मध्यम अवधि की संभावनाओं पर असर डाल सकती है।**

# चिंता का विषय है महासागरों में बढ़ता प्रदूषण





रमेश सर्राफ धमोरा

***महासागर*** हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक हैं बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते हैं। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरों में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाय तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। हर साल जून 08 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा। 08 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 08 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किये जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरुकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाये रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव महासागरों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से

**1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा।**

इन दिनों

वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर जीवन को बनाये रखने वाले परितंत्रों में महासागर की उपयोगिता को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम महासागरीय पारितंत्र के संतुलन को बनाये रखें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ महासागर अपने अंदर व आस-पास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रो को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव व वनस्पतियां पनपती हैं। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में स्थित मैन्ग्रोव जैसी वनस्पतियों से संपन्न वन समुद्र के अनेक जीवों के लिए नर्सरी का काम करते हुए विभिन्न जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। महासागरों में पृथ्वी का सबसे विशालकाय जीव व्हेल से लेकर सूक्ष्म जीव भी मिलते हैं। एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं। प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चौथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है। हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है। समुद्र में मौजूद सूक्ष्म वैक्टीरिया ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन के लिए बेहद जरूरी है।

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

भारतवर्ष में एक प्रतापी और दानी राजा राज्य करता था। वह नित्य गरीबों और ब्राह्मणों की सहायता करता था। यह बात उसकी रानी को अच्छी नहीं लगती थी, वह न ही गरीबों को दान देती, न ही भगवान का पूजन करती थी और राजा को भी दान देने से मना किया करती थी। एक दिन राजा शिकार खेलने वन को गए हुए थे, तो रानी महल में अकेली थी। उसी समय बृहस्पतिदेव साधु वेष में राजा के महल में भिक्षा के लिए गए और भिक्षा माँगी रानी ने भिक्षा देने से इन्कार किया और कहाः हे साधु महाराज मैं तो दान पुण्य से तंग आ गई हूँ। मेरा पति सारा धन लुटाते रहिते हैं। मेरी इच्छा है कि हमारा धन नष्ट हो जाए फिर न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी।

**साधु ने कहाः** देवी तुम तो बड़ी विचित्र हो। धन, सन्तान तो सभी चाहते हैं। पुत्र और लक्ष्मी तो पापी के घर भी होने चाहिए। यदि तुम्हारे पास अधिक धन है तो भूखों को भोजन दो, प्यासों के लिए प्याऊ बनवाओ, मुसाफिरों के लिए धर्मशालाएं खुलवाओ। जो निर्धन अपनी कुंवारी कन्याओं का विवाह नहीं कर सकते उनका विवाह करा दो। ऐसे और कई काम हैं जिनके करने से तुम्हारा यश लोक-परलोक में फैलेगा। परन्तु रानी पर उपदेश का कोई प्रभाव न पड़ा।

**वह बोलीः** महाराज आप मुझे कुछ न समझाएं। मैं ऐसा धन नहीं चाहती जो हर जगह बाँटती फिरूं। साधु ने उत्तर दिया यदि तुम्हारी ऐसी इच्छा है तो तथास्तु! तुम ऐसा करना कि बृहस्पतिवार को घर लीपकर पीली मिट् ?टी से अपना सिर धोकर स्नान करना, भट् ?टी चढ़ाकर कपड़े धोना, ऐसा करने से आपका सारा धन नष्ट हो जाएगा। इतना कहकर वह साधु महाराज वहाँ से आलोप हो गये। साधु के अनुसार कही बातों को पूरा करते हुए रानी को केवल तीन बृहस्पतिवार ही बीते थे, कि उसकी समस्त धन-संपत्ति नष्ट हो गई। भोजन के लिए राजा का परिवार तरसने लगा।

*(क्रमशः)*

# धर्मनिरपेक्ष राज्य की अवधारणा मात्र भ्रम है



पंकज जगन्नाथ जयसवाल

***कोई*** सोच भी नहीं सकता कि 140 करोड़ की आबादी वाला देश 70 साल से भी ज्यादा समय से 'सेक्युलरिज्म' शब्द के झांसे में फंसा हुआ है। विरोधी मान्यताओं वाले राजनीतिक समूह 'धर्मनिरपेक्षता' के बैनर तले एकजुट हो गये हैं। कई राजनीतिक दल चुनाव जीतने और धर्म के खिलाफ शासन करने के लिए तुरुप के पत्ते के रूप में 'धर्मनिरपेक्षता' का उपयोग करते हैं। धर्म का पालन करने वाले राजनीतिक दल की कड़ी आलोचना की जाती है। उसे हराने के लिए तमाम तरह के तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक ऐसे देश में हो रहा है जहां राजनीतिक जीवन की दस हजार साल की परंपरा सभी के लिए न्याय और समानता को स्थापित करती है, जैसा कि रामराज्य में देखा गया है। धर्म, स्वामी विवेकानंद के अनुसार, भारत का मूल है। लोगों को यह विश्वास करने में गुमराह किया गया कि रिलीजन का अर्थ धर्म है। भारत के इतिहास में ऐसा कोई क्षण नहीं था जहां रिलीजन राज्य सरकार पर हावी था जैसा कि वर्तमान सहस्राब्दी के मध्य में यूरोपीय देशों में हुआ था और आज भी है। लोग धर्म के अर्थ से अच्छी तरह वाकिफ हैं क्योंकि वे युगों से पुत्र-धर्म (पुत्र के कर्तव्य), पत्नी-धर्म (पत्नी के कर्तव्य) और राज धर्म (सरकार के कर्तव्य) जैसे अर्थों के साथ जीवन जीते आ रहे है। कई राजनीतिक दलों के नेता, हालांकि 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द की गलत धारणा को तो स्वीकार तो करते हैं, लेकिन अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। समाज और राष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहे है। आज 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' शब्द का प्रयोग एक धर्म आधारित राज्य के विपरीत किया जाता है। इस शब्द का उपयोग केवल पश्चिमी विचार पद्धति की एक प्रति है। हमें इसे भारत में लाने की आवश्यकता नहीं थी। इसे पाकिस्तान से अलग करने के लिए हमने 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' करार दिया। यह गलत सोच का कारण बन रहा है। धर्म को धर्म के बराबर रखा गया था और एक 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' को धर्म से रहित राज्य के रूप में परिभाषित किया गया था। पश्चिमी देश 'धर्मनिरपेक्षता' को खुद नहीं मानते और जो देश मानता है वह बरबादी की ओर बढ़ रहा है। अपनी विचारधारा और संस्कृति को खो रहा है। बड़ी संख्या में मिशनरी पूरी दुनिया में लोगों के दिमाग में जहर घोलकर ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के लिए क्रूरता से काम कर रही है। मिशनरी, उनके एनजीओ और अनुयायी गलत विमर्श स्थापित करते हैं और तथाकथित 'धर्मनिरपेक्षता' के नाम पर हिंदुओं पर दुर्बुद्धि के आरोप लगाते हैं। सवाल यह है कि क्या इस्लामिक देशों में 'धर्मनिरपेक्षता' के बारे में सोचना वास्तव में संभव है? भारत में विशेष रूप से हिंदू, लगातार ऐसे धर्मांतरण माफिया के निशाने पर है। यह लोग विशाल सनातन संस्कृति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। जो जहर भरकर धर्मांतरित हो गए हैं क्या उनका जीवन पोषित, समृद्ध और खुशहाल है। इसका उत्तर नहीं है। बल्कि, जीवन और अधिक दुखी, तनावपूर्ण और हिंसक हो गया है। कई अफ्रीकी देश, ईरान, श्रीलंका, मुख्य रूप से भारत के उत्तर पूर्वी भाग में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया है। फिर भी उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति गंभीर बनी हुई है। बुनियादी आवश्यकताओं के लिए हिंसक उपाय का सहाला लिया जा रहा है। 2014 से पहले के उत्तर-पूर्वी राज्यों का परिदृश्य बेहद डरावना रहा है। जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से हालात बदले हैं। दरअसल धर्मांतरण विभाजित और नष्ट करता है। धर्म जोड़ता है और उत्थान करता है। इसे तथाकथित सेक्युलर नहीं समझ सकते। आज धर्मनिरपेक्षता की यह फर्जी अवधारणा न केवल सामाजिक और आर्थिक स्तर पर कई परिवारों को बरबाद कर रही है, बल्कि मानवता और मानवीय मूल्यों को खारिज करने वाली विचारधारा को फैलाने के लिए आतंकवादी संगठनों और उनके समर्थकों का सहारा ले रही है।

**आज 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' शब्द का प्रयोग एक धर्म आधारित राज्य के विपरीत किया जाता है। इस शब्द का उपयोग केवल पश्चिमी विचार पद्धति की एक प्रति है।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# तंत्र की भ्रष्टता से खोखले होते निर्माण



ललित गर्ग

***बिहार*** के भागलपुर में गंगा नदी पर करीब 1700 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे पुल के ढह जाने की घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किये जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बबार्दी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जायेगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटना कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आईं। पुलों के गिरने के लिए उसे बनाने वाली कंपनी की लापरवाही और भ्रष्टाचार जितनी जिम्मेदार है, उससे ज्यादा जिम्मेदारी शासक एवं प्रशासक की है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। करीब सात महीने पहले हुए गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। अचरज इस बात का है कि बिहार में रविवार को जो पुल ढहा वह पिछले साल भी ढह चुका था। इसके बावजूद सरकार ने न तो कोई सबक लिया और न ही किसी के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई की। यह जाहिर करता है कि सरकार, प्रशासन एवं ठेकेदारों के बीच कितनी सुदृढ़ मिलीभगत है। बिहार में गंगा नदी पर बन रहे इस पुल का निर्माण 2014 में शुरू हुआ था और इसे 2019 में ही पूरा हो जाना था। चार साल बाद भी वह पूरा बनकर तैयार क्यों नहीं हुआ, यह भी एक तरह का भ्रष्टाचार है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर दिया जाए, तो हादसे कमोवेश हर राज्य में और हर दल की सरकार के कार्यकाल में होते रहते हैं। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। हैरानी की बात यह है कि जब पुल के गिरने की घटना उसके वीडियो सहित सुर्खियों में आ गई तब सरकार की ओर से यह सफाई आई कि चूंकि इस पुल का डिजाइन गलत था और जोखिम से भरा था, इसलिए इसे गिराया जाना तय था। इतना तय है कि एक ही पुल अगर दो बार भरभरा कर गिरा तो यह डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार उस पुल की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? दूसरी बार गिर गये इस पुल को लेकर सरकारी दावे सामने आते रहे कि जल्दी ही इस पुल का निर्माण कार्य पूरा कर जनता के लिए खोल दिया जायेगा। जबकि बनने से पहले दो बार गिर चुका पुल कैसे जनता के लिये सुरक्षित हो सकता है? अगर उस पर वाहनों और लोगों की आवाजाही रहती तो अंजाम की त्रासदी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### एसपी बता महिला दारोगा को धमकी देने वाला फ्रॉड गिरफ्तार

**नवादा।** खुद को नवादा एसपी बता महिला दारोगा को फोन पर धमकी देने वाले फ्रॉड को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। यह शख्स पुलिस अधिकारी बनकर पुलिसवालों को कॉल किया करता था और थाने से जुड़ी बातें पूछने की कोशिश करता था। महिला एसआई से भी इस संबंध में पूछताछ करने लगा लेकिन महिला एसआई को यह एहसास हो गया कि कॉल करने वाला फ्रॉड है तो उसने बात करना मुनासिब नहीं समझा। कॉल काटने के बाद वह फिर फोन लगाया और महिला दारोगा को सस्पेंड करने तक की धमकी देने लगा। धमकी भरा यह कॉल 26 मई को नारदीगंज थाने की दारोगा अंशु प्रभा को आया था। फोन करने वाले फ्रॉड ने खुद को नवादा एसपी बता महिला एसआई को थानेदार बनाने की लालच देने लगा। यह सुनकर अंशु प्रभा को यह बात हजम नहीं हुई। उसे ऐसा लगा कि कोई सिरफिरा इस तरह की बातें कर रहा है। जब उन्होंने फोन काट दिया तब फिर से उसने कॉल किया और इस बार उसे सस्पेंड करने की धमकी देने लगा। जिसके बाद महिला दारोगा ने अगले दिन नारदीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसके बाद सर्विलांस की मदद से उसे पुलिस ने दबोच लिया।

### मां ने दो बच्चों के साथ कुएं में लगाई छलांग, बच्चों की मौत, महिला को बचाया

**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिले में एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। घटना में दोनों बच्चों की मौत हो गईए जबकि महिला को बचा लिया गया है। महिला ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी अनुसार घटना धार जिले के बाग क्षेत्र में आने वाले खंडलाई गांव की है। यहां बुधवार सुबह एक महिला अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। घटना के बाद ग्रामीण भी कुएं कूदे और महिला को बचा लियाए लेकिन उसके दोनों बच्चों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस महिला के आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का पता लगा रही है।

### सोने की बिस्कुट के साथ गिरफ्तार तस्करों को 14 दिनों का जेल


**सिलीगुड़ी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने दो अलग-अलग अभियान चलाकर करोड़ों रुपए के सोने की बिस्कुट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम सनाउल्लाह सिकदार (34) और दिवाकर दास (46) है। सनाउल्लाह असम और दिवाकर बिहार के कटिहार का निवासी है। बुधवार को गिरफ्तार दोनों तस्करों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गयाए जहां से दोनों को 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीआरआई के तरफ से बुधवार को बताया गया किए गुप्त सूचना पर टीम ने मंगलवार को तूफानगंज में अभियान चलाकर एक बाइक चालक सनाउल्लाह सिकदार को पकड़ा था। जब उसकी जांच की गई तो उसके जूते से कुल 16 पीस सोना का बिस्कुट बरामद हुआ था। वहींए पूछताछ के बाद सनाउल्लाह ने बताया कि उसके एक साथी दिवाकर दास ट्रेन से एक पीस सोना लेकर डालखोला जा रहा है। इसके बाद डीआरआई की टीम सनाउल्लाह के बयान के आधार पर अभियान चलाकर एनजेपी रेलवे स्टेशन पर डिब्रूगढ़-दिल्ली राजधानी ट्रेन से दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक पीस सोना का बिस्कुट भी जब्त कर लिया गया। इसके बाद आज डीआरआई ने सनाउल्लाह और दिवाकर को सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। जिसके बाद न्यायाधीश ने दोनों तस्करों को 14 दिनों का न्यायिक हिरासत में रखने का फैसला सुनाया।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# चिटफंड कंपनी संचालकों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की जनता से किए गए अपने वायदे को निभाते हुए चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्दश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश में अनियमित वित्तीय कंपनियों (चिटफंड कंपनियों) एवं उनके संचालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके फलस्वरुप पीड़ितों को उनका डूबा हुआ पैसा वापस मिल रहा है। अधिक ब्याज और जल्दी रकम दोगुनी करने के झांसे में आकर हजारों लोगों ने अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा दी थी। अब उन निवेशकों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है क्योंकि ठगी करने वाली चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों को कुर्क कर निवेशकों का डूबा हुआ पैसा वापस दिलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश के नेतृत्व में नई सरकार के गठन पश्चात सरकार ने चिटफंड कंपनियों के संचालन को राज्य में पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अलग-अलग स्थानों



पर कार्यक्रम आयोजन के दौरान चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को राशि लौटाई है। देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र राज्य है जो निवेशकों को उनका पैसा वापस दिला रहा है। चिटफंड कंपनियों की नीलामी से 33 करोड़ 44 लाख 77 हजार 743 रुपये की राशि निवेशकों को वापस लौटाई जा चुकी है। छत्तीसगढ़ में 209 अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरुद्ध कुल 465 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। 401 प्रकरणों में चालान तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा चुका है। 06 प्रकरण में खात्मा और 03 प्रकरण में खारजी हुई है। 55 प्रकरण पुलिस में विवेचनाधीन है। दर्ज 465 प्रकरणों में कुल 690 डायरेक्टर्स व पदाधिकारियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। 64 प्रकरणों में 37 कंपनियों की सम्पत्तियों की नीलामी, वसूली ,राजीनामा से 55 करोड़ 98 लाख 90 हजार 866 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। जिला दण्डाधिकारी कार्यालयों में कुल 25 लाख 68 हजार 05 आवेदन पत्र जमा किये गये है। प्राप्त आवेदन पत्रों में से कुल 4 लाख 54 हजार 324 आवेदन पत्र निराकृत हो गए हैंए शेष 20 लाख 95 हजार 407 आवेदन पत्रों के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। 46 प्रकरणों में 38 कंपनियों से 33 करोड़ 44 लाख 77 हजार 743 रुपये की धनराशि निवेशकों को वितरित की गई है। 29 प्रकरणों में 21 कंपनियों से 22 करोड़ 54 लाख 13 हजार 123 रुपये की राशि सरकारी खाते में जमा है जिनके वितरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।31 प्रकरणों में 17 कंपनियों की सम्पत्ति अनुमानित कीमत 24 करोड़ 82 लाख 30 हजार 233 रुपये की न्यायालय के अंतिम आदेश उपरांत नीलामी कार्यवाही कलेक्टर्स के पास प्रक्रियाधीन है। 95 प्रकरणों में कुल 80 करोड़ 81 लाख 21 हजार 99 रुपये की सम्पत्ति की कुर्की का अंतिम आदेश माननीय न्यायालय द्वारा जारी किया गया है। 137 प्रकरणों में चिन्हांकित सम्पत्ति जिसकी अनुमानित कीमत 678 करोड़ 68 लाख 63 हजार 423 रुपए हैए जिसमें से राज्य के भीतर 116 करोड़ 63 लाख 95 हजार 262 रुपये तथा राज्य के बाहर 562 करोड़ 04 लाख 68 हजार 161 रुपये की अनुमानित कीमत की सम्पत्ति की कुर्की की है।

## दामोह के मामले पर सीएम ने जताई आपत्ति

# हिजाब विवादों में घिरे स्कूलों पर होगी कार्रवाई




**एजेंसी। दमोह**

मध्य प्रदेश के दमोह जिले के गंगा-जमुना हाईस्कूल के सफल छात्र-छात्राओं के पोस्टर में हिंदू छात्राओं को हिजाब जैसा स्कार्फ पहने दिखाए जाने पर शुरू हुआ बवाल अब धर्मांतरण जैसे मसले तक पर पहुंच गया है। इस मामले पर सरकार गंभीर है और सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों स्कूल का एक पोस्टर विवादों में आया था। जिसमें हिंदू बालिकाओं के हिजाब से मिलता जुलता स्कार्फ पहने दिखाया गया था। उसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने पहले क्लीन चिट दी मगर बाद में उसकी मान्यता ही निलंबित कर दी गई। इतना ही नहीं इस स्कूल की कई शिक्षिकाओं का धर्म परिवर्तन कराए जाने के आरोप लगे। इन शिक्षिकाओं ने समाने आकर विद्यालय में पढ़ाने आने से पहले ही धर्म परिवर्तन की बात स्वीकारी। इतना ही नंहीं कई बच्चों ने यह आरोप भी लगाए कि उन्हें नामज तक पढ़ने के मजबूर किया जाता हैए साथ ही इस्लामिक आयतें पढ़ने का दवाब बनाया जाता है।

इस मामले को लेकर पहले हिंदूवादी संगठनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाएए फिर जिला प्रशासन पर विद्यालय के सहयोग करने का आरोप लगा। उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी के चेहरे पर स्याही पोती, उन्हें हटा दिया गया है, वहीं स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी कलेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए।

अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले पर कहा है। प्रदेश में कुछ जगह धर्मांतरण के कुचक्र चल रहे हैं हम उनको कामयाब नहीं होने देंगे। पूरे प्रदेश में हमने जांच के भी निर्देश दिए विशेषकर जो शिक्षण संस्थान हैं। चाहे मदरसे चलते हों अगर गलत ढंग से शिक्षा भी दी जा रही होगी तो हम उसको भी चेक करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, दमोह का मामला बहुत गंभीर है। दमोह की घटना में तो अब हमारे पास रिपोर्ट आ रही है। मुझे बता दिया गया है। बेटियों ने बयान दिए है कि उन्हें बाध्य किया गया है। जैसा गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया पहले हम एफआईआर कर रहे हैं। कठोरतम कार्रवाई होगी। भोले.भाले मासूम बच्चे जिनमें समझ ही नहीं। पढ़ाई के नाम पर बुलाकर अगर इस ढंग का प्रयत्न किया जाता है तो हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे, ऐसे जिनके इरादे हैं वो कठोरतम दंड पाएंगे।

राज्य के गृहमंत्री डॉ मिश्रा का कहना है कि इस तरह की मानसिकता रखने वालों को मध्य प्रदेश में पूरी तरह नेस्तनाबूत कर दिया जाएगा। स्कूल में भारत के नक्शे से छेड़छाड़ का जो मामला सामने आया है उसको लेकर जांच की आदेश दे दिए हैं।

# जनता को धोखा देना कांग्रेस की आदतः गृहमंत्री

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पर वादाखिलाफी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी किये जाने पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस लगातार धोखा देने का काम कर रही है। अपने वादों को पूरा करने में विफल साबित हुई है।

गृहमंत्री डॉ मिश्रा ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर गाने गाकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने हद कर दी। चुनाव में बिजली बिल माफ करने का वादा किया और जीतने के बाद बिजली के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम ही है वादा खिलाफी करना। वे लगातार जनता को धोखा दे रहे हैं। धोखा देना उनकी आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता कोए किसान कोए नौजवानों को सबको धोखा दे रही है। कसमें वादे, प्यार वफा सब बातें है। बातों का क्या यह गाना कांग्रेस पर सटीक बैठता है। ठीक उसी प्रकार बीते चुनाव में मप्र में भी कांग्रेस ने 10 दिन में कर्ज माफ करने का वादा किया था। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 51 हजार देने का वादा किया था। वचन पत्र में कहा था कि पेट्रोल डीजल की कीमत कम करेंगेए लेकिन कुछ नहीं किया।

### दलित दूल्हे के घोड़ी पर बैठने पर पथराव

**एजेंसी। छतरपुर**

बुंदेलखंड में ऊंच-नीच, छुआछूत और वर्ग भेद अब भी जारी है। गाहे-बगाहे ऐसी तस्वीरें भी सामने आ जाती हैं जो इन हालातों को बयां कर जाती हैं। ऐसा ही मामला छतरपुर में सामने आया है, जहां दलित दूल्हे का घोड़ी पर बैठना अन्य लोगों को रास नहीं आया और उन्होंने पथराव तक कर दिया। मामला छतरपुर जिले के चौरई गांव का हैं। यहां दलित समाज से नाता रखने वाले रितेश अहिरवार की शादी थी और उससे पहले वैवाहिक रस्म अदा की जाती है। जिसमें दूल्हा घोड़ी पर बैठ कर अपने गांव में निकलता है। जिसे राछ कहा जाता है। गांव में बारात निकालने को लेकर दबंग वर्ग के लोग पहले ही धमका चुके थे। गांव के दबंगों के रवैए के चलते आशंका थी कि कोई विवाद हो सकता है।

# अद्भुत स्वरुप में दिखेगा सिमरिया गंगा धामः मंत्री

**एजेंसी। बेगूसराय**

जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने बुधवार को यहां कहा है कि मिथिला का पावन गंगा तट बेगूसराय का सिमरिया धाम जून 2024 तक अद्वितीय रूप में दिखने लगेगा। सिमरिया का वह भव्य स्वरूप होगा, जो स्वरूप अब तक बिहार के किसी अन्य जगहों की नहीं है। जल संसाधन और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा ने बुधवार को सिमरिया गंगा तट पर होने वाले विकास कार्यों का पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मां गंगा की पूजा करते हुए दुग्ध अर्पित किया। उन्होंने तय समय सीमा से पहले कार्य पूरा करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया। पूजा-अर्चना और कायारंभ करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए संजय कुमार झा ने कहा कि



सिमरिया धाम को उत्तराखंड के हर की पौड़ी की तरह भव्य बनाने के लिए 30 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा यहां आकर शिलान्यास किया गया था। कार्य समाप्त करने का लक्ष्य 18 माह का तय किया गया है। लेकिन कार्यकारी एजेंसी को गुणवत्ता के साथ अगले वर्ष जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए दिन.रात काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिथिला के इस पावन गंगा घाट पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इसके मद्देनजर दूरदर्शी प्लान बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। सिमरिया गंगा धाम में सीढ़ी साधारण नहीं बनेगा। यहां गंगा की गहराई के देखते हुए बिहार में पहली बार स्टील शीट से पाइलिंग किया जाएगा। जिससे भविष्य में धसान नहीं हो। हर की पौड़ी वाले स्ट्रक्चर की तरह स्ट्रक्चर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। जिससे ट्रेन पर से ही इसका अद्भुत दृश्य दिखे। मुक्तिधाम भी बनाया जाएगा। जिसमें लकड़ी एवं बिजली पर अलग-अलग शवदाह की व्यवस्था होगी। जाने के लिए रास्ता और सुरक्षा के उपाय किए जाएंगे। कल्पवास क्षेत्र का भी सुदृढ़ीकरण और विकास किया जाएगा, कार्य आज से शुरू हो रहा है। अगस्त से गंगा में पानी बढ़ने लगता है। इसके मद्देनजर जुलाई के अंतिम तक स्टील पाइलिंग पूरा करने का निर्देश दिया गया है। पानी बढ़ने के बाद धर्मशाला सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। 2023 के कल्पवास और अर्ध कुंभ तक सीढ़ी निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। यहां सब दिन लोगों की भीड़ उमड़ती हैए इसके मद्देनजर कार्य के दौरान श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हो, इसका भी ख्याल रखा जाएगा।

# बंगाल सिविल सेवा में शामिल नहीं हो सकेंगे हिंदी भाषी , विरोध

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल सरकार ने इसी वर्ष 15 मार्च को एक अधिसूचना जारी की है। जिस पर विवाद गहराने लगा है। पश्चिम बंगाल की सिविल सर्विस (एग्जीक्यूटिव) पदों पर नियुक्ति के लिए जहां एक आवश्यक पेपर में बांग्लाए हिंदी, उर्दू, नेपाली तथा संथाली भाषाओं का विकल्प मौजूद था वहीं अब सिर्फ बांग्ला और नेपाली भाषा का ही विकल्प मौजूद रहेगा। यानी हिंदी उर्दू और संथाली भाषाओं से पढ़ने वाले विद्यार्थी इन परीक्षाओं में भाग नहीं ले सकेंगे। इस अधिसूचना की विस्तृत जानकारी तथा विरोध प्रकट




करने के लिए वेस्ट बंगाल लिंग्विस्टिक माइनॉरिटी एसोसिएशन के बैनर तले एक विशाल सभा भारतीय भाषा परिषद के सभागार में आयोजित की गई। इसमें संस्था के संयोजक जितेंद्र तिवारी ने साफ शब्दों में कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब तथा अन्य राज्यों के लोग बंगाल में कई पीढ़ियों से रह रहे हैं और यहां के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहे हैं। फिर उन्हें इस अधिसूचना के माध्यम से बंगाल की प्रशासनिक सेवाओं में नौकरी से क्यों वंचित किया जा रहा है,उन्होंने आगे कहा कि हमारा बांग्ला भाषा से भी अत्यधिक प्रेम है और यहां के गैर बांग्ला स्कूलों में भी बांग्ला की पढ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिएए जिससे वे भी इस नई अधिसूचना के मुताबिक परीक्षा दे सकें। तब तक ऐसे निर्णय को स्थगित किया जाना चाहिए।

सभागार में विशाल उपस्थिति के बीच पश्चिम बंगाल सरकार में विरोधी दल के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बुलंद आवाज में कहा, ऐसा हम होने नहीं देंगे और इसके लिए विधानसभा, लोकसभा, कानूनी कदम तथा जरूरत पड़ी तो सड़कों पर भी उतरेंगे।

# उद्योग मंत्री लखमा ने निमार्णाधीन इथेनॉल प्लांट का किया निरीक्षण

**एजेंसी। कोंडागांव**

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बुधवार को कोण्डागांव जिले के ग्राम कोकोड़ी में निमार्णाधीन इथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी के साथ प्लांट का भ्रमण करते हुए प्लांट निर्माण से जुड़े अधिकारियों से चर्चा कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली। जिसमें अधिकारियों ने बताया कि प्लांट का कार्य निर्माण का कार्य द्रुत गति से संचालित किया जा रहा है। साइलो हेतु आवश्यक उपकरणों को मंगाया गया है। साथ ही फर्मेंटेशन टैंक, स्टोरेज टैंक, एमसीसी रुम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पावर प्लांट का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। सभी आवश्यक उपकरण मंगा लिए गए हैं जिनकी स्थापना जल्द से जल्द कर ली जाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि इस प्लांट के खुल जाने से गांव के हर व्यक्ति को रोजगार प्राप्त होगा। कुछ लोगों को प्रत्यक्ष तथा कुछ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि प्लांट निर्माण के पूर्व यहां ज्यादा ऑटो चालकों का आना जाना नहीं हुआ करता था परंतु प्लांट बनने के साथ क्षेत्र के लोगों ने भी ऑटो खरीद ली है और उन्हें लाभ हो रहा है। जिस पर उद्योग मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार प्लांट बनने के साथ अप्रत्यक्ष रोजगार जैसे गाड़ियों का सर्विस सेंटर, भोजन नाश्ता की दुकानों, किराना दुकानों आदि का व्यवसाय भी खुलेगा।

**राजनीति** कांग्रेस पर क्षेत्रीय दल 200 से 250 सीटों पर लड़ने का दबाव बना रहे हैं।

# कांग्रेस के बिना विपक्षी एकजुटता संभव नहीं

**एजेंसी। पटना**

बिहार में विपक्षी एकता को लेकर 12 जून की बैठक को फिलहाल टाल दिया गया है।अब प्रस्तावित बैठक 23 जून को हेगी। प्रदेश में नीतीश की अगुवाई वाली महागठबंधन सरकार इसे लेकर काफी उत्साहित थी लेकिन ऐन मौके पर इस बैठक में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के न आने की वजह से इसे टाल दिया गया है।

इस बैठक को लेकर वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक अरुण पांडे ने कहा कि बैठक टलने की असली वजह विपक्ष की एकजुटता बगैर कांग्रेस के हो नहीं सकता है, जिसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी है। इस बैठक में राहुल गांधी के नहीं शामिल होने से इस बैठक का कोई औचित्य नहीं है। कर्नाटक चुनाव के बाद कांग्रेस का मोरल हाई है। कांग्रेस ड्राइविंग सीट पर बैठने के अलावा बैकफुट पर नहीं बैठना चाहती है जबकि सभी क्षेत्रीय दल कांग्रेस को बैकफुट से सपोर्ट करने के लिए दबाव बना रही है। इसलिए वे इस बैठक से अपनी दूरी बना रही है।

अरुण पांडे ने कहा कि कांग्रेस पर क्षेत्रीय दल जिस तरह 200 से 250 सीटों पर लड़ने का दबाव बना रहे हैं। वह कांग्रेस को पसंद नहीं है। कांग्रेस को भी लगा होगा कि विपक्षी दलों की बैठक में जाकर कुछ हासिल होने वाला नहीं है, बल्कि वही राग क्षेत्रीय दल बैठक में भी अलापेंगे, जो बातें संकेतों में अभी कह रहे हैं। विपक्ष की शर्त कांग्रेस एकता के नाम पर मान ले तो उसे अधिकतम 250 सीटों पर चुनाव



लड़ना होगा। कांग्रेस ने 2009 के लोकसभा चुनाव को आधार बनाने का सैद्धांतिक निर्णय लिया है। तब कांग्रेस 440 सीटों पर लड़ कर 206 सीटें जीती थी।

वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी सत्ता से खुद को दूर करके सत्ता की चाबी अपने सहयोगी को नहीं थमाना चाहती है। यही कारण है कि वह इस बैठक में अपने शीर्ष नेता राहुल गांधी को नहीं आने देना चाहती है। क्योंकि, राहुल के आने के बाद इस बैठक में जितने भी क्षेत्रीय दल हैं वे उन पर 250 सीट छोटे दलों को देने के लिए दबाव बनायेंगे। इनमें बिहार में महागठबंधन, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, झारखंड में झामुमो, दिल्ली-पंजाब में आप, महाराष्ट्र में महाअघारी और तमिलनाडु में डीएमके शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ कांग्रेस नेतृत्व को नीतीश कुमार पर अभी भी भरोसा नहीं है, जो इसकी अगुवाई कर रहे हैं। इसलिए विपक्षी एकता में कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आने से कतरा रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस ने इस देश पर करीब 50 वर्ष से ऊपर तक शासन किया है। वह कभी भी छोटे दलों की सत्ता को स्वीकार नहीं करेगी। इसलिए कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेता बिहार में विपक्षी एकता की होने वाली बैठक से खुद को दूर रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस का विवाद है। नीतीश से पहली बार की मुलाकात में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी एकता में साथ रहने का भरोसा दिया। हफ्ते भर के अंदर आम आदमी पार्टी ने घोषणा कर दी कि वह किसी दल या गठबंधन के साथ लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेगी। पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं। कई और राज्यों में उसने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। नतीजतन उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला हुआ है। आप का यह अंदाज भी चौंकाने वाला था। हालांकिए इस बीच केंद्र ने सेवा अध्यादेश लाकर आप को परेशानी में डाल दिया।

### राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे राजीव सिन्हा, राज्यपाल ने दी सहमति

**कोलकाता।** लंबी खींचतान के बाद राज्यपाल डॉक्टर सीण्वीण आनंद बोस ने राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर राजीव सिन्हा के नाम पर सहमति दे दी है। 28 मई को निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त सौरव दास सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के पूर्व मुख्य सचिव सिन्हा के नाम का प्रस्ताव मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर राजभवन भेजा था। राज्यपाल ने राज्य सरकार से और अधिक नामों का प्रस्ताव मांगा था जो बाद में भेजा गया था आखिरकार राजीव सिन्हा के नाम पर ही सहमति बनी है।

राज्य सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि गत 18 मई को राजीव सिन्हा के नाम का प्रस्ताव मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर राजभवन को भेजा गया था। उसके बाद से राज्य सरकार और राजभवन के बीच लंबी खींचतान चल रही थी।

# प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को फिर बातचीत के लिए बुलाया है : खेल मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के कुछ दिन बाद सरकार ने भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को उनके मुद्दों पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार आधी रात के बाद ट्वीट किया सरकार, पहलवानों के साथ उनके मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छुक है। उन्होंने कहा, मैंने बातचीत के लिए पहलवानों को एक बार फिर आमंत्रित किया है। पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सिंह पर कई



महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सांसद सिंह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के सिलसिले में सिंह के सहयोगियों और उत्तर प्रदेश के गोंडा में उनके आवास पर काम करने वाले लोगों के मंगलवार को बयान दर्ज किए थे। वहीं जिस नाबालिग के बयान के आधार पर सिंह के खिलाफ यौन शोषण से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था, उसका बयान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत एक बार फिर दर्ज किया गया है।

## हम भी चाहते हैं कि निष्पक्ष समाधान हो : महावीर सिंह फोगाट

**द्रोणाचार्य** पुरस्कार विजेता कोच महावीर सिंह फोगाट ने केंद्र सरकार के आंदोलन कर रहे पहलवानों के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के कदम की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि वे भी चाहते हैं कि इस मुद्दे का निष्पक्ष समाधान निकले। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया जैसे ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं सहित शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन



की अगुआई कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे पहलवान बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जिस पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने कथित यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महावीर ने केंद्र सरकार के बातचीत का रास्ता खोलने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सरकार जो सोई हुई थी अगर आज वह जागी है तो यह बहुत बढ़िया है। हम भी चाहते हैं कि समाधान हो, निष्पक्ष हो। पहलवान भी यही चाहते हैं। जो भी रास्ता हो वह निकाला जाना चाहिए।'

इससे पहले खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने देर रात ट्वीट करके पहलवानों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया। ठाकुर ने ट्वीट किया, सरकार पहलवानों के साथ उनके मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छुक है।

# फ्रेंच ओपन : सेमीफाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज, जोकोविच





**एजेंसी। पेरिस**

स्पेन के युवा सनसनी कार्लोस अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले फ्रेंच ओपन 2023 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अल्काराज ने मंगलवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-2, 6-1, 7-6(5) से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, 'मैं हर समय अपने ऊपर विश्वास रखता हूं। मैं कहूंगा कि यह सबसे महत्वपूर्ण बात है, न केवल मेरे लिए बल्कि हर किसी के लिये।' उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता हूं कि मैं इस स्तर पर इस तरह के मैच खेलूंगा। मैं कहूंगा कि खुद पर भरोसा करना ही इसकी कुंजी है।' अगर अलकराज अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने के लिये जोकोविच को हरा देता है, तो वह टूनामेंट के बाद एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार रहेंगे। दूसरी ओर, जोकोविच भी अपना तीसरा रोलां गैरो खिताब जीतकर रैंकिंग में शीर्ष पर लौट सकते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### काली पट्टी बांधे नजर आए दोनों टीमों के खिलाड़ी, वजह आई सामने



**लंदन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के साथ-साथ मैच अधिकारियों को इस महीने की शुरूआत में हुई ओडिशा ट्रेन त्रासदी के पीड़ितों को सम्मान देने के लिए द ओवल में 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की शुरूआत से पहले काली पट्टी बांधे देखा गया। राष्ट्रगान से पहले, ओडिशा के बालासोर जिले में बहानागा बाजार रेलवे स्टेशन के पास हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों की याद में मैदान में सभी ने एक मिनट का मौन रखा। पिछले शुक्रवार को, तीन ट्रेनों (दो पैसेंजर और एक मालगाड़ी) की टक्कर में 275 लोगों की मौत हो गई और 900 से अधिक घायल हो गए। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, टीम मौतों पर शोक व्यक्त करती है और उन सभी लोगों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है, जिन्होंने दुखद रूप से अपनी जान गंवाई।

### एशेज से पहले स्टुअर्ट ब्रॉड की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में टॉप-10 में वापसी

**दुबई।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में अपने छह विकेट के प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में सुधार किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा जारी नवीनतम टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में बुधवार को शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं। आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट में दो पारियों में 5/51 और 1/62 के आंकड़े के साथ, ब्रॉड दो स्थान की छलांग लगाकर 744 रेटिंग अंकों के साथ एशेज से पहले 10वें स्थान पर पहुंच गए।

# भारत का लक्ष्य महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जापान के गिफू प्रीफेक्चर के काकामिगहारा में महिला जूनियर एशिया कप 2023 में अपने अभियान की शुरूआत रोमांचक तरीके से की, जहां उन्होंने शुरूआती दो मैचों में जीत हासिल की, जबकि तीसरे मैच में उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमांचक ड्रा खेला। अपने शुरूआती मैच में उज्बेकिस्तान पर 22-0 की शानदार जीत दर्ज करने के बाद, भारत ने मलेशिया पर 2-1 से जीत दर्ज की और कोरिया के खिलाफ वापसी करते हुए 2-2 से ड्रा खेला। आज भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए चीनी ताइपे से भिड़ेगी। विशेष रूप से, भारत वर्तमान में पूल ए तालिका में



शीर्ष पर है, जिसके तीन मैचों में सात अंक हैं और चीनी ताइपे के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज गेम में जीत उन्हें टूनार्मेंट के अंतिम-चार चरण में पहुंचा देगी। इस अहम मुकाबले से पहले भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान प्रीति ने कहा, टूर्नामेंट अब तक हमारे लिए अच्छा रहा है क्योंकि हम अभी तक एक भी मैच नहीं हारे हैं। मलेशिया और कोरिया के खिलाफ मैच करीबी मुकाबले में थे, लेकिन इसने हमें मौका दिया। हमारे पास अपनी क्षमता साबित करने का मौका है क्योंकि हमने पिछले दोनों मैचों में पिछड़ने के बाद वापसी की है।

उन्होंने कहा, हम लगातार अपनी योजनाओं और उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम किसी भी विरोध का सामना कर सकते हैं, उसके खिलाफ रहें। हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद, हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपनी रणनीतियों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने हालिया फॉर्म को देखते हुए, भारत को चीनी ताइपे को हराने में ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए।

# फ्लाईवेट खिताब का बचाव करेंगे भारत के एमएमए फाइटर अंगद बिष्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सबसे बड़े मिक्स्ड-मार्शल आर्ट प्रमोशन, मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) 12 का आयोजन 1 जुलाई को प्रतिष्ठित नोएडा इंडोर स्टेडियम, सेक्टर 21 में किया जाएगा। एमएफएन 12 के मेन इवेंट में भारत के अंगद बिष्ट, ब्राजील के ह्यूगो पाइवा के खिलाफ अपने फ्लाईवेट खिताब का बचाव करेंगे। बिष्ट ने नवंबर 2022 में एमएफएन 10 में मिस्र के मोहम्मद गमाल को हराकर फ्लाईवेट खिताब जीता था। आगामी टाइटल मैच पर बात करते हुए, अंगद ने कहा, मैं हमेशा की तरह लड़ाई के लिए तैयार हूं। मैंने पिछले कुछ महीनों में अच्छी तरह से प्रशिक्षण लिया है और मैच की घोषणा के बाद से प्रतिष्ठित एमएफएन खिताब को बरकरार रखना मेरा लक्ष्य रहा है। ब्राजील के ह्यूगो पाइवा के



खिलाफ एक अच्छी लड़ाई होगी, जो एक जबरदस्त कुशल फाइटर भी हैं। लेकिन मेरे पास कुछ तरकीबें होंगी।

अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में पूछे जाने पर, ब्राजील के ह्यूगो पाइवा ने कहा, मैं एमएफएन खिताब जीतने के लिए भारत आने के लिए उत्साहित हूं। मेरे पास एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है जो अपने पिछले कुछ मुकाबलों में नाबाद रहा है। लेकिन मैंने और मेरी टीम ने अच्छी तरह से प्रशिक्षण किया है। हमें विश्वास है कि हम प्रभाव छोड़ेंगे। मेरा उद्देश्य केवल खिताब जीतना नहीं है, बल्कि प्रशंसकों का मनोरंजन करना भी है। इस बीच, भारत की सर्वोच्च रैंक वाली महिला एमएमए फाइटर पूजा तोमर भी रूस की अनास्तासिया फेओफानोवा के खिलाफ अपने स्ट्रॉवेट खिताब का बचाव करेंगी। आयशा श्रॉफ, सह-संस्थापक एमएफएन ने कहा, इस रोमांचक कार्ड को आप सभी के साथ साझा करने के लिए पूरी तरह से रोमांचित हूं! एमएफएन अगले अध्याय के लिए तैयार है और यह उस घोषणा की ओर एक शानदार कदम है।

कृष्णा श्रॉफ, सह-संस्थापक एमएफएन ने आगे कहा, पहली बार मैचमेकर की भूमिका निभाते हुए, मुझे इसके साथ बहुत मजा आया। फाइट कार्ड आपके शो को बनाता या तोड़ता है क्योंकि दिन के अंत में, आपके लड़ाके सितारे हैं।

# वेस्टइंडीज ने यूएई को 78 रन से हराकर श्रृंखला में बनाई बढ़त



**एजेंसी। शारजाह**

सलामी बल्लेबाजों ब्रेंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां यूएई को 78 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। वेस्टइंडीज ने कप्तान के रूप में शाई होप और कोच के रूप में डेरेन सैमी ने यह पहली श्रृंखला जीती है। वेस्टइंडीज की टीम किंग के 64 और चार्ल्स के 63 रन और दोनों के बीच पहले विकेट की 129 रन की साझेदारी के बावजूद 49.5 ओवर में 306 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए केसी कार्टी (32), होप (23) और केवेम हॉज (26) अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। ओडियन स्मिथ ने अंत में 24 गेंद में 37 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## खुशी होती है कि आईपीएल से दुनिया ईर्ष्या करती है

# टेस्ट क्रिकेट को बचाना जरूरी : फारुख इंजीनियर


**एजेंसी। लंदन**

भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर को यह देख कर खुशी होती है कि दुनिया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपार सफलता से ईर्ष्या करती है, लेकिन वह यह भी चाहते हैं कि खेल के हितधारक टेस्ट क्रिकेट को खतरे से बाहर निकालने के लिए ठोस कदम उठाएं। वित्तीय रूप से मजबूत भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्ध हैं लेकिन छोटे देशों के खिलाड़ी विश्व भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं क्योंकि वहां से उन्हें अच्छी कमाई होती है। इंजीनियर ने कहा, टेस्ट क्रिकेट का खतरे में होना अच्छी बात नहीं है। यह अच्छा है कि टी20 के जरिए यह खेल विश्व भर में फैल



रहा है लेकिन इसके लिए टेस्ट क्रिकेट को कुर्बान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसलिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप दुनिया को यह दिखाती है कि टेस्ट क्रिकेट सीमित ओवरों के क्रिकेट जितना ही दिलचस्प हो सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखने के लिए मैनचेस्टर से लंदन पहुंचे 85 वर्षीय इंजीनियर ने कहा, यह शतरंज के खेल की तरह है जो परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसमें बल्लेबाजों की वास्तविक परीक्षा होती है। टेस्ट और सीमित ओवरों की क्रिकेट दोनों के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। डब्ल्यूटीसी फाइनल उस ओवल में खेला जा रहा है जहां भारत ने 1971 में इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच जीता था। इंजीनियर ने उस मैच की पहली पारी में 59 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने उन दिनों क्रिकेट खेली है जब क्रिकेटर एक दिन में 50 रुपए की कमाई करते थे।

## इंग्लैंड की एशेज टीम में शामिल हुए मोईन अली



**इंग्लैंड** के ऑलराउंडर मोईन अली 16 जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली एशेज सीरीज के पहले दो टेस्ट के लिए टीम में शामिल हो गए हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला बदल लिया है। मोईन ने जैक लीच की जगह ली है, जो स्ट्रेस फ्रैक्चर की वजह से एशेज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को एक बयान में कहा, वारविकशायर के स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर मोइन अली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार 16 जून 2023 से एजबेस्टन में शुरू होने वाले पहले दो एशेज टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

### मैच फिक्सिंग के आरोप

# दो चीनी स्नूकर खिलाड़ियों पर लगा आजीवन प्रतिबंध

**एजेंसी। लंदन**

वर्ल्ड प्रोफेशनल बिलियर्डस एंड स्नूकर एसोसिएशन (डब्ल्यूपीबीएसए) द्वारा मैच फिक्सिंग के लिए दंडित किए गए 10 खिलाड़ियों के समूह में चीनी स्नूकर खिलाड़ियों लियांग वेनबो और ली हैंग पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया है। डब्ल्यूपीबीएसए ने मंगलवार को एक बयान जारी कर पुष्टि की कि दस खिलाड़ियों पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसने लियांग और ली पर आजीवन प्रतिबंध लगाया और इसमें शामिल अन्य खिलाड़ियों पर भी काफी निलंबन लगाया। 36 वर्षीय लियांग, जो पिछले अक्टूबर से स्नूकर स्पधाओं से निलंबित हैं, को पांच स्नूकर मैचों में हेरफेर करने का दोषी पाया गया, अन्य खिलाड़ियों को नौ मैच फिक्स करने के लिए राजी करने या सक्षम करने का प्रयास किया गया। उन्होंने स्नूकर मैचों पर भी सट्टा लगाया और डब्ल्यूपीबीएसए जांच में सहयोग करने में विफल रहे। 32 वर्षीय ली पर मैच फिक्सिंग और अन्य खिलाड़ियों को मैच के परिणामों में हेरफेर करने के लिए उकसाने या सुविधा देने का भी आरोप लगाया गया था। इसके अतिरिक्त, 2021 मास्टर चैंपियन यान बिंगताओं पर 11 दिसंबर 2027 तक पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। झाओ शिंटोंग, जिनके नाम दो रैंकिंग खिताब हैं, को एक साल और आठ महीने का निलंबन मिला है, जो 1 सितंबर 2024 को समाप्त होने वाला है।

### उपलब्धि

## टिम पेन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

# अंडर-19 और ए टीमों के पार्ट-टाइम कोच बने

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टिम पेन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया ए टीमों के अंशकालिक (पार्ट-टाइम) कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज की नियुक्ति आठ महीने बाद हुई जब उन्होंने अपनी पुस्तक 'द प्राइस पेडः ए स्टोरी ऑफ लाइफ, क्रिकेट एंड लेसन्स लर्न्ड' में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की आलोचना की कि कैसे उन्हें ऑस्ट्रेलिया टेस्ट कप्तान के रूप में बाहर किया गया था।

विशेष रूप से उन्हें एक सेक्सटिंग स्कैंडल के बाद भूमिका से हटने के लिए कहा गया था, जो पहले दो जांचों के बाद भी सार्वजनिक हो गया था। हालांकि बाद में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और तस्मानिया टीमों में भूमिका से इस्तीफा दे दिया। पेन ने कहा कि जिस तरह से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मुद्दे को संभाला उससे वह नाखुश थे, उन्होंने कहा कि निक



हॉकले के शासन के तहत इस प्रकार की चीजें होंगी। पेन ने कहा, 'मैंने पूरी तरह से कहा है कि मैं स्पष्ट रूप से इस बात से असहमत हूं कि उस समय इसे कैसे संभाला गया था, लेकिन निक हॉकले (क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ) के नेतृत्व के कारण और आपको कठिन निर्णय लेने के लिए मिला है। उन्होंने कहा, 'मैं खुद उन जगहों पर रहा हूं, इसलिए मैं समझता हूं कि यह एक व्यक्तिगत बात नहीं थी। मैंने एक गलती की है और इसकी भारी कीमत चुकाई है। लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और निक हॉकले और जिन लोगों के साथ मैंने वहां काम किया, उनके साथ मेरे संबंध अभी भी वास्तव में मजबूत हैं।' विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा, 'हम इस बात पर असहमत थे कि किसी चीज को कैसे संभाला जाना चाहिए था, लेकिन हम सभी बड़े हो चुके हैं और हम आगे बढ़ चुके हैं। मैंने कई बार निक से बात की है, मैं (हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर) बेन ओलिवर से बात कर रहा हूं। यह सब अच्छा है।

पेन ने आगे कहा कि वह खुद महसूस करते हैं कि कोचिंग की भूमिका एक वास्तविक मार्ग है और वह इसे तलाशने के इच्छुक थे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मैं इसे एक वास्तविक मार्ग के रूप में नहीं देखता, लेकिन मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि जब मैं इसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हो जाऊं, तो मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। क्योंकि मैं एक क्रिकेटर रहा हूं, और मैं एक ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रहा हूं, मैं सीधे तौर पर बिग बैश या क्रिकेट तस्मानिया जैसी नौकरियों में कदम रखने में सक्षम नहीं होना चाहता हूं।'

## विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर ही अहमदाबाद में खेलेगा पाकिस्तान



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग बार्कले को विश्व कप के दौरान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ खेलने को लेकर अपनी आशंकाओं से अवगत करा दिया है । सूत्रों ने यह जानकारी दी। पीसीबी अपने मैच कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरू में खेलना चाहता है। बार्कले और आईसीसी महाप्रबंधक ज्यौफ अलार्डिस हाल ही में पीसीबी अधिकारियों से यह आश्वासन लेने आये थे कि वे वनडे विश्व कप में अपने मैच अन्य स्थान पर कराने की मांग नहीं करेंगे चूंकि एसीसी 'हाइब्रिड मॉडल' पर एशिया कप के मैचों की मेजबानी की उनकी मांग ठुकराने जा रहा है। पीसीबी सूत्रों के अनुसार, सेठी ने बार्कले और अलार्डिस को सूचित कर दिया है कि पाकिस्तान अहमदाबाद में मैच नहीं खेलना चाहता जब तक कि यह नॉकआउट या फाइनल जैसा मैच ना हो।" उन्होंने कहा, उन्होंने आईसीसी से अनुरोध किया है कि अगर पाकिस्तान सरकार भारत जाकर विश्व कप खेलने की अनुमति देती है तो पाकिस्तान के मैच चेन्नई, बेंगलुरू और कोलकाता में कराये जाएं।" पाकिस्तान बोर्ड अहमदाबाद में टीम की सुरक्षा को लेकर चिंतित है हालांकि इंजमाम उल हक की कप्तानी में 2005 में पाकिस्तानी टीम ने मोटेरा पर मैच खेला था । सेठी ने यह भी कहा है कि अगले पांच साल के चक्र के लिये आईसीसी के राजस्व में अगर पाकिस्तान का हिस्सा बढाया नहीं जाता तो वे नये राजस्व मॉडल को स्वीकार नहीं करेंगे।



## NEWS इन ब्रीफ

### वर्ल्ड बैंक ने घटाया भारत की ग्रोथ का अनुमान

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। यह विश्व बैंक के जनवरी में लगाए गए पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में निजी उपभोग और निवेश में अप्रत्याशित जुझारूपन देखने को मिल रहा है। साथ ही सेवाओं की वृद्धि भी मजबूत है। विश्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक संभावनाओं पर अपनी ताजा रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। इसमें कहा गया है कि 2023 में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 2.1 प्रतिशत रहेगी, जो 2022 में 3.1 प्रतिशत रही थी। चीन के अलावा उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में वृद्धि दर पिछले साल के 4.1 प्रतिशत से कम होकर इस वर्ष 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि दर में व्यापक गिरावट को दशार्ता है।


### कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** बुधवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है।

# बायजू ने अमेरिकी कर्जदाताओं का भुगतान रोका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी बायजू ने कहा कि उसने अमेरिकी कर्जदाताओं की उसे नुकसान पहुंचाने' की तरकीबों का हवाला देते हुए 1.2 अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान रोक दिया है और इस मामले को अमेरिकी अदालत में ले गई है। भारतीय स्टार्टअप बायजू ने अमेरिकी निवेश प्रबंधन कंपनी रेडवुड के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि अमेरिकी कंपनी ने उसके फंसे कर्ज का एक हिस्सा खरीद लिया है जो उसके मियादी ऋण की शर्तों के खिलाफ है। बायजू ने 1.2 अरब डॉलर के कर्ज पर ब्याज के एवज में चार करोड़ डॉलर का भुगतान भी नहीं किया है जबकि उसे यह राशि सोमवार तक जमा करनी थी।




बायजू ने विगत मंगलवार को बयान में कहा कि उसने 1.2 अरब डॉलर के कथित सावधि कर्ज (टीएलबी) की अदायगी रोकने का फैसला किया है और इस संबंध में न्यूयॉर्क की शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया गया है। उसने कहा कि मामले का अदालत से निपटारा न होने तक वह कोई भुगतान नहीं करेगी। इसके पहले बायजू को कर्ज देने वाली फर्म जीएलएएस ट्रस्ट कंपनी और निवेशक टिमोथी आर पॉल ने भुगतान में देरी करने को लेकर बायजू की अमेरिकी इकाइयों के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। इस मामले में बायजू अल्फा और टैंजिबल प्ले के खिलाफ आरोप लगाए गए थे। कर्जदाताओं का कहना था कि इन दोनों फर्मों ने बायजू अल्फा से 50 करोड़ डॉलर की राशि दूसरी कंपनी को भेज दी। ये दोनों फर्म बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट की अनुषंगी हैं। बायजू का आरोप है कि उसके कर्जदाताओं ने मार्च में गैरकानूनी ढंग से 1.2 अरब डॉलर के कर्ज को जल्द चुकाने का दबाव बनाया और बायजू अल्फा का नियंत्रण भी अपने

**इस संबंध में न्यूयॉर्क की शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया गया है**

**कर्जदाताओं का कहना था कि इन दोनों फर्मों ने बायजू अल्फा से 50 करोड़ डॉलर की राशि दूसरी कंपनी को भेज दी**

हाथ में ले लिया। हालांकि, शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी ने कहा है कि वह अपने कर्जदाताओं के साथ बातचीत के लिए अब भी तैयार है लेकिन इसके लिए अमेरिकी कर्जदाताओं को अपने कदम वापस लेने होंगे और मियादी ऋण की शर्तों का पालन करना होगा। बायजू को कोविड-19 महामारी के बाद वित्त की कमी का सामना करना पड़ रहा था।

### टीसीएस के पूर्व सीईओ की सैलरी में 13.17% का इजाफा

मुंबई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश गोपीनाथन का कुल पारिश्रमिक या वेतन बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 13.17 प्रतिशत बढ़कर 29.16 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी की 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। टीसीएस ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में गोपीनाथन को कमीशन के रूप में 25 करोड़ रुपए, वेतन में 1.73 करोड़ रुपए और अन्य लाभ के रूप में 2.43 करोड़ रुपए मिले। गोपीनाथन 31 मई तक कंपनी के सीईओ थे। उन्होंने छह साल तक यह जिम्मेदारी संभाली। वित्त वर्ष 2021-22 में उन्हें कुल 25.76 करोड़ रुपए का वेतन और अन्य लाभ मिले थे। सबसे बड़ी कंपनी का नेतृत्व करने के बावजूद गोपीनाथन का वेतन अन्य समकक्षों के अलावा कंपनी में उनके पूर्ववर्ती एन चंद्रशेखरन को 2016-17 में मिले वेतन तुलना में कम है।

# डियाजियो के सीईओ का 64 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** पुणे में जन्मे इवान मानेजेस ने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज और इंडियन इन्सिटिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद से पढ़ाई की थी। डियाजियो के सीईओ सर इवान मानेजेस का बुधवार को 64 साल की उम्र में निधन हो गया। वे भारतीय मूल के थे और इस महीने के अंत में रिटायर होने वाले थे। रॉयटर्स के एक्सेस किए गए डियाजियो के बयान के अनुसार, उनके पेट के अल्सर का इलाज चल रहा था। हाल ही में उनकी अल्सर की इमरजेंसी सर्जरी हुई थी। इवान मानेजेस 1997 में कंपनी में शामिल हुए थे। इवान को जुलाई 2013 में डियाजियो के सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था। इवान मानेजेस स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन काउंसिल के चेयरमैन भी थे। इसके अलावा वे टेपेस्ट्री में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में ग्लोबल एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य, मूवमेंट टु वर्क में ट्रस्टी और रिस्पॉन्सिबल ड्रिंकिंग के लिए इंटरनेशनल अलायंस के मेंबर भी थे। पुणे में जन्मे इवान मानेजेस के पिता मैनुअल मानेजेस इंडियन रेलवे बोर्ड के चेयरमैन थे। इवान दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज और इंडियन इन्सिटिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद में पढ़े थे। उनके भाई विक्टर मेनेजेस सिटी बैंक के पूर्व चेयरमैन और सीईओ हैं। जॉनी वॉकर व्हिस्की, तनकेरे जिन और डॉन जूलियो टकीला के मेकर डियाजियो ने 28 मार्च को मानेजेस को रीप्लेस करने के लिए क्रू की नियुक्ति की घोषणा की थी।

# अपनी आधी संपत्ति दान करेंगे निखिल कामत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ब्रोकरेज फर्म जीरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत ने अपनी आधी संपत्ति (50%) दान करने का फैसला किया है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार निखिल कामत 'द गिविंग प्लेज' मुहिम में शामिल होने वाले भारत के सबसे कम उम्र के शख्स बन गए हैं। 'द गिविंग प्लेज' मुहिम की स्थापना बिल गेट्स और दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ने की थी। अजीम प्रेमजी, किरण मजूमदार-शॉ, रोहिणी और नंदन नीलेकणी के बाद निखिल कामत इसमें शामिल होने वाले चौथे भारतीय हैं। इसमें शामिल लोग समाज की भलाई के लिए अपनी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा दान करते हैं। फोर्ब्स के मुताबिक 35 साल के निखिल कामत की कुल संपत्ति 1.1 बिलियन डॉलर (9 हजार करोड़ रुपए) है। वे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में योगदान करने की योजना बना रहे हैं। यह कामत के खुद के फाउंडेशन यंग इंडियन फिलैंथ्रॉपिक प्लेज के अतिरिक्त है। यह फाउंडेशन स्टार्टअप इकोसिस्टम के लीडर्स के साथ मिलकर काम करता है ताकि वे परोपकार के कामों के लिए अपनी संपत्ति का कम से कम 25% दान कर सकें।

## अडाणी ने फिर से हासिल किया खोया रुतबा

# बने एशिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडानी ग्रुप ने 2.65 अरब डॉलर का कर्ज समय से पहले ही चुका दिया है। इससे ग्रुप के अधिकांश शेयरों में तेजी देखी जा रही है। इस तेजी की बदौलत ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में मंगलवार को तेजी आई और वह एशिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ में 16 करोड़ डॉलर की तेजी आई और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें स्थान पर पहुंच गए। अब उनकी नेटवर्थ 61.8 अरब डॉलर पहुंच गई है। चीन के झोंग शैनशैन अब उनसे



एक स्थान नीचे 19वें नंबर पर खिसक गए हैं। बोतलबंद पानी का कारोबार करने वाले शैनशैन की नेटवर्थ में मंगलवार को 92.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 85.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया के सबसे बड़े रईस हैं। अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमत में छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था। हालांकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया था लेकिन इससे अडानी ग्रुप के शेयरों में लगातार कई दिनों तक गिरावट आई थी। इस कारण अडानी ग्रुप को निवेशकों और लेंडर्स का भरोसा जीतने के लिए कई कदम उठाने पड़ रहे हैं। इनमें कर्ज घटाना भी शामिल है। ग्रुप का दावा है कि अब उसका नेट डेट टु एबिटा रेश्यो 2.81 गुना रह गया है। इस साल अडानी की नेटवर्थ में 58.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ रॉकेट की स्पीड से बढ़ रही है। मंगलवार को यह 2.65 अरब डॉलर की उछाल के साथ 205 अरब डॉलर पहुंच गई। टेस्ला, स्पेसएक्स और ट्विटर के सीईओ मस्क की नेटवर्थ में इस साल 67.7 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल सबसे ज्यादा कमाई के मामले में मस्क पहले नंबर पर हैं। फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट 187 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### विलय से पहले एचडीएफसी के 90 फीसदी शॉर्ट टर्म लोन मैच्योर हुए

**नई दिल्ली।** कुछ कंपनियों और रियल एस्टेट डीलर्स को दिए गए एचडीएफसी के 90 फीसदी शॉर्ट टर्म लोन एचडीएफसी बैंक में कंपनी के विलय से पहले मैच्योर हो गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग बिजनेस रूल्स के तहत इस तरह के लोन देने की इजाजत नहीं है। मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। एचडीएफसी बैंक में एचडीएफसी का विलय इस साल जुलाई-अगस्त तक हो जाने की उम्मीद है। एचडीएफसी ने पिछले साल अप्रैल में विलय के प्लान का ऐलान किया था। हालांकि, आरबीआई ने एचडीएफसी को ऐसे कुछ शॉर्ट टर्म लोन विलय की प्रक्रिया के बाद एचडीएफसी बैंक को कैरी फॉरवर्ड करने की इजाजत दी है।

## विदेश

### पाकिस्तान को भारी पड़ी चीन से दोस्ती

**इस्लामाबाद।** आर्थिक मंदी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान का उसके खास दोस्त चीन ने भी साथ छोड़ दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि चीन की दोस्ती पाकिस्तान को भारी पड़ रही है । शहबाज सरकार पर कुल कर्ज 34 फीसदी बढ़ गया है। पाक सरकार पर अप्रैल महीने के अंत तक यह कर्ज 58.6 ट्रिलियन रुपए पहुंच गया है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने यह आंकड़ा जारी किया है जिसमें 36.5 ट्रिलियन जहां घरेलू कर्ज है, वहीं विदेशी कर्ज भी 22 ट्रिलियन रुपर पहुंच गया है। पाकिस्तान कर्ज के बोझ से दब चुका है और अब वह कर्ज चुकाने के लिए कर्ज मांग रहा है। पाकिस्तान के कई बार गुहार लगाने के बाद भी आईएमएफ ने अब तक कर्ज नहीं दिया है जिससे देश के डिफॉल्?ट होने का खतरा गहरा गया है। पाकिस्तानी विश्लेषकों का कहना है कि क्त्त्रजहां युद्धग्रस्त यूक्रेन को लोन दे रहा है।

# चीन का निर्यात मई में 7.5 प्रतिशत घटा, आयात में भी आई गिरावट

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन का निर्यात मई में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत घट गया है। वहीं आयात में भी 4.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे पता चलता है कि चीन में आर्थिक पुनरुद्धार की रफ्तार धीमी पड़ी है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मई में चीन का निर्यात घटकर 283.5 अरब डॉलर रह गया है। यह अप्रैल में दर्ज 8.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना के उलट है। वहीं आयात भी घटकर 217.7 अरब डॉलर रहा। अप्रैल में चीन का आयात 7.9 प्रतिशत घटा था। चीन का वैश्विक व्यापार अधिशेष भी 16.1 प्रतिशत घटकर 65.8 अरब डॉलर रह गया है। दिसंबर में चीन ने वायरस पर अंकुश के उपायों को वापस ले लिया था। व्यापार आंकड़ों में गिरावट से पता चलता है कि चीन की पुनरुद्धार



की रफ्तार सुस्त पड़ी है। आंकड़ों के अनुसार, चीन में खुदरा खर्च उम्मीद से कम है और उपभोक्ता आर्थिक परिदृश्य तथा रोजगार में संभावित नुकसान को लेकर आशंकित हैं। इसके अलावा अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से मांग घटी है जिससे विनिर्माण गतिविधियां भी सुस्त पड़ी हैं। अप्रैल में सरकार के एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया था कि शहरों में पांच में से एक युवा कामगार बेरोजगार है। आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका को चीन का निर्यात मई में 18.2 प्रतिशत घटकर 42.5 अरब डॉलर पर आ गया है। वहीं अमेरिकी वस्तुओं का आयात भी 9.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14.3 अरब डॉलर रहा है। अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 21.9 प्रतिशत घटकर 28.1 अरब डॉलर रह गया है। मार्च में समाप्त तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही है, जो इससे पिछली तिमाही में 2.9 प्रतिशत रही थी। इस साल के पहले पांच माह में चीन का आयात 6.7 प्रतिशत घटकर 1,000 अरब डॉलर से कुछ अधिक रहा है। वहीं पहले पांच माह में चीन का निर्यात 0.3 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 1,400 अरब डॉलर रहा है।

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद टिंगो के शेयर 50 प्रतिशत टूटे

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद एग्री फिनटेक कंपनी टिंगो ग्रुप के शेयरों में करीब 50% की गिरावट देखने को मिली है। वर बेस्ड शॉर्ट सेलर ने कंपनी और इसके फाउंडर डोजी मोंबोसी (उद्ब९८ टेड्ड४ड्ड२) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग ने टिंगो ग्रुप के फाइनेंशियल्स पर सवाल उठाते हुए इसे स्कैम बताया है। टिंगो ग्रुप अफ्रीका, साउथ-ईस्ट एशिया और मिडल ईस्ट में ऑपरेट करता है। ये मुख्य रूप से नाइजीरिया में फार्मिंग और फूड प्रोसेसिंग बिजनेस पर केंद्रित मोबाइल टेक्नोलॉजी और पेमेंट बिजनेस ऑपरेट करती है। मोंबोसी बिलेनियर हैं और रेगुलरली न्यूज चैनल्स पर दिखते हैं। उन्होंने इस साल की शुरूआत में तब सुर्खियां बटोरी थीं जब उन्होंने सॉकर टीम




शेफील्ड यूनाइटेड को खरीदने की कोशिश की थी। हिंडनबर्ग को कंपनी के अकाउंट में 'रेड फ्लैग' कहलाने वाली कई चीजें दिखीं। इसके फाइनेंशियल स्टेटमेंट में कई एरर और टाइपो हैं। हिंडनबर्ग ने कहा, 'मोंबोसी ने नाइजीरिया का पहला मोबाइल पेमेंट ऐप विकसित करने का दावा किया है। हमने ऐप के एक्चुअल क्रिएटर से संपर्क किया, जिन्होंने मोंबोसी के ऐप क्रिएट करने दावों को 'बिल्कुल झूठ' कहा।' रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी दावा करती है कि उसके मोबाइल हैंडसेट लीजिंग, कॉल और डेटा कारोबार ने पिछले साल 128 मिलियन डॉलर का रेवेन्यू अर्जित किया। ये सर्विसेज नाइजीरिया में एयरटेल के साथ एक एग्रीमेंट के जरिए दी जाती हैं। हिंडनबर्ग ने कहा कि कंपनी ने जो दावा किया है उस तरह का लाइसेंस टाइप जून 2023 तक मौजूद ही नहीं था।

## पेज एक के शेष

### विराट-विराज ने...

रिकॉर्ड संगठन जिसे रिकॉर्ड रखने वाले प्रकाशन के रूप में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड के नाम से जाना जाता है। सन् 1987 से रिकॉर्ड संकलित कर रहा है और इसके 30 से अधिक संस्करण प्रकाशित हुए हैं। यह भारत की पहली और लगातार लंबे समय से प्रकाशित होने वाली बुक ऑफ रिकॉर्ड है तथा भारत में यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के समान दर्जा प्राप्त की हुई संस्थान है। किसी भी व्यक्ति के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाना एक बहुत बड़ी चुनौती है, जिसे इन बच्चों ने ना कि बखूबी स्वीकारा बल्कि 22 मई 2023 को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा दिए गए लक्ष्य को बहुत पीछे छोड़ते हुए लगभग दोगुनी लक्ष्य को प्राप्त कर प्रबल दावेदारी पेश की और दोनों भाइयों ने अनूठा कीर्तिमान हासिल कर लिया। वह भी कोई आसान रिकॉर्ड नहीं बल्कि एक कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा जनित रैंडम संख्याओं को 1 मिनट के अंदर सबसे ज्यादा स्क्वायर और सबसे ज्यादा क्यूब कई प्रत्यक्षदर्शियों के सामने कैलकुलेट कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इन सफलताओं की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। यह दोनों बच्चों की ऐसी पहल वह भी सबसे कठिन विषय गणित पर फतह हासिल करते हुए ना सिर्फ रांची, झारखंड बल्कि पूरे देश और विदेश में प्रेरणा बन अदभुत उदाहरण पेश किया। बच्चों की माताजी शिल्पी माकन भी बहुत अच्छी शिक्षिका हैं, यह दोनों बाकी विषयों में भी बहुत अच्छे हैं और आज तक कक्षा में फर्स्ट, सेकंड या थर्ड के नीचे रैंक नहीं लाए है। दोनों सिर्फ पढ़ाई लिखाई खेलकूद ही नहीं बल्कि संस्कृति, संस्कार, धर्म-कर्म के विषयों पर भी रुचि दिखाते हैं।

बता दें कि लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में एंट्री जो कि 22 मई को ही दोनों भाइयों ने कर ली। इसकी अनोखी शुरूआत एवं पूर्ण विश्वास के साथ अगले 10 दिनों में रिकॉर्ड संस्थाओं के साथ अपने प्रयासों को पेश किया उनमें से 99 प्रतिशत सफलता हासिल करते हुए 19 रिकॉर्ड टाइटल महज 9 साल की उम्र में अपने नाम कर लिया।

लिम्का बुक ऑफ अवार्ड के अलावा लगभग आधा दर्जन रिकॉर्ड कंपनियों के साथ रिकॉर्ड बनाया हैए जिसमें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशनल जीनीयस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, ओएमजी वर्ल्ड रिकॉर्ड इत्यादि भी शामिल हैं। गणित के मंझे हुए शिक्षक पिता गगन माकन का ऐसा साथ रहा कि 2020 कोविड लॉकडाउन के दौरान से अभी तक ना सिर्फ सारे नामुमकिन कीर्तिमान हासिल किए बल्कि पिता के अनुसार दोनों भाई गगन मैथ्स अकैडमी (जीएमए) द्वारा अनूठे कॉन्सेप्ट कोड, ट्रिक मैथडोलॉजी, जो गगन माकन के सालों की रिसर्च एवं डेवलपमेंट द्वारा बच्चों के लिए गणित विषय आसान करने हेतु निर्मित है। विराट और विराज माकन अपने पिता की मदद से कक्षा तीसरी-चौथी में रहते हुए कक्षा सातवीं-आठवीं के गणित को लगभग पूरा बना लिया है। पिता के अनुसार दोनों बच्चों की सबसे बड़ी सफलता महज कक्षा 3 में होते हुए नई दिल्ली बुलाकर एनसीईआरटी के गणित के एच ओ डी के द्वारा लिया हुआ साक्षात्कार है जिसमें उन्होंने कक्षा 3 से कक्षा 8 के गणित के पूछे लगभग सभी सवालों को जबरदस्त कांसेप्ट एवं क्लेरिटी से हल किया। यह ज्यादा पुरानी बात नहीं बल्कि 5,6 महीने पहले की बात है। गणित के शिक्षक होने के नाते गगन माकन दूसरे सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हैं एवं अनोखी तकनीक से गणित का भय हटाने और काउंसलिंग के माध्यम से 100 प्रतिशत सुधार की गारंटी डंके की चोट पर करते हुए गणित का डर जड़ से एवं पूरे देश में से मिटा देने की पहल करने का नेक सोच रखते हैं और आगे इसी तरह सैकड़ों विराट और विराज माकन जैसे गणित के जादूगर पूरे देश में तैयार करने का सपना रखते हैं। गणित के भय को कैसे खत्म करें तथा इस कठिन परंतु आवश्यक एवं महत्वपूर्ण विषय को कैसे बहुत सरल तरीके से समझते, पढ़ते एवं खेल-खेल में अभ्यास करने का गुर एवं परामर्श 7631111139 या 9113193901 पर सीधे गणितज्ञ गगन माकन से किया जा सकता है।

## राहत | सरकार ने खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया

# तुअर दाल की एमएसपी बढ़कर 7,000 प्रति क्विंटल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में किसानों को राहत देते हुए खरीफ फसलों न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सरकार ने बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक 10.4%, मूंगफली पर 9%, सेसमम पर 10.3%, धान पर 7%, जवार, बाजरा, रागी, मेज, अरहर दाल, उड़द दाल, सोयाबीन, सूरजमुखी बीज पर वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए लगभग 6-7% की वृद्धि की गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने मक्का और दालों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी है। तुअर दाल की एमएसपी को 400 रुपए



प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी को 350 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब तुअर दाल की एमएसपी बढ़कर 7,000 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी 6,950 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है। इसके साथ ही मक्का कीएमएसपी 128 रुपए प्रति क्विंटल और धान की एमएसपी 143 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाई गई है। इसके अलावा सरकार ने बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है। इससे पहले सरकार ने पिछले साल जुलाई 2022 में सरकार ने इरठछ के रिवाइवल के लिए 1.64 लाख करोड़ के पैकेज को मंजूरी दी थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उस समय कहा था कि इस पैकेज के जरिए बीएसएनएल को 4जी में अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को भारत संचार निगम लिमिटेड में मर्ज कर दिया गया है। जहां एक ओर भारत में रिलायंस जियो, एयरटेल सहित अन्य टेलीकॉम कंपनियों ने 5जी सर्विस शुरू कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर बीएसएनएल अभी तक 4 जी सर्विस शुरू नहीं कर पाया है। भारत में 4जी की शुरूआत 2014 में हुई थी। 9 साल के बाद भी इरठछ अभी तक 4जी सर्विस शुरू नहीं कर सका है।

### महंगाई, बढ़ती ब्याज दरों से वैश्विक वृद्धि प्रभावित होगी : ओईसीडी

**फ्रैंकफर्ट।** महंगाई और बढ़ती ब्याज दरों की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह साल और अगला वर्ष अनिश्चितताओं वाला रहेगा। पेरिस के आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अपने ताजा आर्थिक परिदृश्य में यह बात कही है। ओईसीडी के सदस्यों में 38 देश शामिल हैं। ओईसीडी ने चालू साल में अपने वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को मामूली बढ़ाकर 2.7 प्रतिशत कर दिया है। नवंबर में उसने वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। समूह का अनुमान है कि अगले साल वैश्विक वृद्धि दर मामूली बढ़त के साथ 2.9 प्रतिशत रहेगी। ओईसीडी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद पुनरुद्धार यूक्रेन पर रूस के हमले के चलते ऊर्जा कीमतों में आई तेजी से प्रभावित होगा। ऐसे में महामारी-पूर्व के वर्षों की तुलना में वृद्धि कम रहेगी। 2013-2019 में औसत वैश्विक वृद्धि 3.4 प्रतिशत रही थी। ओईसीडी ने कहा कि आगे का रास्ता जोखिमों भरा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, विकासशील देशों में कर्ज संकट और ब्याज दरों में तेज बढ़ोतरी से बैंक और निवेशक प्रभावित हुए हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## संघ प्रमुख मोहन भागवत 8-9 जून को उदयपुर में

**उदयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 8 एवं 9 जून को उदयपुर में रहेंगे। डॉ. भागवत यहां उदयपुर के विद्या निकेतन सेक्टर-4 में चल रहे उत्तर पश्चिम क्षेत्र के संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष (विशेष वर्ग) में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे। विभाग संघचालक हेमेंद्र श्रीमाली ने बुधवार को बताया कि ग्रीष्मावकाश में कार्यकताओं के शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण के लिए पूरे देश में तीन सप्ताह के संघ शिक्षा वर्गों का आयोजन होता है। इसमें प्रथम वर्ष करने के बाद एक से अधिक शाखाओं की देखरेख करने वाले 40 वर्ष से अधिक उम्र के कार्यकताओं का द्वितीय वर्ष विशेष क्षेत्र अनुसार होता है। इस क्रम में सरसंघचालक डॉ. भागवत 8 और 9 जून को विशेष द्वितीय वर्ष में उदयपुर प्रवास पर आ रहे हैं।

# एमएसपी बढ़ाने के फैसले से किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिलेगा : पीएम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा, बीते 9 वर्षों में किसान भाई-बहनों के हित में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसी कड़ी में आज सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इससे अन्नदाताओं को उपज का लाभकारी मूल्य मिलने के साथ ही फसलों में विविधता लाने के प्रयासों को भी बल मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को विपणन सत्र 2023-24 के दौरान सभी स्वीकृत खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने फसल उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और फसलों में विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विपणन सत्र 2023-24 हेतु खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है।

### कैबिनेट ने गुरुग्राम में मेट्रो कनेक्टिविटी विस्तार को दी मंजूरी

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने हरियाणा के गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो कनेक्टिविटी को स्पर (साइड की लाइन) से द्वारका एक्सप्रेसवे तक मंजूरी दी है। यह परियोजना 5,452 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक स्पर से द्वारका एक्सप्रेसवे तक मेट्रो कनेक्टिविटी को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि यह मेट्रो परियोजना 28.8 किलोमीटर लंबी है। इसमें 27 एलिवेटेड स्टेशनों की सुविधा होगी, जिसमें द्वारका एक्सप्रेसवे की ओर जाने वाला 1.85 किमी लंबा स्पर (साइड की लाइन) भी शामिल है। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल लागत 5,452 करोड़ रुपये होगी। यह 1435 मिमी (5 फीट 8.5 इंच) की मानक गेज लाइन होगी। पूरा प्रोजेक्ट एलिवेटेड होगा। डिपो से कनेक्टिविटी के लिए बसई गांव से स्पर प्रदान किया गया है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि परियोजना को मंजूरी की तारीख से चार साल में पूरा करने का प्रस्ताव है और इसे हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) द्वारा लागू किया जाना है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के साथ-साथ दिल्ली के लोगों को भी इससे फायदा होगा।

## ओडिशा में मालगाड़ी की चपेट में आने से छह मजदूरों की मौत

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आकर छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक बारिश के बीच आंधी-तूफान से बचने के लिए ये मजदूर बिना इंजन वाली मालगाड़ी ट्रेन के नीचे आश्रय लिए हुए थे। तभी अचानक ट्रेन थोड़ी दूर आगे बढ़ गई। इस कारण यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने तीन और लोगों को मृत घोषित कर दिया। शेष दो गंभीर रूप से घायलों को कटक स्थित एससीबी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जबलपुर में गैस से भरी मालगाड़ी की दो बोगियां पटरी से उतरी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में मंगलवार की रात को एक बड़ा हादसा होने से बच गया, यहां लिक्विड पेट्रोलियम गैस से भरी हुई मालगाड़ी की दो बोगियां पटरी से उतर गई। रेलवे विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में जबलपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूर शाहपुरा गैस प्लांट स्थित है। यहां मंगलवार की रात को एलपीजी से भरी हुई मालगाड़ी पहुंची। मालगाड़ी को जब पीछे की तरफ लाया जा रहा था इसी दौरान उसकी दो बोगियां पटरी से उतर गई। बताया गया है कि मालगाड़ी गैस फैक्ट्री के अंदर रैक खाली करने जा रही थी, उसी दौरान दो बोगियां पटरी से उतरी हैं। इसके चलते मुख्य लाइन के संचालन में किसी तरह की बाधा नहीं आई है।

# पंचायती राज भारतीय लोकतंत्र का मूल आधार : ओम बिरला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पंचायती राज व्यवस्था को भारतीय लोकतंत्र का मूल आधार बताते हुए सुझाव दिया है कि एक ऐसी प्रणाली पर काम किया जा सकता है, जिसका उपयोग करते हुए जिला परिषद भी राज्य विधानसभाओं या संसद की तरह कार्य कर सकें और जिसमें प्रश्नकाल, उत्तर दिए जाने आदि के पहलुओं को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता भी आएगी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने पानीपत और करनाल की जिला परिषदों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित परिचय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'पंचायत राज' इकाइयां लोकतंत्र की नींव हैं और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था देश की पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ आधार पर मजबूती से टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वशासन से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम आदमी की भागीदारी सुनिश्चित होती है और इसके माध्यम से आम आदमी अपने कानूनों, नीतियों आदि की योजना बनाने और उन्हें आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होता है।

## मणिपुर : भीड़ ने एम्बुलेंस में लगाई आग, मां-बेटे सहित तीन की मौत

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के पश्चिम इंफाल जिले में भीड़ ने एक एम्बुलेंस को रास्ते में रोक उसमें आग लगा दी, जिससे उसमें सवार आठ वर्षीय बच्चे, उसकी मां और एक अन्य रिश्तेदार की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को इरोइसेम्बा में हुई। उन्होंने कहा कि गोलीबारी की एक घटना के दौरान बच्चे के सिर में गोली लग गई थी और उसकी मां तथा एक रिश्तेदार उसे इंफाल स्थित अस्पताल ले जा रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, भीड़ के हमले में मारे गए तीनों लोगों की पहचान तोंसिंग हैंगिंग (8), उसकी मां मीना हैंगिंग (45) और रिश्तेदार लिदिया लोरेम्बम (37) के तौर पर हुई है। असम राइफल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और बताया कि घटनास्थल और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्रों ने बताया कि एक आदिवासी का बेटा तोंसिंग और मेइती जाति की उसकी मां कंग्चुप में असम राइफल्स के राहत शिविर में रह रहे थे। चार जून को शाम के समय इलाके में गोलीबारी शुरू हो गई और शिविर में होने के बावजूद बच्चे को गोली लग गई। सूत्रों ने कहा, असम राइफल्स के वरिष्ठ अधिकारी ने तुरंत इंफाल में पुलिस से बात की और एम्बुलेंस की व्यवस्था की।

अचानक दिल फेल होने की बढ़ती घटनाएं

# 16 हजार हार्ट सर्जरी करने वाले डॉ. गौरव गांधी की हार्ट अटैक से मौत

### कुछ घंटे पहले तक मरीज देखे

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

16 हजार सर्जरी करने वाले 41वर्षीय मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव गांधी की अचानक हार्ट अटैक से मौत होने से तमाम लोग हैरानी जता रहे हैं। एमपी शाह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जामनगर की डीन, डॉ नंदिनी देसाई का इस बारे में कहना है कि गौरव गांधी ने मंगलवार छह जून की शाम 4 बजे चेस्ट पेन की शिकायत की थी। कार्डियोग्राम के बाद एसिडिटी के लिए उनका इलाज किया गया। बेहतर महसूस करने पर वह घर वापस गए थे। परिवार के अनुसार, दो घंटे बाद वह बाथरूम में बेहोश होकर गिर पड़े। अस्पताल ले जाने के 45 मिनट के भीतर उन्होंने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, डॉ गांधी अपने मेडिकल कैरियर में 16,000 से ज्यादा हार्ट सर्जरी कर चुके थे। वह गुजरात के जामनगर स्थित जीजी अस्पताल में कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे थे। वे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भी प्रैक्टिस करते थे। उनके सहयोगियों के अनुसार, वे बेहद नॉर्मल दिख रहे थे। डॉक्टर गांधी स्वस्थ थे और उनकी मौत से मेडिकल जगत हैरान है। 41 साल के डॉक्टर गांधी की मौत इसलिए भी चौंका रही है, क्योंकि हाल में ऐसी बहुत सी घटनाएं हुई हैं। कुछ लोग इस तरह की बढ़ती घटनाओं की वजह कोरोना महामारी के दौरान लगी दूसरी व तीसरी डोज बता रहे हैं, तो कुछ मनमाना खान-पान, रहन - सहन, प्रदूषण व तनाव भरी ज़िंदगी।


### जीबी पंत अस्पताल के कार्डियोलॉजी के प्रोफेसर डॉ मोहित दयाल गुप्ता का कहना है कि हृदयाघात तीन तरह से होते हैं

**हार्ट फेल होना :** दिल के तीन हिस्से होते हैं-आर्टरीज जो ब्लड सप्लाई करती हैं, हार्ट मसल्स जो दिल की पंपिंग को जारी रखती हैं और इलेक्ट्रिकल सर्किट जिससे दिल धड़कता है। जब ये मांसपेशियां ठीक से पंप नहीं करतीं तो खून आगे बढ़ने के बजाय कहीं फंस जाता है या फेफड़ों में रीफ्लक्स हो जाता है, जब ऐसा होता है तो मरीज की सांस फूलती है, थकान महसूस होती है, चलना या काम करना नामुमकिन हो जाता है- इसे हार्ट फेल होना कहते हैं।

**हार्ट अटैक होना :** जब आर्टरी में ब्लॉकेज हो और हार्ट मसल को सप्लाई कम हो जाए तो शुरू में उसे एंजीना कहते हैं, पूरी तरह ब्लॉकेज को हार्ट अटैक कहते हैं।

**सडेन कार्डियक अरेस्ट :** जब दिल के करेंट ठीक से काम नहीं कर रहे हों तो उन्हें पैलपिलेशंस माना जाता है। अगर ये करेंट अचानक से बढ़ जाए तो दिल काफी तेजी से कांपने लगता है, मरीज गिर सकता है - उसे सडेन कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। हार्ट फेल होने के शुरूआती लक्षणों में सांस लेने में विजिबल परेशानी, थकान और पैरों में सूजन शामिल है। एंजीना या हार्ट अटैक की सूरत में मरीज को चेस्ट में तेज दर्द उठता है। मूवमेंट पर शॉर्टनेस और ब्रेथ और आराम पर राहत भी एंजाइना का लक्षण है। इन दिनों नाचते-गाते, हंसते-खेलते अचानक हार्ट अटैक होने लगे हैं- कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अनुसार, भारत दुनिया की क्रॉनिक हार्ट डिजीज कैपिटल है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, भारतीयों का जीन ऐसा है जिसमें दिल की बीमारी होने की आशंका ज्यादा रहती है।

## भारतीय मूल की प्रोफेसर जोयीता गुप्ता 'डच नोबेल पुरस्कार' से सम्मानित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय मूल की प्रोफेसर जोयीता गुप्ता को 'न्यायसंगत और टिकाऊ दुनिया' पर केंद्रित उनके वैज्ञानिक कार्य के लिए डच विज्ञान में सर्वोच्च सम्मान स्पिनोजा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 2013 से एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय में ग्लोबल साउथ में पर्यावरण और विकास की प्रोफेसर जोयीता गुप्ता को डच रिसर्च काउंसिल (एनडब्ल्यूओ) चयन समिति ने उनके 'अविश्वसनीय रूप से व्यापक और अंतःविषय' शोध को पुरस्कार के लिए चुना। इसे 'डच नोबेल पुरस्कार' के रूप में भी जाना जाता है। जोयीता को यह पुरस्कार वैज्ञानिक अनुसंधान और ज्ञान उपयोग से संबंधित गतिविधियों पर खर्च करने के लिए 1.5 मिलियन यूरो देगा। एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय के एक बयान में कहा गया है कि जोयीता के शोध में सुशासन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले मुद्दों का समाधान शामिल है। उनके शोध के मूल में जलवायु संकट, वैश्विक जल चुनौतियों, संभावित समाधानों और न्याय के बीच संबंधों को जानने का एक प्रयास है।

# ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की वादी राखी सिंह ने मांगी इच्छामृत्यु




**एजेंसी। वाराणसी**

ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की वादी दिल्ली की रहने वाली राखी सिंह ने राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की मांग की है। राखी का पत्र सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। पत्र में राखी सिंह ने आरोप लगाया कि मेरी अन्य सहयोगी चार महिला साथियों- लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक और अधिवक्ता एवं उनके पुत्र अधिवक्ता मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। राखी सिंह ने कहा कि मई 2021 से लेकर आज तक मेरे एवं मेरे माता-पिता तुल्य चाचा- चाची जितेन्द्र सिंह विसेन व किरन सिंह के खिलाफ दुष्प्रचार करके हमें और हमारे पूरे परिवार को बदनाम किया जा रहा है। हमारे परिवार को समाज की नजरों में गिराने का कार्य हो रहा है। इस कार्य में शासन एवं प्रशासन के लोग भी शामिल हैं। राखी सिंह ने आरोप लगाया है कि मई 2022 में इन लोगों ने एक झूठा प्रचार पूरे देश में किया कि राखी सिंह मुकदमा वापस ले रही हैं। जबकि न तो मेरी तरफ से कोई ऐसा बयान या सूचना जारी की गयी न ही इस मुकदमे में मेरी तरफ से पैरोकार मेरे चाचा जितेन्द्र सिंह विसेन ने मेरे हवाले से कोई सूचना जारी की। इस मामले में पूरे देश में भ्रम फैलाकर मेरे एवं मेरे परिवार के खिलाफ सारे हिन्दू समाज को खड़ा कर दिया। इस कारण मैं और चाचा का पूरा परिवार मानसिक दबाव में आ गये हैं।

**विवाद** नये संसद भवन में लगे अखंड भारत वाले नक़्शे पर पड़ोसी देश नाराज

# 'नक्शा नहीं सम्राट अशोक के शासन का इलाका'



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

नये संसद भवन में 'अखंड भारत' का नक्शा लगाए जाने पर बांग्लादेश, नेपाल व पाकिस्तान ने नाराजगी जताई है। बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री शहरियार आलम ने कहा है कि हमारी सरकार ने भारत सरकार से इस पूरे मामले में सफाई मांगने जा रही है। इससे पहले नेपाल और पाकिस्तान में भी इस भित्तिचित्र को लेकर अपना कड़ा विरोध जताया है। बांग्लादेश के मंत्री ने कहा कि हमने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग को निर्देश दिया है कि वह भारत के विदेश मंत्रालय से 'अखंड भारत' के नक्शे पर संपर्क करे। इस भित्तिचित्र में बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान का इलाका भी शामिल है। बांग्लादेश के मंत्री आलम ने ढाका में पत्रकारों से कहा कि सरकार भारत से इस बारे में जवाब मांगने की प्रक्रिया में है। आलम ने यह टिप्पणी ऐसे समय पर की है जब दो दिन पहले ही बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी ने इस भित्ति चित्र को बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संप्रभुता को खतरा करार दिया था। मंत्री आलम ने कहा कि इस नक्शे को लेकर व्यापक स्तर पर गुस्सा है। आलम ने कहा कि हम भारत के विदेश मंत्रालय से सफाई मांग रहे हैं कि उनका आधिकारिक रुख क?या है। उधर अफगानिस्तान भी इस पर नाराज है। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने सफाई दी है कि यह कोई अखंड भारत का नक्शा नहीं बल्कि सम्राट अशोक के शासन का इलाका है। लेकिन विदेश मंत्रालय जो बात कह रहा है उससे तो और भी परेशानी खड़ी हो सकती है। क्योंकि अशोक साम्राज्य में बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल तो था ही, अफगानिस्तान भी था। लेकिन केरल और तमिलनाडु नहीं था। उस समय बौद्ध धर्म प्रभावी था, और सम्राट अशोक बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। उधर नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टाराई इस भित्तिचित्र को लेकर भारत को चेतावनी दी थी। इस नक्शे में नेपाल के लुंबिनी और कपिलवस्?तु को भी दिखाया गया है। इस सब पर भारत के विदेश मंत्रालय ने सफाई दी है कि यह भित्तिचित्र राजनीतिक वास्तविकता को नहीं बल्कि सांस्कृतिक विस्तार को दिखाता है। लेकिन यहाँ भी सवाल उठता है कि क्या भारत सरकार या भाजपा या उसकी जननी आरएसएस जो अखंड भारत वाला सांस्कृतिक विस्तार चाहता है, वह भी तो तभी होगा जब उन जगहों पर भारत का शासन होगा।द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश सरकार का भारत से जवाब मांगना, इस बात को दशार्ता है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार पर काफी ज्यादा दबाव है। वह भी ऐसे समय पर जब देश में बिजली संकट चल रहा है और यह संकट तब और ज्यादा बढ़ गया जब देश का सबसे बड़ा थर्मल पावर प्लांट सोमवार को बंद हो गया। बांग्लादेश ने डॉलर के संकट को देखते हुए विदेश से कोयला मंगाना बंद कर दिया है। डॉलर संकट और ज्यादा तब बढ़ गया है जब यूक्रेन संकट शुरू हुआ है। इसके अलावा बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था आयात पर निर्भर करती है।




### विक्की कौशल ने कटरीना को लेकर किया बड़ा खुलासा



**कटरीना** कैफ और विक्की कौशल बॉलीवुड के चर्चित कपल हैं। उन्होंने दिसंबर 2021 में शादी के बंधन में बंधने के साथ एक नई जिंदगी की शुरूआत की। इसी बीच विकी ने अपनी शादीशुदा जिंदगी से जुड़ा एक खुलासा किया है। विक्की ने कहा, सबसे मजेदार बात तब होती है जब कैटरीना हर हफ्ते स्टाफ मीटिंग करती हैं। वह पूरे स्टाफ को एक साथ बुलाती हैं और घर के बजट से लेकर हर चीज पर चर्चा करती हैं। पैसा कैसे और कहां खर्च किया जाता है, इस पर नजर रखती हैं। जब यह चर्चा होती है तो मुझे बहुत मजा आता है। मैं पॉपकॉर्न खाते हुए इस मुलाकात का आनंद लेता हूं। पिछले कुछ दिनों से कैटरीना के प्रेग्नेंट होने की चर्चा चल रही थी। हालांकि, विक्की कौशल की टीम ने इन चचाओं पर चुप्पी साधते हुए सफाई दी कि ये सभी चचाएं सिर्फ अफवाहें हैं।

### रसिका दुगल ने शुरू की नई वेब सीरीज की शूटिंग



**एक्ट्रेस** रसिका दुगल ने राजस्थान के झीलों के शहर उदयपुर में एक रोमांचक नई वेब सीरीज की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रोजेक्ट डिटेल्स को गुप्त रखा गया है, सूत्रों ने खुलासा किया है कि यह एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस द्वारा उच्च अपेक्षित प्रोडक्शन है। रसिका मुख्य किरदारों में से एक की भूमिका निभाएंगी। रसिका ने पहला शेड्यूल शुरू करने के लिए जून के पहले सप्ताह में उदयपुर के लिए फ्लाइट से उड़ान भरी थी, जो जुलाई के पहले सप्ताह तक चलेगा। इसके बाद, शूटिंग अगस्त में दूसरे शेड्यूल के लिए मुंबई जाएंगी। रसिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए प्रयास के लिए अपना उत्साह साझा किया, जहां उन्होंने एक शानदार पृष्ठभूमि के साथ स्क्रिप्ट पढ़ते हुए एक तस्वीर पोस्ट की।